राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 326
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
मंगलवार 07 जून 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता और केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी की उपस्थिति में विशाल जनसैलाब के साथ राजेश भाटिया ने किया

पेज 5 तंजीन नहीं लड़ेंगी रामपुर से लोकसभा का उपचुनाव, आजम खान ने किया प्रत्याशी के नाम का ऐलान

पेज 7 नाइजीरिया, मोरक्को और तंजानिया ने अंडर-17 महिला विश्व कप का लाइनअप पूरा किया

## हिंदी तमिलों को शूद्र बना देगी

### डीएमके सांसद ने कहा- एमपी, यूपी और बिहार इसी वजह से पिछड़े, इससे अच्छी तो स्थानीय भाषा

एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के एक सांसद ने हिन्दी को लेकर विवादित बयान दिया है। सत्तारूढ़ DMK के सांसद और राज्यसभा सदस्य टीके एलंगोवन ने कहा कि हिन्दी तमिलों को शूद्र बना देगी। हिन्दी केवल शूद्रों के लिए बनी है।

उन्होंने दावा किया कि देश के जिन राज्यों में भी हिंदी बोली गई वो कभी भी विकसित नहीं हुए। जबकि मातृभाषा की जगह स्थानीय भाषा बोलने वाले राज्य इनसे बेहतर हैं।

एलंगोवन ने आगे कहा कि हिंदी क्या करेगी? हमें शूद्र ही बनाएगी। इससे हमें कोई फायदा नहीं होगा। तमिल गौरव 2000 साल पुराना है। इसकी संस्कृति समानता वाली है। वे संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। अगर हमने इसे अपना लिया तो हम गुलाम और शूद्र होंगे।



#### अमित शाह के भाषण का किया विरोध

एलंगोवन ने अप्रैल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एक भाषण का भी विरोध किया। शाह ने नई दिल्ली में संसदीय राजभाषा समिति की 37वीं बैठक के दौरान कहा था कि हिंदी को अंग्रेजी के विकल्प के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए न कि स्थानीय भाषाओं के लिए।

#### इन राज्यों को बताया विकसित

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात मे हिंदी नहीं बोली जाती है। तो क्या ये राज्य विकसित नहीं हुए? DMK सांसद ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान को लेकर कहा कि इन सभी राज्यों की मातृभाषा हिंदी है, तभी ये राज्य अविकसित हैं।

#### DMK 1960 से कर रही हिन्दी का विरोध

तमिलनाडु में हिंदी बोलना एक संवेदनशील विषय है। छ्रख्ब ने 1960 में जनता का समर्थन जुटाने के लिए इस मुद्दे का इस्तेमाल किया था। राज्य सरकार ने यह भी आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में हिंदी को लागू किया गया है। राज्य ने यह स्पष्ट कर दिया है कि तमिलनाडु केवल अपने दो भाषा फार्मूले, तमिल और अंग्रेजी का पालन करेगा, जो दशकों से राज्य में चला आ रहा है।

#### हिन्दी पर बॉलीवुड और साउथ में भी तकरार

इससे पहले कन्नड़ फिल्मों के सुपर स्टार किच्चा सुदीप ने भी हिन्दी को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों के परफॉर्मेंस को लेकर कहा था कि हिंदी अब राष्ट्र भाषा नहीं रही है। बॉलीवुड पैन इंडिया फिल्में बनाने में स्ट्रगल कर रहा है, जबकि साउथ इंडस्ट्री पहले से सफल रही है।

इस पर बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन ने पलटवार करते हुए कहा था कि हिंदी राष्ट्रभाषा थी, है और रहेगी। दरअसल, उन्होंने यह बयान चत्नस्न–2 की सक्सेस पर दिया है। 14 अप्रैल को रिलीज हुई यह फिल्म साउथ समेत हिंदी बॉक्स ऑफिस पर कमाई के सारे रिकॉर्ड्स तोड़ रही है। फिल्म ने 11 दिन में हिंदी बेल्ट में 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की है।

## लगातार चौथे दिन 4 हजार नए केस, 7 मरीजों की मौत

### केरल में पॉजिटिविटी रेट पहुंचा 9.87 प्रतिशत

नई दिल्ली। भारत में कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते 4 दिनों से लगातार यहां 4 हजार कोरोना केस सामने आ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में देश में 4,489 नए केस दर्ज किए गए। इससे पहले 2 जून को देश में 4 हजार से ज्यादा नए केस सामने आए थे। 3 जून को 3,945 नए मामले और 4 जून को 4,257 केस आए थे। देश में पॉजिटिविटी रेट 1.03त्न हो गया है।

#### कोरोना से मरने वालों की संख्या में कमी आई

अच्छी बात यह है कि कोरोना का इलाज करवा रहे 2,776 लोगों की



रिपोर्ट निगेटिव आ गई। फिलहाल देश में कोरोना के एक्टिव केस 24,397 हैं। कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या में भी कमी देखने को मिल रही है। 2 जून को देश में 10 मरीजों की मौत हुई थी, 3 जून को 25 और 4 जून को 15 मौतें दर्ज की गई थीं। बीते दिन देश में कोरोना के 7 मरीजों की मौत हो गई। अब तक देश में कोरोना महामारी से 4.31 करोड़ लोग कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 4.26 करोड़ ठीक हुए, जबकि 5.24 लाख लोगों ने जान गंवाई।

#### केरल में डरा रहा पॉजिटिविटी रेट

अगर राज्यों में कोरोना के मामलों की बात करें तो केरल में सबसे ज्यादा 1,544 नए केस सामने आए, जबकि 4 मरीजों की मौत हो गई। राज्य में पॉजिटिविटी रेट 9.87त्न है। महाराष्ट्र में 1,494 मामले सामने आए और 1 मरीज की मौत हो गई। वहीं दिल्ली में 343 नए केस और उत्तर प्रदेश में कोरोना के 125 मामले दर्ज किए गए।

## तमिलनाडु : डैम में नहाते समय डूबीं 7 लड़कियां, सभी की मौत

कुड्डालोर। डैम में नहाने के दौरान डूबने से 7 लड़कियों की मौत हो जाने की खबर है। घटना की जानकारी मिलते ही फायर एंड रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। आगे की जांच जारी है। यह पूरा घटना तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के गादीलम नदी पर बने एक चेक डैम का है।

#### सीएम ने 5-5 लाख रुपये अनुग्रह राशि की घोषणा की

इस घटना पर तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने अपनी संवेदना व्यक्त की। इसके साथ ही उन्होंने गाडिलम नदी पर एक चेक डैम में डूबने वाले बच्चों सहित 7 लोगों के परिवारों के



लिए 5-5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। पुलिस ने बताया कि कुड्डालोर जिले के गादीलम नदी के पड़ोसी गांवों की लड़कियों का एक समूह रविवार को नदी में स्नान करने आया था। पानी का तेज बहाव के कारण अचानक स्थिति बिगड़ गई, जिसके कारण पानी से खुद के बचाव के जद्दोजहद में 7 लोगों नदी में डूब गए। कुड्डालोर जिले में दमकल और बचावकर्मी मौके पर पहुंचे। लेकिन दुर्भाग्यवश लड़कियों को बचाने की कोशिश में नाकाम रहे। पुलिस ने घटना की सूचना देते हुए बताया कि बाद में शवों को निकाल लिया गया।

#### पीएम मोदी शोक व्यक्त किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के कुड्डालोर में चेक-डैम में नहाने गयी बालिकाओं के डूबने की घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। इस दुर्घटना पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को ट्वीट किया, "तमिलनाडु के कुड्डालोर में बच्चों के डूबने से दःखी हूँ। दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं।

## ऑपरेशन ब्लू स्टार की 38वीं बरसी : खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे

### जत्थेदार ने शूटिंग रेंज बनाने और मॉडर्न हथियारों की ट्रेनिंग का संदेश दिया

अमृतसर। ऑपरेशन ब्लू स्टार की 38वीं बरसी के मौके पर श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने सिखों को गतका के अलावा मॉडर्न हथियारों की ट्रेनिंग देने का संदेश दिया है। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि धन गुरु अंगद देव जी महाराज ने माला साहिब में गतका अखाड़े तैयार किए थे। ऐसा कहने में हर्ज नहीं है कि अब सिखों को भी मॉडर्न हथियारों के अखाड़े, जिन्हें शूटिंग रेंज कहते हैं, भी तैयार किए जाएं। यह समय की जरूरत है। इसी दौरान श्री अकाल तख्त साहिब के बाहर जोर-जोर से खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे और पंजाब को खालिस्तान बनाने की भी मांग उठी। ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी पर श्री अकाल तख्त साहिब पर चल रहे




अखंड पाठ का भोग डाला गया। इसके उपरांत श्री अकाल तख्त साहिब पर ब्लू स्टार ऑपरेशन के दौरान मारे गए सिखों के परिवारों को सम्मानित किया गया। इसके बाद एक तरफ श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार संदेश दे रहे थे, वहीं दूसरी तरफ खालिस्तान के नारे लगने शुरू हो गए। श्री अकाल तख्त साहिब के नीचे एकत्रित सिखों ने पंजाब को खालिस्तान बनाने की मांग रखी। इस दौरान सरबत खालसा की तरफ से चुने गए जत्थेदार ध्यान सिंह मंड ने भी अपना संदेश सिख संगत को दिया। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने अपने संदेश में ईसाई प्रचार पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि गांवों में ईसाई धर्म प्रचार में जुटा हुआ है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने सिख प्रचार कमेटियों व संस्थाओं को गांवों व खासकर बॉर्डर एरिया में जाकर सिख धर्म का प्रचार करने की बात कही। उनका कहना था कि सिखों का धर्म में मजबूत होना बहुत जरूरी है। अगर सिख धर्म मजबूत होगा तो वह आर्थिक व सामाजिक तौर पर भी मजबूत हो जाएंगे। इन तीनों में मजबूत हुए तो राजनीतिक तौर पर भी मजबूत होने में कोई नहीं रोक सकता।

#### जत्थेदार को बदलने की मांग

गर्मख्याली, पूर्व सांसद व अकाली दल अमृतसर के मुखी सिमरनजीत सिंह मान ने इस दौरान श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार की जगह जेल में बंद जगतार सिंह हवारा को जत्थेदार बनाने की मांग की। वहीं SGPC प्रधान और दमदमी टकसाल के मुखियों को भी बदलने की मांग कर दी है।

#### जत्थेदार मंड ने सिखों के पलायन पर चिंता जताई

सरबत खालसा की तरफ से चुने गए जत्थेदार ज्ञानी ध्यान सिंह मंड ने सिखों के पलायन पर चिंता व्यक्त की। उनका कहना था कि पंजाब पर चारों तरफ से हो रहा हमला चिंता का विषय है। इस कारण ही सिख विदेशी धरती पर जा रहे हैं, जो यहां हैं, वे नशे की भेंट चढ़ रहे हैं। इतना ही नहीं, सिद्धू मूसेवाला जैसे लोग नस्लकुशी की भेंट चढ़ रहे हैं।

## बिहार के सरगना ने बना ली साइबर ठगों की फौज

### देशभर में 200 लोग करते फ्रॉड, हर महीने सैलरी; खुद ने की हैं 3 शादियां

मुजफ्फरपुर। एटीएम फ्रॉड करने वाली गैंग के सरगना पंकज सहनी और उसके साथी विकास सहनी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पंकज साइबर फ्रॉड को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह चलाता है। गैंग में काम करने वालों को हर महीने एक तय सैलरी दी जाती है। इस कंपनी में 200 लोग काम करते हैं, जिन्हें पंकज ने ट्रेंड किया है। पंकज खुद करोड़पति है और उसने तीन शादियां की हैं।

मुजफ्फरपुर जिले में मीनापुर प्रखंड के पानापुर ओपी के कांटी मधुबन निवासी पंकज सहनी ने एलएस कॉलेज से फिजिक्स में 2013 में ऑनर्स किया था। पंकज के पिता जेडीयू के प्रखंड अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि मां पंचायत समिति सदस्य। वह कॉलेज के समय से ही फ्रॉड करने लगा



था। उसने एक कंपनी बनाई, नाम दिया- पीबीएम यानी पंकज बिजनेस मैनेजमेंट कंपनी। इस कंपनी का काम है एटीएम क्लोन तैयार कर लोगों को लूटना। इस समय 200 से ज्यादा एक्टिव मेंबर हैं।

इसके लिए युवाओं को खुद पंकज ने ट्रेनिंग दी है। सबको काम के हिसाब से सैलरी देता है। पंकज और इससे जुड़े लोगों पर कई मामले दर्ज हो चुके हैं, लेकिन काम प्रभावित नहीं होता। वह जेल में भी रहता है तब भी कारोबार चलता रहता है। यह गैंग मुख्य रूप से उत्तर बिहार के साथ नॉर्थ ईस्ट के राज्यों और हिमाचल प्रदेश में काम कर रही है। पंकज 12 साल से यह काम कर रहा है। उसने फ्रॉड की राशि से गांव और मुजफ्फरपुर शहर में शानदार मकान बनवाया है। स्कॉर्पियो ली है। उसने तीन शादियां की है। पिछले साल उसके घर पर पुलिस ने छापा मारा था। घर से 34 लाख कैश और कारबाइन मिली थी। पंकज पर आरोप है कि मीनापुर के उप प्रमुख रंजन सिंह की हत्या की सुपारी दी थी।

#### गांव को साइबर फ्रॉड की नर्सरी बना दी

यह गांव कभी मेहनतकशों और सब्जी उत्पादक के रूप में जाना जाता था। सब्जी की खेती आज भी खूब होती है, लेकिन अब यह गांव सब्जी की जगह साइबर फ्रॉड की नर्सरी के रूप में कुख्यात हो गया है। इस गांव के अधिकतर युवाओं का मुख्य पेशा एटीएम फ्रॉड करना है। एटीएम फ्रॉड से इस गांव के युवाओं ने बड़ी संपत्ति खड़ी कर ली है। गांव के पंकज सहनी, सुमित, अमित, धर्मनाथ समेत 15 युवा एटीएम फ्रॉड गिरोह के नामजद आरोपित हैं। ये युवा मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, छपरा, सीवान, पटना, दरभंगा समेत दूसरे राज्यों की पुलिस के लिए वांटेड हैं। हर माह गांव की नाकेबंदी करके छापेमारी की जाती है।

पंकज सहनी अपने गिरोह का नाम पीबीएम (पंकज बिजनेस मैनेजमेंट) रखा है। गिरोह के लड़कों को पंकज और नीरज मिलकर ट्रेनिंग देते हैं। नीरज पहले एटीएम में कैश लोडिंग एजेंसी से जुड़ा था। उसे सिस्टम की पूरी जानकारी है। पिछले साल गिरफ्तारी के बाद सरगना पंकज ने बताया था कि उसके गिरोह में कांटी मधुबन व मीनापुर इलाके के 200 से अधिक लड़के हैं।

#### पुलिस को बताया 60 गुर्गों का नाम

मुजफ्फरपुर पुलिस ने शनिवार को साइबर फ्रॉड गैंग के सरगना पंकज सहनी और उसके साथी विकास सहनी को दबोच लिया है। उसके पास से भारी मात्रा में एटीएम कार्ड बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में उसने गैंग में शामिल 60 शातिर अपराधियों के नाम बताए हैं। पंकज सहनी से एसएसपी जयंत कांत, डीएसपी पूर्वी मनोज कुमार पांडेय और कई पुलिस अधिकारी अलग-अलग पूछताछ कर रहे हैं।

## पैगंबर मोहम्मद के अपमान के बाद दुनियाभर की सरकारों ने जताया विरोध

एजेंसी

नयी दिल्ली। कुवैत, कतर और ईरान के विरोध के एक दिन बाद अब बहरीन, सऊदी अरब, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) और मिस्त्र के काहिरा की अल-अज़हर मस्जिद ने भी पैगंबर मोहम्मद पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पदाधिकारियों की आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भारत की निंदा की है।

बहरीन साम्राज्य ने एक बयान में कहा कि वे पवित्र पैगंबर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के कारण अपनी प्रवक्ता को निलंबित करने के भारतीय जनता पार्टी के फैसले का स्वागत करते हैं।

बहरीन के विदेश मंत्रालय ने सभी धार्मिक विश्वासों, प्रतीकों और व्यक्तित्वों का सम्मान करने और धर्मों और सभ्यताओं के बीच संयम, सहिष्णुता और संवाद के मूल्यों को बरकरार रखने पर बल दिया। साथ ही मंत्रालय ने देशद्रोह और धार्मिक, सांप्रदायिक, या नस्लीय घृणा को बढ़ावा देने वाले चरमपंथी विचारों का सामना करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के ठोस प्रयासों के महत्व पर बल दिया।

सऊदी अरब ने पैगंबर मुहम्मद का अपमान करने वाले भाजपा के प्रवक्ता के बयानों की निंदा की और 'इस्लाम धर्म के प्रतीकों के किसी भी अपमान की स्थायी अस्वीकृति' पर ज़ोर दिया।

सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि वह धार्मिक शख्सियतों और प्रतीकों के लिए अपमानजनक चीज़ों को खारिज करता है। मंत्रालय ने प्रवक्ता को निलंबित करने के भाजपा के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सऊदी अरब सभी धर्मों का सम्मान करता है।

इसी बीच, काहिरा में अल-अजहर मस्जिद ने भारत की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता द्वारा पैगंबर मोहम्मद का अपमान करने वाले बयानों की कड़ी निंदा की।

अल-अज़हर मस्जिद ने एक बयान में इस तरह के व्यवहार को 'एक वास्तविक आतंकवादी कार्रवाई' बताते हुए कहा कि ऐसी चीज़ें पूरी दुनिया को विनाशकारी संकटों और खूनी युद्धों में धकेलने का काम करती हैं।

अल-अज़हर ने विश्व समुदाय से इस तरह के खतरों को मजबूती से दूर करने का आह्वान किया।

## जल्द मिलेगी 100 और मोहल्ला क्लीनिकों की सौगात: सिसोदिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली वालों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सरकार आने वाले दिनों में दिल्ली में 100 नए मोहल्ला क्लिनिक शुरू करने जा रही है।

इन मोहल्ला क्लीनिकों का निर्माण कार्य अपने अंतिम दौर में चल रहा है। इस बाबत सोमवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने स्वास्थ्य विभाग व पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन क्लीनिकों की



शुरुआत जल्द से जल्द की जाए, जिससे कि आम जनता इसका लाभ उठा सकें। सिसोदिया ने स्वास्थ्य विभाग व पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों के साथ सोमवार को बैठक की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन क्लीनिकों की शुरुआत जल्द से जल्द की जाए ताकि आम जनता इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली का मोहल्ला क्लीनिक मॉडल देश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणाली का शानदार व अनूठा मॉडल है। उन्होंने कहा कि हर दिल्लीवासियों तक प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं की आसानी से पहुंच हो, इसलिए हम जल्द ही 100 नए मोहल्ला क्लीनिक शुरू करने जा रहे है। इन क्लीनिकों का निर्माण कार्य अपने अंतिम दौर में चल रहा है और जल्द ही ये आम जनता के लिए पूरी तरह से उपलब्ध हो जाएंगे।

मूसेवाला हत्याकांड

### पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र के 8 शूटर्स की भी पहचान; सभी लॉरेंस गैंग से जुड़े

## मूसेवाला की रेकी करने वाला अरेस्ट : बदमाश केकड़ा गिरफ्तार

चंडीगढ़। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में बड़ा खुलासा हुआ है। पंजाब पुलिस ने 8 शार्प शूटर्स की पहचान कर ली है। ये पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। सभी शार्प शूटर्स गैंगस्टर लॉरेंस गैंग के हैं। पंजाब पुलिस को शक है कि इन्हीं ने 29 मई को मानसा में पंजाबी सिंगर की गोली मारकर हत्या की थी।

इस बीच, पंजाब पुलिस ने मानसा से केकड़ा नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है। इसी ने फैन बनकर मूसेवाला की रेकी की थी। उसने ही शार्प शूटर्स को मूसेवाला की मूवमेंट की खबर दी थी। इधर, बाकी शूटर्स की पहचान होने के बाद अब इन 4 राज्यों की पुलिस इनकी तलाश में जुट गई है। इन्हें हथियार और गाड़ियां देने वाले, हत्या से पहले रुकने के लिए इन्हें ठिकाना उपलब्ध कराने वालों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है।

#### फैन बनकर की गई थी मूसेवाला की रेकी

पंजाब पुलिस ने रेकी करने वाले जिस केकड़ा नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है, वह सिरसा के कालियांवाली का रहने वाला है। वह अपने एक दोस्त के साथ फैन बनकर मूसेवाला के घर गया था। उसने वहां चाय पी और बाद सेल्फी भी ली। केकड़ा ने ही हत्यारों को बताया कि मूसेवाला थार जीप में जा रहे हैं। वे गनमैन और बुलेट प्रूफ फॉर्च्यूनर भी नहीं लेकर गए हैं। इसके बाद थोड़ी दूरी पर पहुंचते ही मूसेवाला की हत्या कर दी गई।

#### मूसेवाला हत्याकांड में ये 8 शूटर्स शामिल

पंजाब पुलिस के मुताबिक, मूसेवाला हत्याकांड में पंजाब के तरनतारन जगरूप सिंह रूपा और मनप्रीत मन्नू, हरियाणा के सोनीपत का प्रियवर्त फौजी और मनप्रीत भोलू, महाराष्ट्र के पुणे का रहने वाला संतोष जाधव और सौरव महाकाल, राजस्थान के सीकर का सुभाष बानूड़ा, पंजाब के बठिंडा का हरकमल सिंह रानू शामिल थे।

पुलिस के मुताबिक मूसेवाला की हत्या से 3 दिन पहले यह सब कोटकपूरा हाइवे पर इकट्ठा हुए थे। इसके बाद यह कहां रुके, इसके बारे में पुलिस जांच कर रही है। इसके पीछे 2 और लोगों की भूमिका सामने आ रही है।

#### मूसेवाला हत्याकांड का मास्टरमाइंड सचिन बिश्नोई

पंजाब पुलिस ने सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मास्टरमाइंड सचिन बिश्नोई को माना है। पुलिस का कहना है कि मूसेवाला की हत्या की पूरी साजिश सचिन ने ही रची। उसी ने शार्प शूटर्स हायर कर मूसेवाला के हत्याकांड को अंजाम दिया। सचिन तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस का भांजा है।

उसने एक टीवी चैनल को कॉल कर हत्या की बात कबूली थी। सचिन ने कहा था कि मैंने खुद मूसेवाला को गोलियां मारी। उसका नाम लॉरेंस के करीबी विक्की मिड्डूखेड़ा के कत्ल में सामने आया था। मिड्डूखेड़ा का मोहाली में कत्ल हुआ था। पुलिस ने उसकी आवाज की जांच भी की थी, जिसमें उसकी पुष्टि हुई कि वह सचिन बिश्नोई ही था।

## शार्ट न्यूज

### पीएम मोदी ने जारी की नये सिक्कों की सीरीज, दृष्टिहीन भी आसानी से पहचान सकेंगे



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सिक्कों की एक नई सीरीज जारी की, जो दृष्टिहीनों के लिहाज से भी बनाई गई हैं। ये सिक्के 1 रुपये, 2 रुपये, 5 रुपये, 10 रुपये और 20 रुपये मूल्यवर्ग के हैं और इस पर आजादी के अमृत महोत्सव (एकेएएम) का डिजाइन बना है। ये विशेष रूप से जारी किए सिक्के नहीं है, बल्कि आम चलन में बने रहेंगे। मोदी ने वित्त मंत्रालय के आइकॉनिक सप्ताह समारोह को संबोधित करते हुए कहा, सिक्कों की ये नयी श्रृंखला लोगों को अमृत काल के लक्ष्य की याद दिलाएगी और लोगों को देश के विकास की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया के एक बड़े हिस्से को भारत से समस्याओं के समाधान की अपेक्षा है। ये इसलिए संभव हो रहा है क्योंकि बीते 8 सालों में हमने हर भारतीय के विवेक पर भरोसा किया। हमने जनता को ग्रोथ में इंटेलिजेंट के रूप में प्रोत्साहित किया। हमें देश की जनता पर पूरा विश्वास है। इस मौके पर मोदी ने जन समर्थ पोर्टल की शुरुआत भी की, जो 12 सरकारी योजनाओं का क्रेडिट-लिंक्ड पोर्टल है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इनमें से प्रत्येक योजना को पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा, इस पोर्टल से सहूलियत बढ़ेगी और नागरिकों को सरकारी कार्यक्रम का लाभ उठाने के लिए हर बार एक ही सवाल पूछना नहीं पड़ेगा।

### जम्मू कश्मीर : वासुकी नाग मंदिर में तोड़फोड़, विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन

डोडा। जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले में स्थित एक मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। इस घटना के विरोध में वहां संबंधित समुदाय के लोगों द्वारा प्रदर्शन भी किया जा रहा है। यह सब तब हुआ जब सुबह मंदिर के पुजारी ने पाया कि मंदिर में मौजूद मूर्ति को तोड़ दिया गया, साथ ही वहां खिड़की और दरवाजों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। फिलहाल घटना के बाद इलाके में पुलिस की तैनाती की गई है। दरअसल, यह घटना जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के भदरवाह में बने प्राचीन वासुकी नाग मंदिर की है। भदरवाह को भद्रकाशी भी कहा जाता है। यहां रविवार रात वासुकी नाग मंदिर में तोड़फोड़ की गई। सुबह पुजारी के पहुंचने पर घटना का पता चला। जब पुजारी मंदिर पहुंचे तो दरवाजे, खिड़कियां टूटे मिले। मूर्तियां खंडित थीं और नीचे पत्थर पड़े थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जैसे ही इस घटना के बारे में आसपास के लोगों को पता चल, वहां भीड़ इकठ्ठा हो गई। इतना ही नहीं कुछ हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उन्होंने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस का कहना है कि वासुकी नाग मंदिर में तोड़फोड़ की एक फोटो सामने आई है। बता दें कि इस मंदिर में स्थापित भगवान वासुकी को नागों का राजा माना जाता है। यही वजह है कि इस मंदिर में लोगों की गहरी आस्था है। जम्मू से करीब 185 किलोमीटर की दूरी पर डोडा के भद्रवाह में यह प्राचीन वासुकी नाग मंदिर है। भद्रवाह को भद्रकाशी के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर में लगी भगवान की मूर्तियों को एक काले पत्थर से तराशा गया है। कहा जाता है कि नाग पंचमी के दिन इस मंदिर में दर्शन करने से कालसर्प दोष दूर हो जाता है। फिलहाल इस तोड़फोड़ के विरोध में वहां विरोध प्रदर्शन जारी है। हिंदू संगठनों के आह्वान पर लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़कों पर टायर जलाए जा रहे हैं। लोगों ने जमकर नारेबाजी की है और मंदिर को निशाना बनाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

### जम्मू में श्रमिकों को सुरक्षा न देने के आऱोप में ईंट भट्ठे का मालिक गिरफ्तार

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बडगाम जिले में एक ईंट भट्ठा मालिक को कथित लापरवाही और प्रशासनिक आदेशों का पालन न करने के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि छतरगाम के मोहम्मद यूसुफ मीर को उनके भट्ठे पर काम करने वाले श्रमिकों को सुरक्षा न देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि बडगाम जिला के माग्रेपोरा गांव में दो जून को मीर के स्वामित्व वाले ईंट भट्ठे में काम कर रहे दो मजदूरों पर हमलावरों ने गोलीबारी की थी, जिसमें दो श्रमिक घायल हो गए थे इन घायलों में से बिहार के दिलखुश कुमार नाम के एक श्रमिक की मौत हो गयी। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि सभी ईंट भट्ठा मालिकों और प्रबंधकों को सलाह दी गयी थी कि वे अपनी इकाइयों में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें। इसके बाद भी मीर के अपने भट्ठे पर काम कर रहे श्रमिकों को सुरक्षा देने में लापरवाही करने से दो श्रमिकों की मौत हो गयी, जिसके आऱोप में उसको गिरफ्तार किया गया।

### जम्मू के कॉलेजों में गर्मी की छुट्टियां 10 जून से

जम्मू। जम्मू और कश्मीर में उच्च शिक्षा विभाग ने सोमवार को जम्मू संभाग के समर जोन में स्थित सभी सरकारी डिग्री कॉलेजों में 10 जून से गर्मी की छुट्टियों का ऐलान किया है। जारी अधिसूचना के मुताबिक, उच्च शिक्षा विभाग ने 10 जून से जम्मू संभाग के सभी डिग्री कॉलेजों में गर्मी की छुट्टियों का ऐलान किया है। उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव रोहित कंसल द्वारा जारी आदेश में कहा गया,यह आदेश जारी किया जाता है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में जम्मू संभाग के समर जोन में गर्मी की छुट्टियां 10 से 30 जून तक की होगी। इससे पहले सरकार ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों के लिए 23 मई से 30 जून तक गर्मी की छुट्टियों का ऐलान किया था।

### त्रिपुरा उपचुनाव में साहा समेत विभिन्न दलों के उम्मीदवारों ने किया नामांकन



अगरतला। त्रिपुरा में अगरतला शहर के बारडोली निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा और अगरतला निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी उपाध्यक्ष डॉ अशोक सिन्हा तथा कांग्रेस के दिग्गज नेता आशीष साहा और पूर्व मंत्री सुदीप रॉय बर्मन ने उपचुनाव के लिए सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया है। नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भाजपा की ओर से दो और कांग्रेस की ओर से एक रैली निकाली गयी। रैली अनुमंडल मजिस्ट्रेट (दंडाधिकारी) कार्यालय पहुंची। तीनों रैलियां में एक रैली कांग्रेस और दौ रेली भाजपा की थी। सभी रैलियों में संबंधित दलों के समर्थकों ने भाग लिया और रैलियां कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक आयोजित की गयी। नामांकन दाखिल करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ साहा ने कहा, हम उन सभी सीटों पर जीत के बारे में आश्वस्त हैं जहां आगामी 23 जून को उपचुनाव होने वाले हैं। मेरा मानना है कि लोग भाजपा शासन में पिछले चार वर्षों में की गई विकास से अच्छी तरह वाकिफ हैं। भाजपा-आईपीएफटी सरकार के तहत कई अच्छी चीजें हैं जिसका त्रिपुरा के लोगों को लंबे समय से इंतजार थे, लेकिन इसके अलावा कई योजनाएं कतार में हैं।

# पंजाब सरकार के दूध के दांत भी नहीं टूटे, बच्चा पार्टी है ये... इसे मुद्दों की समझ नही : अनिल विज

चंडीगढ़। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने शनिवार को पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधा। विज ने कहा कि पंजाब में जो सरकार आई है... ये बच्चा पार्टी है। इन्हें मुद्दों की पूरी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, अभी पंजाब सरकार के दूध के दांत भी नहीं टूटे हैं। इस पार्टी का जन्म धोखे से हुआ है। अन्ना हजारे के आंदोलन में कहीं भी ये एजेंडा नहीं था कि राजनीतिक पार्टी बनाई जाएगी। दरअसल, पंजाब विधानसभा में चंडीगढ़ को तत्काल राज्य को हस्तांतरित करने की मांग करने वाला प्रस्ताव शुक्रवार को पारित हुआ था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अनिल विज ने कहा कि चंडीगढ़ का मुद्दा है, लेकिन यह अकेला मुद्दा नहीं है। इसके साथ स्ड्डरुके जल का मुद्दा भी है, हिंदी भाषी क्षेत्र के मुद्दे हैं तो इन सबका फैसला होगा... किसी एक का नहीं।

#### चंडीगढ़ पर पंजाब सरकार ने ठोंका अपना दावा

प्रस्ताव में कहा गया है, पंजाब पुनर्गठन कानून, 1966 के जरिए पंजाब का पुनर्गठन किया गया, जिसमें पंजाब राज्य का, हरियाणा राज्य, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में पुनर्गठन किया गया और पंजाब के कुछ हिस्से तत्कालीन केंद्र शासित प्रदेश हिमाचल प्रदेश को दे दिए गए। तब से पंजाब और हरियाणा राज्य के उम्मीदवारों को कुछ अनुपात में प्रबंधन पदों को देकर साझा संपत्तियों जैसे कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के प्रशासन, में संतुलन रखा गया। हाल के अपने कई कदमों से केंद्र सरकार इस संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश कर रही है।



#### हत्या के एक सप्ताह बाद गायक सिद्धू मूसेवाला के गांव जाएंगे राहुल गांधी

इसमें कहा गया है, हाल में केंद्र सरकार ने बाहर के अधिकारियों को चंडीगढ़ में तैनात किया और चंडीगढ़ प्रशासन के कर्मचारियों के लिए केंद्रीय सिविल सेवा नियम लागू किए, जो पूर्व में बनी सहमति के बिल्कुल खिलाफ है। चंडीगढ़ शहर को पंजाब की राजधानी के तौर पर बनाया गया।

पूर्व में जब भी किसी राज्य को विभाजित किया गया तो राजधानी मूल राज्य के पास रही है। इसलिए पंजाब चंडीगढ़ को पूरी तरह पंजाब को हस्तांतरित करने के लिए अपना दावा पेश कर रहा है।

# सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड : कांग्रेस ने फिर उठाई जांच की मांग, परिवार से मिले सचिन पायलट

चंडीगढ़। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने सोमवार को पंजाबी गायक शुभदीप सिंह सिद्धू उर्फ सिद्धू मूसेवाला के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने सरकार से सिंगर की मौत की जांच कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाए हैं कि राज्य में माफिया और अपराधी पैर जमाते जा रहे हैं। मूसेवाला की 29 मई को जवाहर के गांव में गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। खबर है कि पुलिस ने मामले में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। मानसा पहुंचे पायलट ने कहा, ऐसी घटना लोगों के बीच डर पैदा करने के लिए की गई है। ड्रग माफिया, आतंकवादी, गैंगस्टर्स (पंजाब में) पैर



जमा रहे हैं... केंद्र और राज्य को इसकी (सिद्धू मूसेवाला की मौत) जांच करनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने मूसेवाला के परिवार से मुलाकात के बाद कहा, यह दुखद है कि कैसे हमारे नेता को मार दिया गया। राज्य में लगातार दहशत का माहौल बनाया जा रहा है... केंद्र और राज्य सरकार को इसकी जांच करनी चाहिए और कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

#### पुलिस ने हरियाणा से तीसरे संदिग्ध को पकड़ा

भाषा के अनुसार, पंजाब पुलिस ने मूसेवाला की हत्या के संबंध में एक और व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस ने इस मामले में अब तक तीन संदिग्धों को पकड़ा है। दविंदर उर्फ काला हरियाणा के फतेहाबाद से रविवार शाम पकड़ा गया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि हत्या में शामिल दो संदिग्ध कथित रूप से काला के साथ थे। पंजाब पुलिस ने तीन जून को फतेहाबाद से दो संदिग्धों को पकड़ा था और मूसेवाला की हत्या में उनकी भूमिका की जांच की जा रही है।

#### कांग्रेस ने की है सीबीआई या एनआईए जांच की मांग

गुरुवार को पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष राजा अमरिंदर सिंह वाडिंग के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से मुलाकात की थी। उस दौरान नेताओं ने हत्या के मामले की जांच सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन या नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी से कराने की मांग की थी। मंडल में प्रताप सिंह बाजवा, भारत भूषण आशु, डॉक्टर राजकुमार छब्बेवाल, सुखजिंदर रंधावा और बलबीर सिद्धू शामिल थे।

# हत्याकांड के आरोपियों को पनाह देने के आरोप में देवेंद्र काला गिरफ्तार

सिरसा। प्रसिद्ध पंजाबी गायक शुभदीप उर्फ सिद्धू मूसेवाला हत्या मामले में पंजाब की मोगा जिला पुलिस ने दूसरी बार हरियाणा के फतेहाबाद जिले के गांव मुस्सावाली से देवेंद्र काला को हिरासत में लिया है। काला पर इस हत्याकांड के आरोपियों को पनाह देने के साक्ष्य पुलिस के हाथ लगे हैं। काला वर्ष 2021 में फिरोजपुर जेल में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्यों के सम्पर्क में आया था जिसके बाद इनमें दोस्ती हो गई। पुलिस के अनुसार काला पर पंजाब के फिरोजपुर सहित विभिन्न थानों में मादक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत छह मामले दर्ज हैं। काला पंजाब पुलिस का भगोड़ा है।

पुलिस के अनुसार पंजाब के मोगा पुलिस की एक टीम ने इंस्पेक्टर कीकर सिंह की अगवुाई में कल देर रात गांव मुस्सावाली में दबिश देकर काला को दबोच लिया। काला पर आरोप है कि उसने इस हत्याकांड में प्रयुक्त हुई बोलेरो जीप को ड्राइव किया। देवेंद्र ने पंजाब के केशव और चरणजीत नामक बदमाशों को 16 और 17 मई को अपने आवास पर न केवल खाना खिलाया बल्कि ठहराव भी दिया। इस सिलसिले में दो रोज पहले पंजाब पुलिस फतेहाबाद से पवन बिश्नोई और नसीब को हिरासत में ले चुकी है।

पुलिस के मुताबिक बोलेरो जीप को केशव और चरणजीत ही नसीब से लेकर गए थे,नसीब यह जीप पड़ोसी प्रांत राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के कस्बा रावतसर से लेकर आया था।

# मूसेवाला हत्या : आरोपियों को पनाह देने वाला गिरफ्तार, राहुल आएंगे मानसा

**एजेंसी**

सिरसा। दिवंगत कांग्रेस नेता एवं पंजाबी गायक शुभदीप उर्फ सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में पंजाब पुलिस ने हरियाणा के फतेहाबाद जिले के मुसाअली गांव से एक व्यक्ति देवेंद्र काला को हिरासत में लिया है जिस पर हत्यारों को पनाह देने का आरोप है।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को पंजाब के मानसा जिले के मूसेवाला गांव आएंगे और दिवंगत नेता के परिजनों से मिल कर उन्हें सांत्वना देंगे।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि देवेंद्र वर्ष 2021 में फिरोजपुर जेल में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों के सम्पर्क में आया था। बाद में इनमें दोस्ती हो गई। देवेंद्र पर पंजाब के फिरोजपुर सहित विभिन्न थानों में मादक पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत छह मामले दर्ज हैं। देवेंद्र पंजाब पुलिस का भगोड़ा है।

पुलिस के अनुसार निरीक्षक कीकर सिंह के नेतृत्व में पंजाब पुलिस की एक टीम ने गत देर रात को मुसाअली गांव में दबिश देकर देवेंद्र को दबोच लिया। उस पर मूसेवाला हत्याकांड में प्रयुक्त हुई जीप ड्राइव करने, बदमाशों को अपने घर पर खाना खिलाने और ठहराने के आरोप हैं। इस सिलसिले में दो दिन पहले पंजाब पुलिस फतेहाबाद से पवन बिश्नोई और नसीब को हिरासत में ले चुकी है। पुलिस के मुताबिक जीप पहले नसीब ने चलाई तथा इसके बाद देवेंद्र के सुपुर्द कर दिया था। यह जीप बिसला गांव के निकट एक पेट्रोल पम्प पर तेल डलवाते सीसी कैमरे में कैद हुई है। यह जीप ही हत्यारों तक पहुंचने का जरिया बनी। सूत्रों के अनुसार इस हत्याकांड से पर्दा उठाने के लिए पंजाब पुलिस ने हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और महाराष्ट्र के आठ शॉर्प शूटरों को चिन्हित किया है। ये सभी शॉर्प शूटर लॉरेंस गैंग के ही बताए जा रहे हैं। इनकी तलाश में इन राज्यों की पुलिस लगी हुई है।

# हर छोटी कहासुनी दहेज प्रताड़ना और ससुराल का हर सदस्य आरोपी नहीं हो सकता : अदालत

**नई दिल्ली।** दहेज प्रताड़ना के लिए ससुराल का हर सदस्य आरोपी नहीं हो सकता। यदि शिकायतकर्ता आरोप लगाती है तो इसके लिए उसे ऐसे सबूत भी देने होंगे, जो संबंधित परिवार के सदस्य की प्रताड़ना को साबित करते हों। हर छोटी कहासुनी को प्रताड़ना नहीं कहा जा सकता। अदालत ने यह अहम टिप्पणी एक महिला के ससुर को दहेज प्रताड़ना व भरोसे के आपराधिक हनन के आरोप से मुक्त करते हुए की।

दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार की अदालत ने अपने फैसले में कहा कि दहेज प्रताड़ना कानून इसलिए बनाया गया ताकि महिला को ससुराल में प्रताड़ना से सुरक्षा मिल सके, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इस कानून के दुरुपयोग की बाढ़ सी आ गई है। खुद देश के उच्च न्यायालय समय-समय



पर इस बात का उल्लेख अपने निर्णयों में कर चुके हैं कि शादी के बाद छोटी-मोटी नोंकझोंक में न सिर्फ ससुराल पक्ष के प्रत्येक सदस्य, बल्कि दूसरे रिश्तेदारों को भी दहेज प्रताड़ना के झूठे मामलों में फंसा दिया गया। आखिर में वे साक्ष्यों के अभाव में बरी तो हो गए, लेकिन उन्हें मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना सहनी पड़ी।

#### सास पर लगे इल्जाम पर आरोप किए तय

अदालत ने शिकायतकर्ता महिला की सास पर दहेज प्रताड़ना और भरोसे के आपराधिक हनन के तहत आरोप तय किए हैं। अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता महिला की सास पर लगे आरोपों को लेकर अभियोजन पक्ष के पास प्रथमदृष्टया साक्ष्य मौजूद हैं। शिकायतकर्ता ने प्रताड़ना का समय, तरीका और निर्धारित तारीख का उल्लेख किया है। ऐसे में सास पर आरोप बनते हैं, जबकि ससुर के लिए सिर्फ यह कह देना पर्याप्त नहीं है कि शिकायतकर्ता ने उनसे पति की शिकायत की और उन्होंने यह कह दिया था कि उनका बेटा जो कर रहा है वह सही है।

#### निचली अदालत के फैसले को दी थी चुनौती

चांदनी चौक इलाके में रहने वाली महिला ने चार साल पहले 2018 में पति व सास-ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना व भरोसे के आपराधिक हनन का मुकदमा दर्ज कराया था। निचली अदालत ने आरोप तय कर दिए गए थे। निचली अदालत के इस निर्णय को सास-ससुर की तरफ से सत्र अदालत में चुनौती दी गई थी। सत्र अदालत ने निचली अदालत के निर्णय में बदलाव कर दिया है।

#### सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को बनाया आधार

सत्र अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के 8 फरवरी 2022 के कहकसन कौसर उर्फ सोनम एवं अन्य बनाम बिहार राज्य से संबंधित एक मामले के अलावा छह और निर्णयों को अपने फैसले का आधार बनाया। सत्र अदालत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने गहरी चिंता जाहिर करते हुए स्पष्ट तौर पर अपने फैसले में कहा था कि दहेज प्रताड़ना कानून का दुरुपयोग हो रहा है। पति के रिश्तेदारों को झूठे दहेज प्रताड़ना के मामलों में फंसाने का चलन सा बन गया है।

# सिद्धू मूसेवाला की हत्या के 8 दिन बाद 8 शूटर्स की पहचान, 4 राज्यों से है लिंक

चंडीगढ़। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या करने वाले आठ शार्प शूटरों की पहचान कर ली गई है। ये हमलावर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। सूत्रों ने हिंदुस्तान टाइम्स को यह जानकारी दी है। गैंगस्टर के मर्डर के आरोप में गिरफ्तार एक आरोपी के मूसेवाला की हत्या में शामिल होने का संदेह होने के कुछ घंटों बाद का यह घटनाक्रम है। गिरफ्तार आरोपी पर 29 मई को पंजाब के मानसा जिले के जवाहरके गांव में मूसेवाला को गोली मारने के लिए शूटरों को बोलेरो कार उपलब्ध कराने का संदेह है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मूसेवाला हत्याकांड में सुभाष बोंदा, संतोष यादव, सौरभ, मनजीत सिंह, प्रियवर्त फौजी, हरकमल, जगरूप सिंह रूपा और मनप्रीत सिंह शामिल हैं। इनमें हरकमल, रूपा और मनप्रीत पंजाब के रहने वाले हैं। पुलिस का कहना है कि



मूसेवाला की हत्या से 3 दिन पहले ये सभी कोटकपूरा हाइवे पर इकट्ठा हुए थे। इसके बाद यह कहां रुके, इसकी जांच की जा रही है।

#### पंजाब के मानसा में हुई थी पहली गिरफ्तारी

पंजाब पुलिस ने मानसा जिले के ढाइपे गांव से मनप्रीत भाऊ को अरेस्ट कर हत्या के मामले में पहली गिरफ्तारी की थी। यह गिरफ्तारी हत्याकांड के दो दिन बाद हुई थी। पुलिस ने आरोप लगाया कि भाऊ ने हत्या के लिए रसद मुहैया कराई थी।

#### मूसेवाला पर दागी गईं करीब 30 गोलियां

सिद्धू मूसेवाला अपने दो सहयोगियों के साथ 29 मार्च को वाहन में एक रिश्तेदार को देखने के लिए जा रहे थे, जब अज्ञात हमलावरों ने मानसा के जवाहरके गांव में उस पर लगभग 30 गोलियां चलाईं।

गायक को मृत घोषित कर दिया गया, उसके दो सहयोगियों को चोटें आईं और उनका इलाज डीएमसी लुधियाना में चल रहा है।

#### पंजाब की जेलों में बढ़ाई गई सुरक्षा

वहीं, पंजाब की कुछ जेलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खबर है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पंजाब पुलिस को चेताया है कि अपराधी कुछ बड़े गैंगस्टर्स और आतंकवादियों के जेल से भागने का प्लान बना रहे हैं।

### कर्नाटक पाठ्यपुस्तक विवाद- बोम्मई ने सिद्धारमैया को घेरा

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने पाठ्यपुस्तक समीक्षा समिति को भंग करने जैसे कई अन्य मुद्दों पर राजनीति करने के लिए कांग्रेस नेता सिद्धारमैया की आलोचना की और कहा कि उनकी सरकार गलतियों को सुधारने के लिए तैयार है। बोम्मई ने यहां पत्रकारों को बताया, यह पहली बार नहीं है जब पाठ्यपुस्तक समीक्षा समिति भंग की गई है, बल्कि श्री सिद्धारमैया हर मुद्दे पर राजनीति करते हैं। कर्नाटक पाठ्यपुस्तक विवाद पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया ने ट्वीट कर राज्य सरकार द्वारा समीक्षा समिति को भंग किए जाने के फैसले को नाकाफी बताते हुए कहा था कि संशोधित पाठ्यपुस्तक को वापस लिए जाने की जरूरत है, न कि उस समिति को जो पहले ही अपना एजेंडा पूरा कर चुकी है। उन पर पलटवार करते हुए श्री बोम्मई ने कहा,ऐसा पहले भी कई बार हो चुका है।

# कश्मीर के सीमावर्ती जिलों में मुठभेड़, नए सिरे से घुसपैठ की आशंका



श्रीनगर। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर स्थित बारामूला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा जिलों में पिछले महीने हुई मुठभेड़ की घटनाओं को देखते हुए फिर से घुसपैठ की आशंका व्यक्त की है। सेना का कहना है कि यह कोई नई बात नहीं है। वहीं सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि सीमा पार से कुछ आतंकवादी घाटी में घुसने में कामयाब रहे हैं। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया, अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र चिंता का गहरा विषय है। सीमा क्षेत्र पाकिस्तान आतंकवादियों, हथियार और गोला-बारूद वगैरह भेजता रहा है। पिछले माह कश्मीर के सीमावर्ती जिलों में मुठभेड़ की कई घटनाएं हुईं। पुलिस ने कहा कि 11 मई को बांदीपोरा के जंगलों में एक नया घुसपैठिया आतंकवादी मुठभेड़ के दौरान मारा गया। इसके दो दिन बाद प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादियों को इसी जिले में एक अन्य मुठभेड़ की घटना में मार गिराया गया। पुलिस ने दावा किया कि 11 मई को हुई मुठभेड़ की घटना के दौरान दो आतंकवादी भागने में सफल रहे हैं। नौ दिन बाद, 20 मई को सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा जिले के तंगधार सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से एक संदिग्ध घुसपैठिए को मुठभेड़ में मार गिराया।

इसी के साथ, 25 मई को जैश-ए-मोहम्मद के तीन अन्य पाकिस्तानी आतंकवादी बारामूला के क्रीरी इलाके की नजीभात क्रॉसिंग पर एक मुठभेड़ में मारे गये। इसके ठीक एक दिन बाद 26 मई को सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए कुपवाड़ा के जुमागुंड में लश्कर के तीन आतंकवादी मारे गए।

जुमागुंड में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के बाद सेना ने चेतावनी देते हुए एक बयान जारी किया और इसमें नियंत्रण रेखा के साथ संघर्ष विराम समझौते को पाकिस्तान का एक नया छलावा बताया और इसी के साथ कहा पाकिस्तान के इन नापाक मंसूबो का मकसद कश्मीर के मुद्दे पर अपने मृतप्राय एजेंडे को फिर से जीवित करना है।

उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान ने फरवरी, 2021 में एलओसी पर संघर्ष विराम पर सहमति जताई थी। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों से प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर संघर्ष विराम के बावजूद कई आतंकवादी कश्मीर में घुसपैठ करने की कोशिश में लगे हुए हैं, जो जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है।

# विदेशी प्रतिक्रियाओं पर मोदी डरते हैं : ओवैसी

हैदराबाद। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भारतीय जनता पार्टी के अधिकारी द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर विवादित बयान देने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश से आये दबाव पर कार्रवाई कर रहे हैं।

ओवैसी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया है कि वह सभी भारतीयों का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री की मंशा यहां उजागर हो गयी है कि वह 20 करोड़ भारतीयों का कोई प्रवाह नहीं करते तथा विदेशी दबाव के कारण ही वह इस पर प्रतिक्रिया किए हैं।

उन्होंने आगे कहा, बीस करोड़ भारतीय मुस्लिम शर्मिंदा महसूस कर रहे हैं। उनकी चिंताओं को दूर करने के बजाय श्री मोदी और अन्य विदेशी प्रतिक्रियाओं से डरते हैं, जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञानवापी मस्जिद पर टीवी बहस के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ एक विवादित बयान दिया और दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रभारी नवीन कुमार जिंदल ने सोशल मीडिया के माध्यम से अल्पसंख्यकों के खिलाफ अपनी विचार व्यक्त की।

भाजाप के सत्ता में 2014 में आने के बाद यह अपनी तरह का पहला मामला है जब पार्टी ने अपने बड़े चेहरे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। भगवा पार्टी ने अपने दो प्रवक्ताओं को पैगंबर मोहम्मद और मुस्लिम समुदाय के खिलाफ विवादित बयान देने पर रविवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया।

पार्टी ने अपने राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर शर्मा को मई के अंत में एक टीवी बहस के दौरान दिए विवादित बयान पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया। पार्टी की दिल्ली इकाई ने भी नवीन कुमार जिंदल को भड़काऊ ट्विट करने पर बर्खास्त कर दिया, वह राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी की मीडिया इकाई का नेतृत्व कर रहे थे।

## शार्ट न्यूज

### एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में विश्व पर्यावरण दिवस 2022 व आज़ादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**फरीदाबाद।** एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में विश्व पर्यावरण दिवस 2022 व आज़ादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष आयोजित होने वाले विश्व पर्यावरण दिवस का विषय (theme) "Only One Earth" "Living Sustainably in Harmony with Nature" है जो इस तथ्य पर प्रकाश डालता है कि हमारे ग्रह के सीमित प्राकृतिक संसाधनों की संरक्षण करना अति महत्वपूर्ण है। एनएचपीसी के विभिन्न परियोजना स्थलों पर #Only One Earth के संदेश का प्रचार व प्रसार हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। निगम मुख्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस 2022 व आज़ादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 06 जून 2022 को श्री ए.के. सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी द्वारा पौधारोपण के साथ किया गया। श्री वाई. के. चौबे, निदेशक (तकनीकी), श्री आर. पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री ए. के. श्रीवास्तव, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में पौधारोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान आम, अनार, चीकू, नींबू, अमरूद इत्यादि के फलदार पौधे लगाए गए। विद्युत मंत्रालय द्वारा 6 से 12 जून, 2022 तक आज़ादी का अमृत महोत्सव आइकोनिक वीक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर एनएचपीसी के निगम मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों व परियोजनाओं में विभिन्न प्रजातियों के 1500 पौधे लगाए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिन पर सरल केयर द्वारा ड्रीम वैली में वृक्षारोपण



**लखनऊ/नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर सरल केयर फाउंडेशन के द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के जन्मदिन को बधाई देने के साथ ड्रीम वैली पार्क में पाकड़ के पौधे का रोपण कर एक अभियान की शुरुआत की. सरल केयर फाउंडेशन साल भर अलग अलग अवसरों पर पूरे साल वृक्षारोपण करेगा। मुख्यमंत्री के जन्मदिन दिवस के अवसर पर पौधा लगाने में कार्यक्रम में ड्रीम वैली के राजेश राय, सरल केयर फाउंडेशन की प्रेसिडेंट रीता सिंह, संजोगिता महाजन मेमोरियल ट्रस्ट के अनुराग महाजन, ओमेश्वर सिंह, संगीता सिंह, समाजसेवी और इनरव्हील क्लब की अमिता सिंह और उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष इंद्रेश रस्तोगी और ऐश्वर्या सिंह , सुधाकर राय, उदयराज यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। पाकड़ के एक पौधे के बाद 11 विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। जिंसमे गुड़हल, कनेर, पीपल, बरगद, आम और अमरूद जैसे छोटे छोटे पौधे भी थे। राजेश राय ने कहा मुख्यमंत्री जी के जन्मदिन पर एक पौधे को लगा कर सुखद अनुभूति हो रही है।

### आकाश सिंह और शिवम शर्मा की बदौलत विद्या जैन क्रिकेट अकादमी की जीत

विवेक राय गौरवशाली भारत



**नई दिल्ली।** लाला रघुबीर सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले जा रहे एक दिवसीय मैच में विद्या जैन क्रिकेट अकादमी ने रण स्टार क्रिकेट क्लब के विरुद्ध 17 रनों से रोमांचक जीत दर्ज की। मैच के हीरो शिवम शर्मा और आकाश सिंह रहे। टॉस जीतने के बाद विद्या जैन क्रिकेट अकादमी की टीम ने पहली पारी में विरोधी टीम के विरुद्ध 40 ओवर्स में 10 विकेट खोकर 277 रनों का लक्ष्य रखा जिसमे सुमित राणा ने 85 रन और शिवम शर्मा ने 45 रनों की पारी खेली। इसके जवाब में रण स्टार क्रिकेट क्लब की टीम ने भी जैन क्रिकेट अकादमी सामने चुनौतीपूर्ण प्रदर्शन किया। स्टार क्रिकेट क्लब की टीम जब 250 के स्कोर के करीब थी तो ऐसा लग रहा था जैसे विरोधी टीम आसानी से मैच जीत जाएगी लेकिन शिवम शर्मा के ऑलराउंड प्रदर्शन और आकाश सिंह की शानदार विकेट कीपिंग की बदौलत रण स्टार क्रिकेट क्लब की टीम 260 रनों पर ही आलआउट हो गई। इस मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए सही समय पर आकाश सिंह ने बेहतरीन विकेट कीपिंग करते हुए 5 डिस्मिस्सल लिए और विरोधी टीम को लगातार झटके लगे। दूसरी तरफ शिवम शर्मा ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 45 रनों की पारी खेली और अपनी गेंदबाजी के दौरान 3 विकेट लिए।

### होली पर सड़क हादसे में घायल किशोरी से गैंगरेप का दूसरा आरोपी गिरफ्तार, मदद के बहाने ले गए थे साथ

नोएडा। होली वाले दिन सड़क हादसे में घायल हुई किशोरी की मदद के बहाने कथित तौर पर गैंगरेप करने के मामले में फरार आरोपी को नोएडा पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। नोएडा के थाना फेस-1 के थानाध्यक्ष विरेश पाल गिरि ने बताया कि होली के दिन अपने चाचा के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रही एक किशोरी को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसकी वजह से वे दोनों घायल हो गए थे।उन्होंने बताया कि इसी बीच अजय नामक युवक वहां आया और किशोरी की मदद करने के बहाने उसे अपने साथ ले गया था। इसके बाद अजय ने अपने कुछ साथियों से साथ मिलकर किशोरी से कथित रूप से गैंगरेप किया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में अजय को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन एक अन्य आरोपी राहुल फरार था जो अजय का मामा है। उन्होंने बताया कि राहुल को भी पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

### शादी का झांसा देकर दलित युवती से रेप करने वाला दबोचा

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले की पुलिस ने सोमवार को एक दलित युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ कथित तौर पर रेप करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अब्दुल कादिर ने बताया कि नोएडा के फेस-3 थाना क्षेत्र में रहने वाली एक दलित युवती ने फेस-3 थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था कि सागर नामक युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कथित तौर पर कई दिनों तक दुष्कर्म किया था। कादिर के मुताबिक, घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने सोमवार सुबह आरोपी सागर को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता और केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी की उपस्थिति में विशाल जनसैलाब के साथ राजेश भाटिया ने किया नामांकन

## भाजपा के प्रति लोगों में उत्साह बताता है कि इस बार आम आदमी पार्टी का सूपड़ा साफ है : आदेश गुप्ता

प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी की उपस्थिति में आज राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवार श्री राजेश भाटिया का नामांकन किया गया। जिला कार्यालय से शुरू हुआ विजय संकल्प जुलूस दो घण्टों के बाद चुनाव कार्यालय तक पहुंचा। रास्ते भर में आम जनता ने उनका स्वागत किया और विजयश्री का आशीर्वाद दिया। साथ ही देशभक्ति के गाने और नारेबाजी होती रही। लोगों की भीड़ देखकर इस बात में कोई शक नहीं है कि इस बार भाजपा की जीत तय है।

नामांकन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि राजेन्द्र नगर की जनता के बीच दिख रहा उत्साह इस बात का प्रमाण है कि इस बार आम आदमी पार्टी का सूपड़ा साफ होना तय है। उन्होंने कहा कि जो चोर होता है वह हल्ला बहुत करता है। आज आम आदमी पार्टी की स्थिति भी कुछ ऐसी ही हो चुकी है। राजेन्द्र नगर में राघव चड्ढा ने जिस तरह से लोगों को छोड़कर भाग गए आज आम आदमी पार्टी उसकी सजा भुगत रही है। उनके नेता जहां भी प्रचार के लिए जा रहे हैं वहां वहां उन्हें दिल्ली की जनता के



आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। आज दिल्ली की जनता पानी को लेकर आक्रोशित है। 57000 करोड़ रुपये जलबोर्ड को देने के बाद भी केजरीवाल सरकार दिल्ली की जनता को साफ पानी नहीं दे पाई। राजेन्द्र नगर की जनता ने आज विजय संकल्प में राजेश भाटिया को विजय श्री का आशीर्वाद दे दिया है

आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल जिस तरह की बातें कर रहे हैं उससे यह साफ है कि दाल में कुछ काला है इसलिए मुद्दे को डाइवर्ट करने के लिए अलग-अलग बातें कर रहे हैं। केजरीवाल तो सतेंद्र जैन को पद्म श्री देने की बात कर रहे थे और अब वह दिन दूर नहीं जब मनीष सिसोदिया को भारत रत्न देने की बात करने लगेंगे। राजेन्द्र नगर में बाहरी उम्मीदवार उतारकर आम आदमी पार्टी जनता के प्रति अपनी संवेदनहीनता पहले ही दिखा चुकी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के अंदर इस तरह अपनी हार का डर बैठा है कि रात को भाजपा द्वारा लगाए गए पोस्टर को अपने गुंडों के माध्यम से फड़वाने का काम कर रही है। लेकिन केजरीवाल चाहे जो भी रूप और हथियार अपना लें उनकी राजेन्द्र नगर से हार निश्चित है। केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने पिछले सात सालों में कई वायदे किये, लेकिन उन सभी वायदों में एक भी वायदा उन्होंने पूरा नहीं किया। हर बार चुनाव में दिल्ली की जनता से नए वायदे करके भूलने वाले केजरीवाल का कोई भी पैंतरा काम नहीं आने वाला है। केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है, उसका हिसाब राजेन्द्र नगर की जनता लेने वाली है। उन्होंने कहा कि कभी दिल्ली का बेटा तो कभी हरियाणा का लाल कहने वाले केजरीवाल सात सालों में यह तक नहीं तय कर पाए कि वह हैं कहाँ से। आज तक दिल्ली को लूटने के बाद पंजाब में भी लूटने का कार्य शुरू हो गया है।

# नॉलेज ऐरा में शिक्षा पर सभी का हक : हरिवंश

## आईआईएमसी के 54वें दीक्षांत समारोह में बोले राज्यसभा के उपसभापति

आनंद राय गौरवशाली भारत

नई दिल्ली। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के 54वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि नॉलेज ऐरा में शिक्षा पर सभी का हक है। शिक्षा के माध्यम से आप न केवल अपने जीवन में परिवर्तन ला सकते हैं, बल्कि समाज को भी नई दिशा दे सकते हैं। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव एवं आईआईएमसी के चेयरमैन श्री अपूर्व चंद्रा, संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी एवं डीन (अकादमिक) प्रो. गोविंद सिंह भी उपस्थित थे। दीक्षांत समारोह में आईआईएमसी के 6 परिसरों में संचालित होने वाले 8 पाठ्यक्रमों के वर्ष 2020-21 बैच के लगभग 400 विद्यार्थियों को पीजी डिप्लोमा सर्टिफिकेट एवं 32 विद्यार्थियों को अवॉर्ड प्रदान किये गए। समारोह के मुख्य अतिथि के तौर विचार व्यक्त करते हुए श्री हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि जनसंचार के शिक्षण और प्रशिक्षण के क्षेत्र में आईआईएमसी की पहचान सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तौर पर है। भारतीय पत्रकारिता में यहां के विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण योगदान है। देश ही नहीं, बल्कि दुनिया की जरुरतों के हिसाब से आईआईएमसी अपने विद्यार्थियों को तैयार करता है। इसके





लिए संस्थान के सभी प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

राज्यसभा के उपसभापति ने कहा कि आज आप सभी विद्यार्थी जीवन में नया कदम रखने जा रहे हैं। आज आपको सोचना चाहिए कि आप में किस काम के लिए %पैशन% है। अगर आपके अंदर काम के प्रति मोहब्बत, समर्पण और पैशन नहीं है, तो आप अपने प्रोफेशन में नई लकीर नहीं खींच सकते। उन्होंने कहा कि जीवन में विफलताएं आएंगी, लेकिन हर विफलता सफलता के लिए रास्ता खोलती है। आज देश में युवाओं के द्वारा चलाए जा रहे 70 हजार स्टार्टअप हैं। हमारे देश के युवा जॉब सीकर से जॉब प्रोवाइडर बन रहे हैं।

श्री हरिवंश नारायण सिंह के अनुसार मीडिया में भी स्टार्टअप की जरुरत है। भारत में केंद्र सरकार की 315 योजनाओं और राज्य सरकारों की 500 योजनाओं से लगभग 2 लाख करोड़ रुपए की बचत हो रही है। मीडिया स्टार्टअप के जरिए युवा इस तरह की



विभिन्न योजनाओं से जुड़े तथ्यों को जनता के सामने ला सकते हैं। सरकारी योजनाओं को सरल और सहज शब्दों में लोगों तक पहुंचाने का काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना के दौर में भारत ने मेडिकल हब के रूप में अपनी पहचान बनाई है। कोराना ने हमें आपदा में अवसर तलाशने का मौका दिया और टीके से लेकर वेंटिलेटर तक आत्मनिर्भर बनाया। युवाओं को भविष्य के लिए सीख देते हुए उपसभापति ने कहा कि जिंदगी में जीतना ही नहीं, हारना भी जरूरी है। असफलता का आनंद लेना सीखें। परीक्षा में नकल करके पास होने से बेहतर है, फेल हो जाना। उन्होंने कहा कि आज मीडिया के सामने साख की चुनौती है। नौकरी के बाजार में जो आपको सबसे ज्यादा पैसे दे, उसके लिए काम कीजिए, लेकिन अपनी आत्मा गिरवी मत रखिए। अगर आप ईमानदारी से अपना कार्य करेंगे, तो मीडिया की विश्वसनीयता बनी रहेगी। श्री हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में आईआईएमसी के विद्यार्थी समाज और देश में व्याप्त समस्याओं के समाधान में अपना अमूल्य योगदान देंगे।

इस अवसर पर संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा कि आईआईएमसी हिंदी पत्रकारिता, अंग्रेजी पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जनसंपर्क, रेडियो एवं टेलीविजन, ओड़िया, मराठी, मलयालम और उर्दू पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करता है। इस वर्ष आईआईएमसी डिजिटल मीडिया में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी शुरू करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान अपने प्रत्येक विद्यार्थी को हर वह अवसर सुलभ कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उसके सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. विष्णुप्रिया पांडेय ने किया। दीक्षांत समारोह में संस्थान के क्षेत्रीय केंद्रों के निदेशकों सहित समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वर्तमान बैच के विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया।

# सत्येंद्र जैन के घर पर ईडी का छापा

## हवाला कारोबार के आरोप में गिरफ्तार हो चुके हैं दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री

नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उनके विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी दिल्ली के छह और गुरुग्राम में एक स्थान पर जारी है। यह कार्रवाई कोलकाता स्थित एक कंपनी से संबंधित हवाला लेनदेन को लेकर की गई है। जैन फिलहाल नौ जून तक ईडी की हिरासत में हैं। बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में फंसे दिल्ली सरकार के मंत्री को हाल ही में हाईकोर्ट से झटका लगा था। कोर्ट ने ईडी की पूछताछ के दौरान वकील की मौजूदगी पर रोक लगा दी है।

ईडी की यह कार्रवाई ऐसे समय पर हुई है जब दिल्ली के मंत्री की गिरफ्तारी को लेकर बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच राजनीतिक विवाद चल रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले हफ्ते एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सभी आप नेताओं को गिरफ्तार करने को कहा था। उन्होंने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के गिरफ्तार होने की संभावना जताई थी।

केजरीवाल ने कहा था, मुझे सूत्रों से पता चला है कि अगले कुछ दिनों में



केंद्र सरकार मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करने वाली है। केंद्र ने सभी केंद्रीय एजेंसियों से सिसोदिया के खिलाफ फर्जी मामला तैयार करने और उन्हें गिरफ्तार करने को कहा है। मैं पीएम से अनुरोध करूंगा कि हम सभी को एक-एक करके जेल भेजने की बजाय एक साथ जेल में डाल दें, और सभी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल हमारे खिलाफ जांच के लिए करें। अपनी सभी एजेंसियों को एक बार में हमारे खिलाफ जांच करने को कहें।

बता दें कि केंद्रीय एजेंसी की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के 2017 के एक मामले पर आधारित है। इसमें आरोप लगाया गया था कि आप नेता और उनकी पत्नी पूनम जैन ने फरवरी 2015 और मई 2017 के बीच 1.47 करोड़ की आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी जो कि उनकी आय के ज्ञात स्रोतों के दोगुने से भी अधिक है।

### दिल्ली : शरजील इमाम की जमानत याचिका पर कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने नागरिकता संशोधन अधिनियम और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के खिलाफ विवादित भाषण देने के लिए देशद्रोह के मामले में गिरफ्तार जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय के छात्र रहे शरजील इमाम की जमानत याचिका पर दलील सुनने के बाद अपना आदेश 10 जून के लिए सुरक्षित रख लिया। इससे पहले, दिल्ली हाईकोर्ट ने अभियोजन पक्ष की आपत्तियों को सुनने के बाद शरजील को निचली अदालत में जमानत के लिए जाने को कहा था। अभियोजन पक्ष ने उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था कि 2014 के उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार, ऐसी कोई भी जमानत अर्जी पहले निचली अदालत में जाएगी और अगर राहत नहीं मिलती है तो ही आरोपी उच्च न्यायालय में जा सकता है। इसके बाद शरजील इमाम ने उच्च न्यायालय से जमानत याचिका वापस ले लिया और निचली अदालत में पेश किया। शरजील के वकील ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा हाल ही में दिए गए निर्देश के मद्देनजर शरजील को जमानत दी जानी चाहिए। उन्होंने अदालत में प्रस्तुत किया कि शीर्ष अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए के तहत लगाए गए आरोप के संबंध में सभी लंबित अपीलों और कार्यवाही को स्थगित रखने का निर्देश दिया था।

# कल्याणपुरी के रामलीला मैदान में मानव शरीर के अंगों से भरा बैग मिला

## दिल्ली पुलिस एफआईआर दर्ज कर मृतक की शिनाख्त में जुटी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के कल्याणपुरी इलाके में रामलीला मैदान में पड़े एक लावारिस बैग के अंदर मानव शरीर के अंग भरे हुए मिलने का मामला सामने आया है। यह अंग किस व्यक्ति के हैं इस बारे में अब तक कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस को रविवार को पांडव नगर पुलिस स्टेशन (पीएस) के पास कल्याणपुरी के रामलीला मैदान में एक बैग में मानव शरीर के अंग भरे हुए मिले।



इलाके में गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों ने देखा कि रामलीला मैदान की झाड़ियों में पड़े एक बैग से दुर्गंध आ रही है।

पुलिस कर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। मामला दर्ज करने के बाद एसएचओ स्टाफ के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जब उस बैग को खोलकर देखा तो उसमें मानव शरीर के अंग भरे मिले। इसके बाद क्राइम टीम और फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम ने भी मौके पर जाकर मुआयना किया।

पुलिस ने बताया कि आईपीसी की धाराओं 302, 201 के तहत पांडव नगर थाने में एक एफआईआर दर्ज की गई है और शरीर के इन अंगों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। इन अंगों के जरिए मृतक की शिनाख्त के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

## पौधरोपण में विशिष्ट अतिथि द्वारा एक मौलश्री का पौधा रोपित कर कार्यक्रम का किया गया शुभारम्भ

गौरवशाली भारत संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। विश्व पर्यावरण दिवस जिसकी वर्ष 2022 के लिए थीम केवल एक पृथ्वी है वर्तमान परिवेश में अत्यंत महत्त्वपूर्ण आवश्यकता हो गयी है।

इस के लिए हम वनों को नवजीवन प्रदान करके अधिकाधिक संख्या में वृक्षारोपण कर तथा वर्षा को संरक्षित करके अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या में जल के अपव्य को नियंत्रित करके परिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित/सुरक्षित कर सकते हैं।

इसी क्रम में रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रभागीय वनाधिकारी गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग प्रमोद कुमार के आह्वान पर न्यू हॉलेण्ड, फिएट लिमिटेड प्लाट संख्या-3 उद्योग केन्द्र-2 ईकोटेक तृतीय ग्रेटर नोएडा में मुख्य अतिथि सीपी गोयल, वन महानिदेशक और विशेष सचिव पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार एवं मित्तल उपाध्यक्ष तथा



आदित्य घडियाल, जनरल मैनेजर, न्यू हॉलेण्ड, फिएट लिमिटेड की उपस्थिति में मियांवाकी पद्धति से पौधरोपण में विशिष्ट अतिथि द्वारा एक मौलश्री का पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीपी गोयल, वन महानिदेशक और विशेष सचिव पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जन सामान्य को विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण की महत्ता तथा पर्यावरण संरक्षण से ही जल व जीवन को सुरक्षित किया जा सकता है। उसपर विस्तृत विचार रखते हुये जनमानस से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की गयी। प्रमोद कुमार प्रभागीय वनाधिकारी गौतमबुद्धनगर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जन सामान्य को जापानी पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ अकीरा मियांबाकी की वृक्षारोपण तकनीकी (मियांबाकी) के संबंध में जानकारी साझा की गयी और बताया गया कि इस पद्धति में पौधो को एक दूसरे से बहुत कम दूरी पर लगाया जाता है, जिससे पौधे केवल ऊपर से सूर्य का प्रकाश प्राप्त करते है जिससे पौधो में तेजी से वृद्धि होती है। इस पद्धति द्वारा तीव्रता से वृक्षारोपण कर हरियाली की जा सकती है।

इसके अतिरिक्त प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा इस विषय पर प्रकाश डाला गया कि वर्तमान में कोविड-19 से ग्रस्ति व्यक्तियों को ऑक्सीजन की कमी हो रही है यह ऑक्सीजन जनमानस को वृक्षों से ही प्राप्त होती है क्योंकि वृक्ष वातावरण में से कार्बन ऑक्साईड आदि विषैली गैसो को अवशोषित कर ऑक्सीजन अवमुक्त कर वातावरण को शुद्ध बनाते है।

अत: हमारे जीवन में वृक्ष अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस-पास वृक्ष अवश्य लगाये जाने चाहिए। वर्तमान में भूमि का भूगर्व जल स्तर निरन्तर गिरता जा रहा है तथा वर्षा का पानी व्यर्थ एवं नदियों का जल तटबन्धो को छोड़कर व्यर्थ बह जाता है।

क्योंकि वृक्षो की जड़े मिट्टी के कटाव को नियन्त्रित करती है, जिससे भूमि एवं जल दोनों का ही संरक्षण होता है। इस अवसर पर वन विभाग तथा न्यू हॉलेण्ड, फिएट लिमिटेड कम्पनी के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बन्द पड़ी कम्पनी में चोरी करने वाले तीन चोर अवैध असलहा और चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार



**नोयडा।** थाना फेस-1 पुलिस ने सोमवार को बन्द पडी कम्पनी में चोरी करने वाले तीन चोरों अजय कुमार पुत्र रामाशीष निवास ग्राम कस्मा मरार थाना खजोली जिला मधुबनी बिहार वर्तमान पता हरौला सेक्टर-5 नोएडा, समीर उर्फ मौहम्मद साहिल पुत्र जुल्फिकार निवासी मौहम्मद कोर्ट किला थाना सदर बाजार जिला आजमगढ वर्तमान निवासी हरौला सेक्टर-5 नोएडा, कृष्णकान्त ठाकुर पुत्र रामकरन निवासी ग्राम कस्मा मरार थाना खजोली जिला मधुबनी बिहार वर्तमान निवासी हरौला सेक्टर-5 नोएडा को थाना क्षेत्र के सेक्टर-4 उपलैक्स कम्पनी तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने बन्द कम्पनी से चोरी किए गए गया सामान 6 सीपीयू डेल कम्पनी,1 एलसीडी, 2 कैमरा पैनासोनिक कम्पनी,एक टीएफटी डेल कम्पनी, चोरी का सामान ले जाने में प्रयुक्त धकेल, दो चाकू और एक तमंचा मय एक कारतूस जिन्दा बरामद किया है।अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है जो अपने साथ अवैध असलहा रखते है तथा बन्द पडी कम्पनियों में चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## संपादकीय

# कौन हैं मौत की फैक्ट्री के असली गुनहगार ?

यूपी के जनपद हापुड़ के औद्योगिक क्षेत्र धौलाना में एक बड़ा हादसा हुआहै। इलेक्ट्रिकल उपकरण बनाने के लाइसेंस कीआड़मेंएक फैक्ट्री में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर पटाखे बनाने का काम चल रहा था। इस मौत की फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में अब तक 13 मजदूर जान जा चुकी है जबकि 15 से ज्यादा मजदूर अभी भी जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं जिनमें चार की हालत बेहद नाजुक बनी है। घायलों को दिल्ली, मेरठ, गाजियाबाद के अलग अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा है लेकिन यह हादसा अपने पीछे कई सवाल पूछ रहा हैं कि आखिर इस मौत की फैक्ट्री के संचालन के लिए कौन जिम्मेदार है ? क्या जिस इंडस्ट्रीयल एरिया के बीच में इस अवैध फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था उसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन को नहीं थी ?इस फैक्ट्री के संचालन के लिए भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री का परिवहन भी किया जाता रहा होगा। पटाखों के निर्माण में आने वाली तमाम सामग्री परिवहन होकर इंडस्ट्रियल एरिया में कैसे पहुंचती रही ? हर चौराहे पर वाहनों व वाहनों में ढुलाई किए जा रहे सामान की कदम कदम पर जांच करने वाले पुलिस व दूसरे विभागों के अधिकारियों को क्या इसकी जानकारी नहीं मिली ? जिस फैक्ट्री में 35 कर्मचारी एक समय पर पटाखे बनाने जैसा अवैध काम कर रहे थे क्या उसकी जानकारी फैक्ट्रीकेबाहर प्रशासन के किसी भी तंत्र तक नहीं थी ? आखिर आए दिन पुलिस के आला अधिकारीअधीनस्थोंके साथ सड़कों पर गश्त कर अपनी मुस्तैदी दिखाने वाला प्रशासनिक तंत्र इतना कमजोर और लापरवाह है कि उसकी ही नाक के नीचे भरे इंडस्ट्रियल एरिया के बीच एक अवैध पटाखों की फैक्ट्री संचालित की जाती रही और इस की भनक तक प्रशासनकोनहीं मिली। बताया जा रहा है कि पिछले कई माह से इस फैक्ट्री में इस तरह का धंधा चल रहा था इसके लिए रॉ मैटेरियल का परिवहन भी किया जाता होगा तथा तैयार माल की सप्लाई भी विभिन्न गोदामों या विक्रय केंद्र तक जरूर होती होगी देश की राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से मात्र 40 किलोमीटर दूरी पर यदि इस तरह की विस्फोटक सामग्री का परिवहन और पटाखों का निर्माण इतनी आसानी व सहजता से किया जा सकता है कि उसकी कोई सूचना या कानो कान खबर प्रशासन और तमाम सरकारी विभागों को न लगे तो इससे शर्मनाक और बड़ी लापरवाही कुछ नहीं हो सकती है। यह वह सवाल है जिनके जवाब प्रशासन को देने होंगे। जैसा कि आप जानते हैं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली देश का सबसे अधिक महत्वपूर्ण व संवेदनशील स्थान है इसके आसपास के एरिया में कई बार गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस व अन्य सार्वजनिक त्योहारों के अवसर पर आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए देशद्रोही ताकतों से जुड़े आतंकी पनाह लेने की कोशिश करते हैं तथाराष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ठिकाने की तलाश में रहते हैं। 20 साल पूर्व इस इलाके से बम बनाने का एक मास्टरमाइंड अब्दुल करिम टुंडा पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर फरार हो गया था वही विदेशी नागरिकों का अपहरण कर आतंकियों ने इसी इलाके के मसूरी क्षेत्र में रखा था बाद में इन्हीं में से एक आतंकी को विमान अपहरण के बाद अफगानिस्तान ले जाकर सरकार को रिहा करना पड़ा था। यह पुराना अतीत बताता है कि यह इलाका काफी संवेदनशील है और यहां पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त कीजरूरत होती है। इस सब के बावजूद एक इंडस्ट्रियल एरिया के बीच में जहां हजारों फैक्ट्रियां खुली हुई हैव कार्यरत हैं उनके बीच में अवैध सामग्री के निर्माण की फैक्ट्री चलाया जाना कई मायने में इलाके की खुफिया व पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था पर सवालिया निशान उठाता है। किसी भी फैक्ट्री के संचालन में संबंधित विभागों से लाइसेंस बिजली कनेक्शन पानी का बंदोबस्त प्रदूषण दमकल श्रमविभागउधोग आदिविभागों से तमाम तरह की एनओसी लेनी पड़ती है समय-समय पर इन विभागों के अधिकारी तमाम फैक्ट्रियों में भौतिक जांच के लिए आते रहते हैं ऐसी स्थिति में यह फैक्ट्री किस तरह संचालित की जाती रही और तमाम सरकारी विभागों व पुलिस प्रशासन को भनक नहीं मिली यह एक गंभीर सवाल है।

# बढ़ते वैश्विक तापमान ने पिछली आधी सदी में नए-नए संकट खड़े कर दिए

**विजय गर्ग**

पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र को हुए नुकसान की भरपाई के लिए विकसित देशों को जितना खर्च करना है, उतना वे खर्च नहीं कर रहे हैं और अपनी जिम्मेदारियों से भी बच रहे हैं। यूएनईपी की रिपोर्ट इस तथ्य को रेखांकित करती है कि अपेक्षित व्यय और वास्तविक व्यय का यह अंतर बढ़ता ही जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के विशेषज्ञों ने हाल में जो आंकड़े जारी किए हैं, वे पर्यावरण संकट की भयावह तस्वीर पेश करते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि हम अपनी आवश्यकताओं को इतना ज्यादा बढ़ा चुके हैं कि पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों का अनियंत्रित दोहन हमारी मजबूरी बन गया है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो पारिस्थितिक तंत्र अधिक समय तक हमारा साथ नहीं दे पाएगा।

पर्यावरण विशेषज्ञों की यह चेतावनी ऐसे वक्त में आई है जब धरती को बचाने के लिए पूरी दुनिया में आवाजें उठ रही हैं। इसीलिए इस बार विश्व पर्यावरण दिवस का केंद्रीय विषय 'ओनली वन अर्थ' यानी 'केवल एक पृथ्वी' ही रखा गया है। विश्व पर्यावरण दिवस की इस साल की मेजबानी स्वीडन के पास है। गौरतलब है कि 1972 में स्टाकहोम में हुए पहले संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सम्मेलन के भी पचास साल पूरे हो रहे हैं।

देखा जाए तो बढ़ते वैश्विक तापमान ने पिछली आधी सदी में नए-नए संकट खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञ बार-बार इस खतरे की ओर इशारा कर रहे हैं कि अगले दो दशक में वैश्विक तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर जाएगा। इससे बचाव के लिए इसे इस सदी के अंत तक डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए हमें 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को आधा करना होगा। वर्तमान में पेरिस समझौते के तहत ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के मापन के लिए राष्ट्रीय रूप से निर्धारित योगदानकर्त्ता कारकों (एनडीसीज) का विश्लेषण बताता है कि अगर हम इसी तरह लापरवाह बने रहे तो सदी के अंत तक वैश्विक तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस तक भी पहुंच सकता है।

दरअसल प्राकृतिक गैस का महत्त्वपूर्ण घटक मीथेन वैश्विक तापमान बढ़ने के लिए पच्चीस फीसद उत्तरदायी है। जाहिर है, इससे बचाव के उपाय तलाशने में अब और देरी महंगी पड़ती जाएगी। पारिस्थितिक तंत्रों के विनाश का असर दुनिया की चालीस फीसद आबादी पर पड़ा है। तीन अरब से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हुए हैं। हम हर साल जितनी पारिस्थितिकीय तंत्र विषयक सेवाओं को खो देते हैं, वह वैश्विक अर्थव्यवस्था के सकल उत्पादन के दस फीसद से भी अधिक है।

पर्यावरण पर आई रिपोर्टें बताती हैं कि विश्व की एक तिहाई कृषि भूमि नष्ट हो चुकी है, जबकि सत्तासी फीसद प्राकृतिक आर्द्रभूमि गायब हो चुकी है। जलवायु परिवर्तन ने विश्व में बाढ़, अकाल और असाधारण गर्मी के प्रकोप जैसी विभीषिकाओं को जन्म दिया है जिनके कारण न केवल करोड़ों लोग मारे गए या विस्थापित हुए हैं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी अरबों-खरबों डालर का नुकसान भी उठाना पड़ा है।

पूरी दुनिया में बढ़ता वायु और जल प्रदूषण गंभीर चिंता बन चुका है। मोटा अनुमान है कि वायु प्रदूषण के कारण हर साल सत्तर लाख लोग असमय मृत्यु का ग्रास बन जाते हैं। विश्व में हर नौ में से एक मौत वायु प्रदूषण के कारण होती है। हर दस में से नौ लोग खराब हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। दुनिया के केवल सत्तावन फीसद देशों ने वायु प्रदूषण को कानूनी रूप से परिभाषित किया है।

# भागवत ने खींची रेखा, उसी पर चलने का संकेत है नुपुर और जिंदल पर कार्रवाई, जानें क्या है बीजेपी के संविधान का नियम 10(ए)


**अभिनय आकाश**

वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद विवाद के बीच देश में संघ प्रमुख मोहन भागवत का बड़ा बयान सामने आता है। मोहन भागवत ने हिन्दुओं को समझाया की हर मस्जिद में शिवलिंग नहीं ढूंढना है। वर्षों पहले जो हो गया वो हो गया। मंदिर तोड़े गए ये सच है, मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाए गए। ये भी सच है। लेकिन अब झगड़ा बढ़ाने की जरूरत नहीं है। मोहन भागवत ने लीक से हटकर बात कही। बड़ी हिम्मत दिखाते हुए वो कह दिया जो हो सकता है हिन्दुओं को भी पसंद नहीं आए। जो बात मोहन भागवत ने कही है वो बीजेपी की भी लाइन है। मोहन भागवत द्वारा खींची गई क्लियर लाइन पर बीजेपी चलती और अमल करती भी नजर आ रही है। पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी का मामला सीधे अरब देश पहुंच गया। नुपूर और नवीन यानी दो N के बयानों ने खाड़ी देशों के सामने भारत को ऐसी असहज स्थिति में ला दिया की तीसरे N यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को समाधान लेकर आना पड़ा। जैसे ही मामला बढ़ने लगा। सत्तारूढ़ भाजपा ने न सिर्फ बयान जारी किया बल्कि अपना रुख स्पष्ट करते हुए एक्शन का आदेश दे दिया। नुपुर शर्मा को पार्टी से निकाल दिया गया और दिल्ली यूनिट के मीडिया नवीन कुमार जिंदल को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। नुपुर शर्मा के बयानों पर देशभर के मुस्लिम समुदायों ने घोर आपत्ति जताई और अरब देश भी भारतीय राजनयिकों को तलब करने लगा। बवाल बढ़ा तो पार्टी ने दोनों नेताओं के बयानों से किनारा कर लिया और दोनों पर एक्शन ले लिया। लेकिन बीजेपी ने अपने दो नेताओं पर जो एक्शन लिया है वो सबका मान, सबका सम्मान करने की ओर सीधा और सख्त संदेश है।

### जानिये कौन हैं नुपुर शर्मा

ट्विटर पर नुपुर शर्मा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, गिरिराज सिंह और भूपेंद्र यादव फॉलो करते हैं। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय, सांसद मनोज तिवारी, गौतम गंभीर, परवेश वर्मा और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता व दिल्ली प्रभारी बैजयंत पांडा भी इस सूची में शामिल हैं। मुंबई में प्राथमिकी 28 मई को रजा अकादमी के मुंबई विंग के संयुक्त सचिव इरफान शेख की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी। इसमें कहा गया है कि शर्मा ने ज्ञानवापी मुद्दे पर एक समाचार बहस में कथित तौर पर पैगंबर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। जबकि शर्मा ने कुछ भी अपमानजनक या गलत कहने से इनकार किया है, उन्होंने दावा किया कि विवाद शुरू होने के बाद से उन्हें जान से मारने और रेप करने की धमकी मिलनी शुरू हो गई थी। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक और विश्वविद्यालय के विधि संकाय से एलएलबी की डिग्री हासिल करने वाली 37 वर्षीय शर्मा लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से लॉ में मास्टर भी किया हुआ है।

### NSUI की मजबूत उपस्थिति में लहराया ABVP का झंडा



नुपुर शर्मा ने एक छात्र नेता के रूप में राजनीति में अपना कार्यकाल शुरू किया और 2008 में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष का चुनाव जीता। यह एक समय था जब कांग्रेस की छात्र शाखा, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ की परिसरों में मजबूत उपस्थिति थी। लेकिन फिर भी नुपुर अध्यक्ष पद पाने में सफल रहीं, वहीं एनएसयूआई ने अन्य सभी पदों पर जीत हासिल की। हालाँकि, उनके चुनावी मुकाबलों में सबसे हाई-प्रोफाइल 2015 का दिल्ली विधानसभा चुनाव है, जब उन्होंने नई दिल्ली सीट से आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव वड़ा था। हालांकि वो 31,583 मतों से हार गईं। लेकिन चुनाव के दौरान उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर तीखा प्रहार किया था। उन्होंने केजरीवाल पर प्रहार करते हुए उन्हें अवसरवादी तक करार दिया था। उनका कहना था कि एक वर्ष के अंदर वह तीन चुनाव लड़ने के लिए चल दिए। यह अवसरवादी नहीं हैं तो और क्या है। उनका कहना था कि वह एक बंदर की ही तरह से एक डाल से दूसरी डाल पर कूद रहे हैं। लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। कुल मिलाकर कहा जाए तो शर्मापार्टी की युवा शाखा का एक प्रमुख चेहरा रही हैं। युवा विंग की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति सदस्य और दिल्ली राज्य कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा की कई पदों पर कार्य किया है। जब तत्कालीन राज्य इकाई के प्रमुख मनोज तिवारी ने अपनी टीम बनाई थी तो उन्हें 2017 में दिल्ली भाजपा का प्रवक्ता नियुक्त किया गया था। भले ही वह दिल्ली टीम का हिस्सा थीं, लेकिन उनके कानूनी कौशल, राष्ट्रीय मुद्दों पर अच्छे ज्ञान और द्विभाषी कौशल ने उन्हें राष्ट्रीय मुद्दों पर टीवी डिबेट का प्रमुख चेहरा बना दिया। सितंबर 2020 में जब जेपी नड्डा ने अपनी टीम बनाई तो शर्मा को राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में चुना गया।

### क्या है ताजा मामला

ज्ञानवापी मस्जिद मामले को लेकर नूपुर शर्मा एक टेलीविजन न्यूज चैनल के डिबेट में पहुंची थीं। बहस के दौरान नूपुर शर्मा ने आरोप लगाते हुए कि लोग लगातार हिंदू आस्था का मजाक उड़ा रहे हैं। अगर यही है तो वो भी दूसरे धर्मों का मजाक उड़ा सकती हैं। इसके लिए वो इस्लामी मान्यताओं का जिक्र कर सकती हैं। उनके इस वीडियो क्लिप को जुबैर ने अपने ट्विटर फालोअर्स के साथ शेयर किया। जुबैर आल्ट न्यूज के को-फाउंडर हैं। जुबैर के वीडियो क्लिप को शेयर करते ही इस्लामिक कट्टरपंथी नूपुर को धमकियां देने लगे।

### नवीन जिंदल कौन हैं?

नवीन कुमार जिंदल भी बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। हालांकि वे पहले पत्रकार रह चुके हैं। तीन दशक तक पत्रकारिता करने के बाद 2016 में नवीन जिंदल ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की। पत्रकारिता में वे टीवी पर क्राइम फाइल से चर्चित हुए। कई अखबारों और न्यूज चैनलों में मैनेजिंग एडिटर के रूप में काम किया है। 2016 में ही बीजेपी ने उन्हें प्रवक्ता बना दिया। इस्लामिक कट्टरपंथ पर नवीन जिंदल का नजरिया शुरू से ही आक्रामक रहा है। उन्होंने इस पर एक किताब भी लिखी है जिसका नाम है इस्लामिक मदरसे बेनकाब। इस किताब में उन्होंने मदरसा द्वारा कथित सांप्रदायिक नफरत फैलाए जाने का भी जिक्र किया है।

### भाजपा का एक्शन

खुद को एक अनुशासित और कैडर-आधारित पार्टी के रूप में देखने वाली भाजपा ने राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा के रूप में अपने संविधान के नियम 10 (ए) को लागू किया। शर्मा को लिखे पत्र में भाजपा की केंद्रीय अनुशासन समिति के सदस्य सचिव ओम पाठक ने कहा कि आपने विभिन्न मामलों पर पार्टी की स्थिति के विपरीत विचार व्यक्त किए हैं, जो कि संविधान के नियम 10 (ए) का स्पष्ट उल्लंघन है। मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश दिया गया है कि आगे की जांच लंबित रहने तक आपको तत्काल प्रभाव से पार्टी से और आपकी जिम्मेदारियों/कार्यों से निलंबित किया जाता है।

### भाजपा के संविधान में धर्म

भाजपा के संविधान का अनुच्छेद II पार्टी के उद्देश्य को निर्धारित करता है, जिसका गठन 1980 में तत्कालीन भारतीय जनसंघ के सदस्यों द्वारा किया गया था। जिसमें कहा गया है कि पार्टी एक ऐसे भारत के निर्माण के लिए प्रतिज्ञाबद्ध है जो सुदृढ़, समृद्ध एवं स्वावलंबी राष्ट्र हो, जिसका दृष्टिकोण आधुनिक, प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध हो और जो अपनी प्राचीन भारतीय संस्कृति एं मूल्यो से प्रेरण ग्रहण करता हो। पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे लोकतंत्रीय राज्य की स्थापना करना है जिसमें जाति, संप्रदाय अथवा लिंग का भेद-भाव किए बिना सभी नागरिकों को राजनीतिक, सामाजित एवं आर्थिक न्याय, समान अवसर तथा धार्मिक विश्वास एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही पार्टी के संविधान में 34 अनुच्छेद हैं। पार्टी सदस्यता फॉर्म भरने के साथ-साथ, किसी को यह संकल्प लेना होता है कि मैं धर्म पर आधारित धर्मनिरपेक्ष राज्य और राष्ट्र की अवधारणा की सदस्यता लेता हूं... मैं पार्टी के संविधान, नियमों और अनुशासन का पालन करने का वचन देता हूं।

# धारा 370 हटने के बाद भी क्यों जारी है आतंकवाद?

**अंकित सिंह**

जम्मू-कश्मीर में पिछले दिनों बड़े टारगेट किलिंग और उसको लेकर दिल्ली में हुई बड़ी बैठक पर ही हमने प्रभासाक्षी के खास कार्यक्रम चाय पर समीक्षा में चर्चा की। इस दौरान प्रभासाक्षी के संपादक नीरज कुमार दुबे भी मौजूद रहे। पहला सवाल यही रहा कि आखिर जम्मू कश्मीर में फिलहाल किस तरह की परिस्थितियां है? नीरज दुबे ने कहा कि जम्मू कश्मीर में परिस्थितियां पहले की तुलना में बहुत बदल गई है। अब वहां पर स्थानीय जनता हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के जयकारे लगाती है। हर सरकारी कार्यालय में तिरंगा दिख जाता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और जम्मू कश्मीर प्रशासन की ओर से जो तमाम योजनाएं चलाई जा रही है। उसका लाभ भी सीधे लोगों को मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि जम्मू कश्मीर में हो रहे विकास कार्यों पर सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नजर रहती है। यही कारण है कि यह सब देख कर पाकिस्तान नाखुश है।

नीरज दुबे ने कहा कि पाकिस्तान को यह लगने लगा है कि जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से कश्मीरी पंडित वापस लौटने लगे हैं और उनकी जो संपत्तियां है, वह उन्हें दोबारा मिलने लगी हैं। इसी से वह घबराया हुआ है। नीरज दुबे ने कहा कि जिस तरीके से खीर भवानी मेला का आयोजन हुआ या फिर महाशिवरात्रि का आयोजन हुआ, वह भी पाकिस्तान को खटक रहा है। नीरज दुबे ने यह भी कहा कि जो कुछ भी पाकिस्तान पहले से जम्मू-कश्मीर में करता आ रहा है, वह थोड़ा सा मुश्किल हो गया है। इसीलिए पाकिस्तान ने अपनी चाल बदली है। उन्होंने कहा कि जो कि पाकिस्तान के इशारे पर काम करने वाले अलगाववादी नेता थे, उन पर नकेल कसी जा चुकी है। नीरज दुबे ने कहा कि पाकिस्तान के जो बड़े हाथ कश्मीर में आतंकवादी फैलाने के लिए थे, अब वह कट चुका है। अब सीमा पर कड़ी सुरक्षा है जिसकी वजह से पाकिस्तान अपने नापाक मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को जम्मू-कश्मीर की शांति नहीं भाती है और इसीलिए उसने हाइब्रिड आतंकवाद करके एक नई चाल चली है।

नीरज दुबे ने कहा कि पहले भारत जम्मू-कश्मीर में एनकाउंटर में मारे जाने वाले आतंकियों की भारत पहचान उजागर करता था। दुनिया की नजरों में पाकिस्तान की पोल खुलती थी। इसी वजह से पाकिस्तान को फंडिंग की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। यही कारण है कि पाकिस्तान अब जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को लेकर सीधा शामिल नहीं होकर, दूसरा रास्ता अपनाया है। उसने हाइब्रिड आतंकवाद फैलाने की कोशिश की है। इसके लिए वह पाकिस्तान से गन भी भेजता है। उन्होंने कहा कि टारगेट किलिंग के लिए जन सामान्य के लोगों को ही इस्तेमाल किया जा रहा है। बताया जा रहा है जो लोग जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान को सपोर्ट करते हैं, वही लोग वहां के युवाओं को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। नीरज दुबे ने कहा कि वर्तमान में युवाओं को यह नहीं कहा जा रहा है कि आपको आतंकवाद करना है। युवाओं को सिर्फ एक लक्ष्य दिया जाता है और उसे उन्हें पूरा करना होता है। ऐसा करने के बाद एक बार फिर से सामान्य जिंदगी में वापस लौट जाते हैं। यही कारण रहा कि अब सुरक्षाबलों के लिए आतंकवादियों की पहचान करना थोड़ा चुनौती हो गया है। पहले जम्मू कश्मीर में आतंकी बड़े-बड़े बंदूकों को लेकर सोशल मीडिया पर अपने फोटो शेयर करते थे। हालांकि अब यह नहीं होता है। इसी से इस बात का भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि जम्मू कश्मीर में आतंक का तरीका बदल रहा है।

नीरज दुबे ने साफ तौर पर कहा कि जन सामान्य से ही निकला कोई व्यक्ति ऐसा कृत्य करता है तो उसकी पहचान करना मुश्किल काम है। इसके साथ ही नीरज दुबे ने कहा कि फिलहाल दिल्ली में जम्मू कश्मीर को लेकर बड़ी बैठक हुई।




# भारतीय वसुधैव कुटुम्बकम की भावना में विश्वास करते हैं



**देश के युवाओं को एक सामंजस्यपूर्ण और समावेशी समाज की दिशा में प्रयास करने के लिए आगे आने की जरूरत**

**सभी प्रकार के भेदभाव से मुक्त समाज का निर्माण नए भारत की परिकल्पना के मुख्य उद्देश्यों में से एक- एडकिशन भावनानी**

भारत एक आध्यात्मिकता और धार्मिकता का अणखुट ख़जाना हैज जो भारतीय संस्कृति और सभ्यता का हजारों वर्ष पहले का इतिहास रहा है, जिनकी अदृश्य शक्ति से, कोई हमारे देश का बुरा चाहते हुए भी नहीं कर सकता! क्योंकि हमारी आध्यात्मिकता और धार्मिकता अदृश्य पूर्वक उनकी कड़ियों को तोड़ देती है!और उन्हें हैरान कर देती है कि हमारा प्लान सफल क्यों नहीं हो रहा है!उन असुर शक्तियों को मालूम नहीं कि, भारत की मिट्टी में ही संस्कृति, सभ्यता, आध्यात्मिकता और धार्मिकता प्रवृत्ति गॉड गिफ्टेड है।

साथियों हम अगर गॉड गिफ्टेड ख़जाने के उपयोग का प्रयास एक सामंजस्यपूर्ण और समावेशी समाज की दिशा में प्रयास करने की कोशिश करें तो मेरा मानना है कि, हमारे नए भारत की परिकल्पना में मुख्य उद्देश्यों में से एक इस प्रयास का घनिष्ठ सकारात्मक प्रभाव होगा! और सभी प्रकार के भेदभाव से हम मुक्त होंगे, अनेकता में एकता होगी, नागरिकों को समान अधिकार रूपी मंत्र मिलेगा।

साथियों बात अगर हम सामंजस्यपूर्ण समाज की दिशा में प्रयास की करें तो साथियों जिस तरह प्रकृति में सुव्यवस्था, सुसंगति, मौसम चक्रीयता, सामंजस्यता, अंतर्दृष्टिता है। परंतु !! उसके चक्रीयता में, मानवीय हस्तक्षेप, विरोध हम पैदा करते है, परिणाम स्वरूप! हम जलवायु परिवर्तन के रौद्र रूप में को भुगत रहे हैं। सुसंगति, सामंजस्यता तो दुनिया में संपूर्णता पैदा करता है, संबंधों में प्रगाढ़यता आती है, सामंजस्यता या सुसंगति से व्यवस्था शांति, प्रशांति समयबद्धता, श्रम संस्कृति, अच्छे संबंध देती हैं। अपेक्षित और वांछनीय परिवर्तनों को त्वरित प्रदान करते हैं। साथियों सामाजिक सद्भाव से सुसंगती का अर्थ है समाज के सदस्यों के बीच स्नेहापूर्ण, मैत्रीपूर्ण संबंधों का होना लोगों और वातावरण के साथ सद्भावपूर्व तथा सामान्य सत्ता के साथ रहने का वैदिक दर्शन

साथियों इस कथन से स्पष्ट है कि, भारतीय %वसुधैव कुटुम्बकम% की भावना में विश्वास करते हैं जिसका अर्थ है पूरी दुनिया एक परिवार है और उन्होने हमेशा सार्वभौमिक भाईचारे का प्रचार किया है और दूसरों के साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की वकालत की है। यह उल्लेख करते हुए कि भारतीय सभ्यता ने हमेशा पूरी दुनिया की भलाई के लिए प्रार्थना की है,अनादि काल से, भारत ने अपने ज्ञान, कौशल और प्रथाओं को दुनिया भर के साथ साझा किया है ताकि अन्य भी लाभ उठा सकें।शून्य से योग तक, विभिन्न क्षेत्रों में भारतियों का योगदान, शेयर एंड केयर के नैतिक गुण के साथ, बहुत बड़ा रहा है।

साथियों बात अगर हम देश में कला और संस्कृति विभाग की समाज में सामंजस्य पूर्ण स्थिति देखने की करें तो,देश का कला और संस्कृति विभाग सामाजिक समरसता को सामाजिक एकीकरण और समुदायों और समाज में बड़े पैमाने पर शामिल करने की डिग्री के रूप में परिभाषित करता है। यह भी संदर्भित करता है कि व्यक्तियों और समुदायों के बीच पारस्परिक एकजुटता कितनी अभिव्यक्ति पाती है। दक्षिण अफ्रीकी संदर्भ में, सामाजिक सामंजस्य सामाजिक एकीकरण, समानता और सामाजिक न्याय के बारे में है। इसके लिए सकारात्मक संबंधों, विश्वास, एकजुटता, समावेश, सामूहिकता और सामान्य उद्देश्य को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

साथियों बात अगर हम समावेशी समाज की करें तो देश के युवाओं को समावेशी समाज को बनाने में आगे आने की जरूरत है।भारतीय संविधान में समता, स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय एवं व्यक्ति की गरिमा को प्राप्य मूल्यों के रूप में निरूपित किया गया है। हमारा संविधान जाति, वर्ग, धर्म, आय एवं लैंगिक आधार पर किसी भी प्रकार के विभेद का निषेध करता है। लोकत्रांतिक समाज की स्थापना के लिए हमारे संवैधानिक मूल्य स्पष्ट दिशानिर्देशन प्रदान करते हैं और इस प्रकार एक समावेशी समाज की स्थापना का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में बच्चे को सामाजिक, जातिगत, आर्थिक, वर्गीय, लैंगिक, शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से भिन्न देखे जाने के बजाय एक स्वत्रंत अधिगमकर्त्ता के रूप में देखे जाने की आवश्यकता है।समावेशी समाज का विकास उसमें निहित सम्पूर्ण मानवीय क्षमता के कुशलतापूर्वक उपभोग पर निर्भर करता है।समाज के सभी वर्गों की सहभागिता के बिना समावेशी समाज का विकास सम्भव नहीं हो सकता है। शिक्षा समावेशन की प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण औजार है। शिक्षा ही वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से एक बच्चा लोकत्रांतिक प्रक्रिया में अपनी भूमिका के लिए तैयारी करता है, वहीं दूसरी ओर समावेशन में बाधक तत्वों से निबटने का सामर्थ्य प्राप्त कर सकता है।

साथियों बात अगर हम हमारे भविष्य, बच्चों में समावेशन की प्रक्रिया की करें तो,बच्चों का समाजीकरण एक समान प्रक्रियाओं से होकर नहीं गुजरता, अत: समावेशन की प्रक्रिया भी एक समान नहीं रहती है। जिससे बच्चे के लिए वर्ण, जाति लिंग, न्याय एवं लोकतंत्र के नजरिए प्रभावित होते हैं। जब इस प्रकार के नजरिए को कई दृष्टियों से बल मिलता है तो ये मूल्यों में बदल जाते हैं। ये मूल्य संस्कृति में तत्पश्चात विचारधाराओं में बदलने की प्रक्रिया इसी क्रम की अगली शृंखला होती है। यह दुश्चक्र बार-बार के अनुभवों के पुर्नबलन से मजबूत होता जाता है।

## इन बूढ़े पहाड़ों पर, कुछ भी तो नहीं बदला

सदियों से गिरी बर्फ़ें
और उनपे बरसती हैं
हर साल नई बर्फ़ें
इन बूढ़े पहाड़ों पर....

घर लगते हैं क़ब्रों से
ख़ामोश सफ़ेदी में
कुतबे से दरख़्तों के

ना आब था ना दानें
अलग़ोज़ा की वादी में
भेड़ों की गईं जानें
संवाद- कुछ वक़्त नहीं गुज़रा नानी ने बताया था सरसब्ज़ ढलानों पर बस्ती गड़रियों की और भेड़ों की रेवड़ थे

ऊँचे कोहसारों के
गिरते हुए दामन में
जंगल हैं चनारों के
सब लाल से रहते हैं
जब धूप चमकती है
कुछ और दहकते हैं
हर साल चनारों में
इक आग के लगने से
मरते हैं हज़ारों में !
इन बूढ़े पहाड़ों पर...

नई दिल्ली
मंगलवार 07 जून 2022
Www.gauravshalibharat.com

## कानपुर हिंसा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जारी किया 40 संदिग्धों का पोस्टर

एजेंसी

**कानपुर।** कानपुर में बीते 3 जून को बवाल करने वाले लोगों की धरपकड़ तेज हो गई है। सोमवार को कानपुर पुलिस ने हिंसक झड़प में शामिल 40 संदिग्धों का पोस्टर जारी किया है। कानपुर पुलिस ने इन संदिग्धों की तस्वीरें सीसीटीवी और वीडियो फुटेज खंगालने के बाद जारी किए। पुलिस ने लोगों से संदिग्धों की तलाश में मदद करने की अपील की। इसके अलावा पुलिस ने ऐलान किया है कि सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा। पुलिस ने सूचना देने के लिए इंस्पेक्टर बेकनगंज का मोबाइल नंबर (9454403715) भी जारी किया।

आपको बता दें कि यह तीसरा मौका है जब हिंसा के आरोपियों की तस्वीरों वाले होर्डिंग महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाए जाएंगे। इस तरह के होर्डिंग सबसे पहले 2015 में सिसामऊ में लगाए गए थे। इसी तरह की कार्रवाई दिसम्बर 2019 में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान भी की गई थी। मार्च 2020 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर को होर्डिंग हटाने का निर्देश दिया था। तब कोर्ट ने राज्य सरकार की इस कार्रवाई को संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन और लोगों की निजता का अवांक्षनीय उल्लंघन माना था।




कानपुर के संयुक्त आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा है कि अब तक 38 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिस पेट्रोल पंप से खुले में पेट्रोल लिया गया उसपर विधिक कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अभी हमने कोई पोस्टर जारी नहीं किया है। पुलिस फोटोग्राफ की पहचान कर रही है। अगर ये नहीं मिलते हैं तो इसको जारी करेगी।

### सपा नेता निजाम कुरैशी का नाम आया

एफआईआर में निजाम कुरैशी का नाम आया है। निजाम कुरैशी जौहर फैंस एसोसिएशन का पदाधिकारी है। वह सपा का नेता भी बताया जा रहा है। फेसबुक में निजाम ने सपा नेताओं के साथ फोटो भी डाले हैं। उसमें उसे महानगर सचिव सपा कानपुर बताया गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैशी एक्शन कमेटी का जिलाध्यक्ष भी बताया जा रहा है। पुलिस की छानबीन में आया है कि सोशल मीडिया पर कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं। एक पक्ष को बेसहारा दर्शा कर माहौल बिगडाने की कोशिश की जा रही है। कैंट सीओ मृगांक शेखर पाठक की निगरानी में यह टीम काम करेगी।

## शार्ट न्यूज

### कानपुर के बाद आगरा में भी बिगड़ा माहौल, बाइक टक्कर के बाद दो पक्षों में पत्थरबाजी

आगरा। कानपुर में हिंसा के बाद उपद्रवियों की धड़पकड़ के बीच रविवार को आगरा में भी माहौल बिगड़ गया। यहां दो लोगों के बीच बाइक से हुई टक्कर के मामले ने तूल पकड़न लिया। पहले दोनों शख्स और फिर उनके परिवार वाले और देखते ही देखते मोहल्ले में रहने वाले दोनों समुदायों के लोग आपस में भिड़ गए। हालांकि, समय रहते पुलिस ने मामले को संभाल लिया। आगरा में ताजगंज के बसई खुर्द में रविवार शाम को बाइक टकराने पर दो युवकों के बीच विवाद हो गया। युवकों के परिजन भी वहां पहुंच गए, उनमें भी मारपीट होने लगी। दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे पर पथराव भी करते दिखे। इस बीच दो समुदायों के बीच टकराव की बात फैल गई। एसएसपी समेत अन्य अधिकारी मौके पर दौड़ पड़े। उन्होंने समय रहते मौके पर कानून-व्यवस्था को कायम किया। पुलिस ने अफवाह फैलने और मामले को बिगड़ने से रोक लिया। घटना शाम करीब साढ़े सात बजे की है। बसई खुर्द में सड़क की खोदाई हो रखी है। वहां इंटरलाकिंग बिछाने का काम चल रहा है। बसई खुर्द निवासी सादिक बाइक से घर आ रहा था। खोदाई के चलते उसकी बाइक सामने आ रहे राधेश्याम से टकरा गई। जिसे लेकर दोनों में विवाद होने लगा। राधेश्याम व सादिक के परिजन भी पहुंच गए। उनमें भी मारपीट होने लगी। किसी ने पुलिस को दो समुदाय में संघर्ष की सूचना दे दी। एसएसपी सुधीर कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। एसएसपी ने बताया कि सामुदायिक टकराव का नहीं था। आइजी रेंज नचिकेता झा, एसएसपी सुधीर कुमार, एएसपी सत्य नारायण, सीओ सदर राजीव कुमार, सीओ लोहामंडी अर्चना सिंह आदि ने ताजगंज समेत शहर के अन्य इलाकों में पैदल गश्त की। आगरा पुलिस ने बताया है कि इस घटना में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मौके पर शांति है और पुलिस बल तैनात है।

### महाराजगंज में हादसा : बारात जा रही कार बेकाबू होकर पलटी, 3 की मौत; 2 घायल



महाराजगंज। यूपी के महराजगंज में नौतनवा मिश्रवलिया रतनपुर से पुरन्दरपुर के सिसवनिया विशुन जा रही एक कार रविवार की आधी रात बेकाबू होकर पलट गई। कोल्हुई से आगे पिपरा के पास सामने से आ रही गाड़ी के रोशनी की वजह से हुए हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह कार एक बारात में जा रही थी। इस हादसे में रामकिशुन मद्धेशिया (45) वर्ष पुत्र अशर्फी निवासी रतनपुर मिश्रवलिया, नीरज उर्फ गोलू (30) वर्ष पुत्र दीपचंद निवासी रतनपुर मिश्रवलिया, श्रवण गिरि (23) पुत्र राम प्रकाश गिरि निवासी परसा सुमाली गोसाईं टोला की मौत हो गई। वहीं महावीर (20) वर्ष पुत्र हरिश्चंद्र निवासी रतनपुर व हरिद्वार (40) वर्ष पुत्र भरत निवासी महदेईया घायल हैं। महावीर की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मौके पर सीओ कोमल प्रसाद मिश्र, एसओ कोल्हुई अभिषेक सिंह मय फोर्स मौके पहुंचकर कार्रवाई में जुट गए थे।

### कानपुर में चंद्रेश्वर हाते को बम से उड़ाने की धमकी, यहीं जुमे की नमाज के बाद भड़की थी हिंसा

कानपुर। कानपुर के चंद्रेश्वर हाते को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। भाजपा नेता अमित बॉथम को एक अज्ञात नबंर से कॉल आया था। शख्स ने हाते को बम से उड़ाने की धमकी दी। जॉइन्ट सीपी ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। बता दें की 3 जून दोपहर 1:45 बजे यतीमखाना के पास की मस्जिद में जुमे की नमाज अदा की गई। 2.30 बजे के करीब नमाज के बाद लोग बाहर निकले और सीधे बाजार में खुली हुई दुकानों को जबर्दस्ती बंद कराने लगे। हिंदू दुकानदारों ने दुकानें बंद करने से मना किया, तो लोगों के बीच शामिल कुछ अराजक तत्वों ने सबसे पहले चंद्रेश्वर के हाता में घुसकर पथराव शुरू कर दिया। जिसके बाद पूरे इलाके का माहौल बिगड़ गया। इसी बीच भीड़ में शामिल कुछ शरारती तत्वों ने तमंचों से फायर किए। दोपहर 3 बजे तक बाजार से शुरू हुई घटना अब बवाल का रूप ले चुकी थी। देखते ही देखते परेड चौराहा पर करीब एक हजार लोग इकट्ठा हो गए। बवाल शुरू होने के बाद स्थितियां तेजी से बेकाबू हुईं। पुलिस तंग गलियों में घुसकर कार्रवाई नहीं कर पाई। संकरी गलियों में लोग रुक-रुककर पथराव कर रहे थे। पुलिस ने लोगों को नियंत्रित करने के लिए कई राउंड फायर किए। लाठीचार्ज करके लोगों को गलियों में खदेड़ा गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए करीब 12 थानों का फोर्स मौके पर भेजा गया। करीब 5 घंटे तक चले उपद्रव के बाद स्थितियां काबू में आ गईं।

### हापुड़ ब्लास्ट का कबूलनामा: फैक्ट्री चालक वसीम बोला- बारूद भरने वाली प्रेशर मशीन दबाव से फट गई, इसी से हुआ धमाका

हापुड़। हापुड़ में फैक्ट्री में 13 लोगों की मौत के जिम्मेदार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में हादसे की असल वजह सामने आई है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि प्रेशर मशीन का प्रेशर बढ़ने पर बारूद में आग लग गई। जिसके बाद जोरदार विस्फोट हो गया था और 13 लोगों की मौत हो गई थी। आरोपी वसीम ने बताया कि उसने 6 महीने पहले फैक्ट्री किराए पर ली थी। जिसमें वो बच्चों के खेलने में यूज होने वाली मिसाइल बनाता था। फैक्ट्री में प्लास्टिक की गोली में बारूद भरा जाता था। बारूद को प्रेशर मशीन के माध्यम से भरा जाता था। वसीम ने बताया कि प्रेशर मशीन में प्रेशर बढ़ गया था। इसके बाद प्रेशर मशीन और बारूद एक साथ फट गए। लगभग 10 बारूद के कट्टे रखे हुए थे। जिसके चलते भयंकर विस्फोट हुआ। जिसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी थी। हादसे वाले दिन फैक्ट्री में 32 मजदूर काम कर रहे थे। हलांकि पहले ब्लास्ट होने की वजह शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी बताया जा रहा था। कच्चा माल हर माह करीब 25 से 30 लाख रुपए का आता और और उससे तीन से चार गुना रेट का माल तैयार किया जाता है। फैक्ट्री में ही पैकेजिंग के लिए भी मशीन लगी थी। बारूद को पहले मशीनों से पीसा जाता उसके उसके बाद केमिकल डालकर उसे मशीन में भरा जाता था। इसके बाद मशीन से ही पटाखे तैयार किए जाते थे। हर माह इस अवैध पटाखा फैक्ट्री का टर्न ओवर सवा करोड़ रुपए महीना था। पुलिस के अनुसार इस काम के लिए कोई लाइसेंस नहीं लिया गया था। ये काम पूरी तरह से अवैध था।

### मिर्जापुर में लोगों ने एसपी ऑफिस में किया प्रदर्शन

मिर्जापुर। मिर्जापुर में तैनात दरोगा अर्जुन सिंह के उत्पीड़न से मोहल्ले के लोग परेशान हो चुके हैं। उन लोगों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए एसपी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन लोगों ने बताया कि खुद को माफिया की बहन बताने वाली एक महिला के कहने पर दरोगा हम लोगों पर दबाव बना रहा है कि हम लोग अपने घरों को बेचकर चले जाए। जिसके चलते आए दिन इन लोगों के साथ गाली-गलौच किया जाता है। दरोगा उन्हें फर्जी केस में फंसाने की धमकी देता है। एसपी अजय सिंह ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है। जिले के कटरा कोतवाली इलाके के अनगढ़ मोहल्लावासी एसपी कार्यालय पहुंचे। मोहल्ले के लोगों ने कहा गया कि अपने आपको भदोही के माफिया डॉ उदय भान सिंह उर्फ डॉ सिंह की बहन कहने वाली इन्दिरा सिंह ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। पूरे मोहल्ले पर कब्जा करने के लिए वो पुलिस के साथ मिलकर उन लोगों को कई तरह से प्रताड़ित कर रही है। आरोपी महिला मोहल्ले में बसे श्रमिक वर्ग को बेवजह गाली गलौच देती रहती हैं।

## तंजीन नहीं लड़ेंगी रामपुर से लोकसभा का उपचुनाव, आजम खान ने किया प्रत्याशी के नाम का ऐलान

रामपुर। रामपुर से समाजवादी पार्टी ने असिम रजा को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके पहले समाजवादी पार्टी से आजम खान की पत्नी तंजीन फातिमा का नाम तय माना जा रहा था लेकिन आज आजम खान ने आसिम रजा के नाम का ऐलान किया।

आसिम रजा, आजम खान के करीबी हैं। वह रामपुर से समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष हैं। आसिम आज ही अपना पर्चा दाखिल करेंगे। बता दें कि समाजवादी पार्टी ने आज नामांकन के आखिरी दिन ही आजमगढ़ में भी अपने प्रत्याशी के तौर पर धर्मेन्द्र यादव के नाम का ऐलान किया है। वह भी आज ही अपना पर्चा दाखिल कर रहे हैं।

यूपी विधानसभा चुनाव 2022 जीतने के बाद से अखिलेश यादव ने आजमगढ़ और आजम खान ने रामपुर संसदीय सीट से इस्तीफा दे दिया था। दोनों सीटों पर 23 जून को उपचुनाव होना है। नतीजे, 26 जून को आएंगे।



### समाजवादी पार्टी दफ्तर में आजम ने किया ऐलान

आजम खान ने आसिम रजा के नाम का ऐलान रामपुरी के समाजवादी पार्टी दफ्तर में किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सपा ने आजम पर छोड़ दिया था फैसला

बताया जा रहा है कि समाजवादी पार्टी ने रामपुर लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में उम्मीदवारी का फैसला आजम खान पर छोड़ दिया था। नामांकन के आखिरी दिन तक उम्मीदवार के नाम पर सस्पेंस बना हुआ था।

राजनीतिक गलियारों में माना जा रहा था कि तंजीन फातिमा सपा की उम्मीदवार होंगी लेकिन ऐन वक्त पर आजम ने आसिूम रजा के नाम का ऐलान कर सबको चौंका दिया।

### बीजेपी ने घनश्याम लोधी को बनाया उम्मीदवार

बीजेपी ने रामपुर उपचुनाव में घनश्याम लोधी को टिकट दिया है। जबकि आजमगढ़ में दिनेश लाल यादव निरहुआ पार्टी के उम्मीदवार हैं। निरहुआ को पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उतारा था। हालांकि वो चुनाव हार गए थे।

## दलित पिता-पुत्र की दबंगों ने घसीट-घसीटकर पिटाई की

सहारनपुर। सहारनपुर के थाना नागल में एक दलित युवक की सड़क पर घसीट-घसीटकर पिटाई कर दी। दलित युवक अरुण कुमार के ट्रैक्टर लग गई थी। जिसे अक्षय कुमार चला रहा था। जिसका विरोध दलित युवक ने किया। दोनों में कहासुनी बढ़ गई। जिसके बाद अरुण पक्ष के लोग आ गए और अक्षय की जमकर पिटाई कर दी। अरुण को पीटता देख उसके पक्ष के लोग भी आ गए। जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट का 15 सेकेंड का वीडियो वायरल हो रहा है।

### खेत से ट्रैक्टर लेकर घर जा रहा था अक्षय

गांव कोटा का अक्षय कुमार दोपहर को अपने खेत से ट्रैक्टर लेकर घर जा रहा था। जैसे ही वह नागल के बाजार में पहुंचा तो संजय अपने बेटे अक्षय के साथ जा रहा था। तभी टैक्टर की टक्कर संजय को लग गई। जिसका अक्षय ने विरोध किया। अक्षय और अरुण में कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्ष के लोग आ गए। दोनों पक्षों में जमकर लात-घूसे चले।

### जाति सूचक शब्द कहने का आरोप

अक्षय के पिता संजय का आरोप है कि अक्षय ने पहले ट्रैक्टर से साइड मारी। जब इसका विरोध किया, तो जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया। गाली-गलौच देने लगा। हालांकि दोनों पक्षों ने अभी तक थाने में तहरीर नहीं दी है।

## गोरखपुर के चिलुआताल में मिला युवक का शव: सिर में मिले चोट के निशान

गोरखपुर। गोरखपुर के गुलरिहा इलाके के डुमरी गांव के चिलुआताल में में सोमवार सुबह एक 30 साल के युवक की लाश मिली। उसका शव पानी के ऊपर तैर रहा था। गांव के लोगों ने शव को देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पानी से निकलवाया। उसके बाद मर्चरी भिजवाया। मामले की जांच जारी है।

### हत्या की जताई जा रही आशंका

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक के शरीर पर चोट के निशान हैं। खून भी लगा हैं। सिर पर गन शॉट जैसा छेद है। जिससे युवक के हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस अभी खुल कर कुछ नहीं बोल रही है। पुलिस बस इतना कह रही है कि शव 5 से 6 दिन पुराना है और उसके शरीर के कंधे के पास का हिस्सा कोई जानवर खा चुका है। लोगों के अनुसार युवक ने केवल काला जींस पैंट पहना हुआ है। शरीर के उपरी हिस्से में वह कुछ नहीं पहना है।

### शव की अभी तक नहीं हो पाई शनाख्त

शव मिलने के बाद पुलिस बीट पुलिसकर्मियों के व्हाटसएप ग्रुप पर युवक की फोटो भेजकर पहचान में जुटी है।

साथ ही आसपास के थानों से गुमशुदगी का भी पता किया जा रहा है। गुलरिहा थानाध्यक्ष उमेश कुमार वाजपेई ने बताया कि युवक की लाश मिली है। पहचान की कोशिश की जा रही है। लाश पुराना लग रहा है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पहचान के बाद ही पता चलेगा कि उसकी मौत कैसे हुई है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रविवार की शाम बलदेवा प्लाजा मे मिला था एक अन्य युवक का शव

रविवार की शाम को कैंट इलाके के गोलघर स्थित बलदेव प्लाजा के छत पर एक अन्य युवक की लाश मिली थी। उसकी पहचान गुलरिहा के सेमरा निवासी इंद्र बहादुर के रूप में हुई थी।

## बस्ती: जेल में कैदी की मौत पर कार्रवाई, शासन ने जेल अधीक्षक को किया सस्पेंड

**बस्ती।** बस्ती जिला कारागार में एक कैदी की मौत के अगले दिन सोमवार को शासन ने इस घटना पर संज्ञान लेते हुए जेल अधीक्षक को निलंबित कर दिया तथा जेल प्रशासन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जिला कारागार में बंद विचाराधीन कैदी विजय सोनकर (38) की मौत रविवार को हो गई थी। मृतक की पत्नी ने जेल प्रशासन के खिलाफ कोतवाली थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। इस पर कार्रवाई करते हुए जेल अधीक्षक दिलीप कुमार पांडेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

बस्ती के जिलाधिकारी कार्यालय ने पांडेय के निलंबन की पुष्टि कर दी है। विजय को गत 30 मई को पुलिस ने मादक पदार्थ एवं अवैध हथियारों से जुड़े मामले के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा था। परिजनों का आरोप है कि 30 मई को पुलिस उसे घर से उठाकर ले गई थी। इसके बाद उसके खिलाफ स्मैक, गांजा व कट्टा-कारतूस फर्जी मुकदमे लगा कर जेल भेज दिया।

जेल प्रशासन पर आरोप है कि विजय की जेल में अत्यधिक पिटाई के कारण लगी गंभीर चोटें उसकी मौत का कारण बनीं। मृतक के परिजनों ने बस्ती के पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव से इस बारे में शिकायत कर प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की थी। इस संबंध में जेल अधीक्षक दिलीप पांडेय का कहना था कि विजय सोनकर की शनिवार की रात को तबीयत बिगड़ने पर रात में ही उसे दवा दी गई थी। रविवार की सुबह जेल खुलने के वक्त विजय की तबीयत फिर से बिगड़ गई, तब उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मुख्य चिकित्साधिकारी स्तर से गठित डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। इसमें सर, हाथ, पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट की पुष्टि हुई है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जेल प्रशासन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

## भ्रष्टाचार में लिप्त आजमगढ़ के सरकारी दफ्तर में आम नागरिक से मारपीट

आजमगढ़। आजमगढ़ के सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के ऑफिस में भ्रष्टाचार को उजागर करने वाली एक घटना सामने आई है जिसमे धीरज कुमार राय नाम के एक व्यक्ति के साथ सरकारी काम को बिना घूस दिए पूर्ण कराने की कोशिश में उनके साथ मारपीट की गयी और इस मामले में शिकायत करने के बाद कोई भी पुलिस कार्यवाही न होने पर पीड़ित व्यक्ति ने लखनऊ में स्तिथ परिवहन विभाग के प्रमुख उप-सचिव को इस भ्रष्टाचार से जुडी गतिविधि की शिकायत की।

इस घटना का जिक्र करते हुए पीड़ित धीरज कुमार राय ने बताया कि मामला तिथि 22/03/2022 से जुड़ा है जब वह अपनी इनोवा क्रिस्टा गाड़ी के फिटनेस वेरिफिकेशन के लिए आजमगढ़ के ए.आर.टी.ओ.ऑफिस पहुंचे। ऑफिस पहुंचकर धीरज कुमार राय ने ड्यूटी पर तैनात अफसर पवन कुमार सोनकर से गाड़ी की फिटनेस वेरिफिकेशन की कार्यवाही करने की प्रार्थना की। लेकिन सम्बंधित अधिकारी ने काम को पूर्ण करने के लिए पीड़ित व्यक्ति धीरज कुमार राय से 3000 रूपये रिश्वत की मांग की। धीरज कुमार ने रिश्वत देने से मना किया और सम्बंधित अधिकारी पवन कुमार सोनकर के पास शासन का फोन करवाया जिसके बाद शासन ने गाड़ी की समस्या को लेकर एक शपथ पत्र जमा करने के लिए कहा। पवन कुमार सोनकर शासन द्वारा फोन करवाए जाने से नाराज हो गए और धीरज कुमार के कार्य को पूर्ण किये बिना ही ऑफिस से अपने निरिक्षण स्थल भंवरनाथ रवाना हो गए। धीरज कुमार को शाम साढ़े चार बजे तक इंतजार करना पड़ा। ए.आर.टी.ओ. के अधिकारी पवन कुमार सोनकर जब वापस अपने कार्यालय पहुंचे तो एक बार फिर से पीड़ित व्यक्ति ने अपने कार्य पूर्ण करने की प्रार्थना की लेकिन अधिकारी ने उन्हें बाहर भेजकर इंतजार करने को कहा। बाहर खड़े धीरज कुमार राय को ऑफिस के बाहर खड़े कुछ दलालों ने घेर लिया और उन्हें गाली देने लगे उसके बाद जब पीड़ित पवन कुमार सोनकर को इस घटना की जानकारी देने गए तो वो भी धीरज कुमार पर गुस्सा हो गए। इस दौरान 5-6 दलाल अधिकारी पवन कुमार सोनकर के सामने ही धीरज कुमार राय को मारने लगे और अपशब्द कहने लगे। इस घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति ने निकटतम थाना/चौकी पर शिकायत की लेकिन इस सन्दर्भ में कोई भी कार्यवाही सम्बंधित अधिकारी पवन कुमार और मारपीट करने वाले दलालों के खिलाफ नही हुई।






### पीड़ित ने बताया कैसे होता है भ्रष्टाचार

पीड़ित व्यक्ति धीरज कुमार ने ए.आर.टी.ओ. आजमगढ़ ऑफिस से जुड़े भ्रष्टाचार के बारे में और खुलासा करते हुए बताया कि सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आजमगढ़ के दफ्तर पर हर सरकारी काम के पूर्ण होने का रास्ता भ्रष्टाचार से होकर जाता है। इस सरकारी दफ्तर में हर फाइल पर पैसा फिक्स होता है, कोई भी काम बिना दलाल के होना असंभव है। यदि कोई अपना काम करवाने भी जाए तो यहाँ के बाबू आपकी फाइल में इतनी कमी बताएंगे कि आप परेशां होकर पैसा देना ज्यादा उचित समझेंगे। ए.आर.टी.ओ. ऑफिस ऑफिस पर आर.आई. को माफिया एवं गुंडों की 20-25 संख्या में संरक्षण प्राप्त है ताकि आम आदमी को माफिया और दलालों द्वारा परेशां किया जा सके। ऑफिस के अगल बगल सैंकड़ों दुकाने है वहां पर दलालों का उठाना बैठना है, इन दलालों से अधिकारीयों और बाबुओं का कमीशन फिक्स होता है ये लोग ऑफिस के अन्दर कोई कार्य न करके बाहर भेज देते है और बहार के साईबर कैफे पर सारा काम होता है। जिससे इनको कमीशन मिल सके। इस ए.आर.टी.ओ.ऑफिस के बाहर कई सालों से अफसर और बाबू कई सालों से भ्रष्टाचार में लिप्त है।

## महिलाओं की स्वास्थ्य जागरुकता के लिए उतरा महिला मोर्चा



मेरठ। मेरठ में महिलाओं को निजी सेहत और स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के लिए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की सदस्याएं उतरीं। पुलिस लाइन के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिलाओं ने मिलकर स्वास्थ्य जागरुकता शिविर लगाया। शिविर में आम जनमानस महिलाओं को जागरुक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से दवाओं का वितरण हुआ।

### आयरन, कैल्शियम की टेबलेट बांटी

शिविर में पीएचसी के प्रभारी डॉ. अंकुर त्यागी उनकी टीम ने मिलकर आम महिलाओं को विटामिन, कैल्शियम और आयरन की गोलियां बांटी। महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन भी दिए। आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और एएनएम को आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। इन महिलाओं को बच्चों को लगने वाले टीके, गर्भवती महिला के टीके, प्रसूताओं की सही देखभाल कैसे करें इसकी जानकारी भी दी गई।

### स्कूलों, बस्तियों में चलाएं हेल्थ कैम्पेन

डॉ. अंकुर त्यागी ने महिलाओं से कहा कि वे अपनी सेहत का खुद अच्छे से ख्याल रखें। उचित सफाई रखें, साथ ही अपने आसपास के गर्ल्स स्कूल, कॉलेजों में भी सफाई और सेहत की जागरुकता का कैम्पेन चलाएं। ताकि हर बालिका को किशोरावस्था के परिवर्तनों की सही जानकारी मिले। वो उनसे घबराए नहीं। गर्भवती महिलाएं भी अपनी सेहत का पूरा ख्याल रख सकें।

### ये रहीं मौजूद

इस शिविर में डॉ. अंजू वारियर, डॉली गुप्ता, बबीता चौहान, सुषमा शर्मा, रीता चड्डा, निर्मल गुप्ता, अंशु गुप्ता, शशीबाला पटेल, सावित्री देवी, नूतन त्यागी मौजूद रहीं।

## 22 साल के संदीप की धारदार हथियार से हत्या: वाराणसी में बारात में नाचते लोगों पर पत्थर फेंकने बाद मचा था हंगामा; पुलिस ने शुरू की जांच

गवाराणसी। वाराणसी के शिवपुर थाना क्षेत्र में एक 22 साल के युवक संदीप सोनकर की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। पेट में दर्जनों बार वार किया गया, जिससे मौके पर ही युवक ने दम तोड़ दिया। मामला बीती रात एक शादी के समारोह में शुरू हुआ था। शिवपुर के कादीपुर में राजेश पटेल की पुत्री की शादी समारोह में काफी लोग इकट्ठा हुए थे। बारात निकल रही थी। इस दौरान लोगों मस्ती से डीजे पर नाच रहे थे। तभी किसी ने पत्थर का एक टूकड़ा नाचने वालों पर फेंक दिया। पिसौर मोहल्ले के निवासी किशन गुप्ता को एक टूकड़ा लग गया, तो उसने पास में खड़े संदीप सोनकर पर धावा बोल दिया। डीजे की तेज म्यूजिक के बीच मारपीट शुरू हो गई। मामला बढ़ता देख घारातियों और बारातियों ने दोनों को समझा-बुझाकर माहौल को शांत कराया।

शादी से निकलने के बाद आधी रात संदीप अपने दोस्तों आकाश गुप्ता, सूर्य प्रकाश कनौजिया और संदीप गुप्ता को लेकर किशन गुप्ता के घर पहुंच जाता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, रात में उन्होंने गाली-गलौच की आवाजें सुनीं थी। संदीप के सभी दोस्त किशन को जोर-जोर से गाली दे रहे थे। इतने में घर के अंदर से किशन धारदार हथियार लेकर बाहर निकलता है और उसे संदीप सोनकर के पेट घुसेड़ देता है। इसके बाद उसने एक-एक करके दर्जनों वार संदीप सोनकर के पेट में किए।

इससे संदीप वहीं पर गिर पड़ा और मौत हो गई। यह देख दोस्तों के होश उड़ गए और भागते हुए इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने शिवपुर थाने को जानकारी देकर घटना स्थल पहुंचे, तो देखे संदीप अचेतावस्था में पड़ा है।

परिजनों ने संदीप को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, पुलिस सीधे अस्पताल पहुंची, जहां पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## शार्ट न्यूज

### एक्सिस बैंक जारी करेगा विशेष सिक्कों की श्रृंखला

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ मिलकर एक्सिस बैंक आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में चुनिंदा बैंक शाखाओं के माध्यम से अपने कुछ ग्राहकों को सीमित संख्या में विशेष सिक्कों की श्रृंखला वितरित करेगा। बैंक यह वितरण भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पहल आजादी का अमृत महोत्सव के तहत करेगा। एक्सिस बैंक के खुदरा ऋण एवं उत्पाद के मुख्य शाखा बैंकिंग के समूह कार्यकारी रवि नारायणन ने कहा,हमें इस शानदार महोत्सव का हिस्सा बनने की बेहद खुशी है। एक जिम्मेदार कॉरपोरेट नागरिक के रूप में हम अपने प्रधानमंत्री द्वारा अनावरण की गई विशेष सिक्कों की श्रृंखला को प्रदान करके राष्ट्र के लोगों के प्रति प्रशंसा प्रदर्शित करने के सरकार के मिशन का पूर्ण समर्थन करेंगे। दिल्ली में एक्सिस बैंक चुनिंदा शाखाओं जैसे करोलबाग, झंडेवालान, सदर चौक, कृष्णा नगर, मयूर विहार और नयी दिल्ली की मुख्य शाखा के माध्यम से विशेष सिक्कों की श्रृंखला को वितरित करेगा।

### गरुड़ एयरोस्पेस में शेयरधारक और ब्रांड एंबेसेडर बने महेंद्र सिंह धोनी

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को गरुड़ एयरोस्पेस ने अपना ब्रांड एंबेसडर और अंशधारक बनाया है। पूर्व कप्तान धोनी ने कहा, मैं गरुड़ एयरोस्पेस का हिस्सा बनकर खुश है और एयरोस्पेस द्वारा पेश किये जाने वाले अद्वितीय ड्रोन समाधानों के साथ उनके विकास की कहानी को देखने के लिए उत्सुक हूं। गरुड़ एयरोस्पेस के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अग्निश्वर जयप्रकाश ने धोनी के गरूड से जुड़ने पर कहा, गरुड़ एरोस्पेस विकास को लेकर उत्साहित है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा से ही माही भाई का प्रशंसक रहे है और उन्हें गरुड़ एयरोस्पेस परिवार के एक हिस्से के रूप में देखना एक सपने के सच होने जैसा है। अग्निश्वर ने कहा कि माही भाई समर्पण के प्रतीक हैं और मेरा दृढ़ विश्वास है कि कैप्टन कूल का हमारे से जुड़ना, हमारी टीम को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि गरुड़ एयरोस्पेस भारतीय ड्रोन परिदृश्य में महत्वपूर्ण घटक है और वह मजबूती के साथ से भारत का पहला ड्रोन यूनिकॉर्न स्टार्ट-अप बनने की राह पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि गरुड़ एयरोस्पेस 300 ड्रोन और 500 पायलटों से के साथ 26 शहरों में काम कर रही और हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरुड एरोस्पेस की निर्माण इकाई का उद्घाटन किया था।

### महात्मा गांधी के चित्र वाले नोट नहीं हटेंगे

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि महात्मा गांधी के चित्र वाले वर्तमान मुद्रा और बैंक-नोट को दूसरों के चित्र वाले नोट के साथ बदलने का कोई प्रस्ताव नहीं है। इसने उन रिपोर्टों का खंडन किया जिसमें दावा किया गया था कि आरबीआई मौजूदा मुद्रा और बैंक नोटों में बदलाव पर विचार कर रहा था। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में इस तरह की चर्चाओं के बारे में एक बयान में स्पष्ट किया , मीडिया में कुछ जगह ऐसी खबरें दिखी हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक महात्मा गांधी के चित्र वाली वर्तमान मुद्राओं और बैंक नोटों को बदल कर उसकी जगह अन्य लोगों के चित्रवाले नोट और मुद्रा लाने का विचार कर रहा है। यह ध्यान दिया जाए कि रिजर्व बैंक का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

### एलआईसी के शेयर और नीचे, बाजार पूंजीकरण पांच लाख करोड़ रुपये से नीचे

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयर सोमवार को बीएसई में 2.85 फीसदी की गिरावट के साथ 777.40 रुपये पर बंद हुए। यह शेयर 949 रुपये प्रति शेयर के भाव पर जारी किया गया था। उसकी तुलना में यह लगभग 18 प्रतिशत नीचे आ चुका है। पिछले दिन के कारोबार में यह शेयर 800.25 रुपये पर बंद हुआ था। शेयर मूल्य में लगातार गिरावट के बीच एलआईसी का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) अब पांच लाख करोड़ रुपये से नीचे आ गया है। सोमवार के बंद भाव पर देश की इस सबसे बड़ी बीमा कंपनी का पूर्ण बाजार 4.91 लाख करोड़ रुपये था। एलआईसी के सार्वजनिक निर्गम के लिए बोलियां नौ मई को बंद हुई थी। इस आईपीओ को लगभग तीन गुना अभिदान मिला था और सरकार ने इसे जबरदस्त सफलता माना गया। आईपीओ के बंद होने के बाद, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) तुहिन कांत पांडे ने कहा था कि इस निर्गम को सभी श्रेणियों के निवेशकों से जबरदस्त समर्थन मिली है। एलआईसी शेयरों के मूल्य निर्धारण पर, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा था कि इस निर्गम में आवेदन मूल्य का दायरा बीमाकर्ता के मूल आंतरिक मूल्य के आधार पर किया गया था। एलआईसी की शेयर बाजारों में सूचीबद्ध फीकी रही थी।

### कर्वअप का श्रीलंबा में निशुल्क एडब्लूएस रि/स्टार्ट क्लाउड स्किल्स प्रशिक्षण

नयी दिल्ली। क्लाउड कंप्यूटिंग में बढ़ती कौशल की कमी को पूरा करने और लोगों को क्लाउड का कौशल प्राप्त करने का अवसर देने के लिए टेक्नॉलॉजी कंसल्टेंसी एवं शिक्षा प्रदाता कर्वअप ने एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) के साथ गठबंधन किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके तहत यह श्रीलंका में एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम द्वारा क्लाउड कंप्यूटिंग में कौशल का विकास कर नौकरी का प्रशिक्षण निशुल्क प्रदान करेगा। एडब्लूएस रि/स्टार्ट 12 हफ्ते का प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें एडब्लूएस क्लाउड कौशल का मूलभूत ज्ञान तथा प्रायोगिक करियर कौशल, जैसे इंटरव्यू देने और रेज़्यूम बनाने की कला शामिल हैं, ताकि लोगों को एंट्री-लेवल पर क्लाउड की जिम्मेदारियां संभालने के लिए तैयार किया जा सके। श्रीलंका में आईटी क्षेत्र में 150,000 लोग कार्यरत हैं, जिससे इस क्षेत्र में अपार रुचि प्रदर्शित होती है। यहां पर इंटरनेट 50 प्रतिशत आबादी तक पहुंच चुका है और कोविड के बाद के समय में श्रीलंका में ऑनलाईन लर्निंग में बढ़ोत्तरी हुई है । कर्वअप और एडब्लूएस रि/स्टार्ट मिलकर क्लाउड के क्षेत्र में एक समावेशी, विस्तृत ग्लोबल पाईपलाईन का निर्माण करने में मदद कर रहे हैं। इस पाईपलाईन में उन लोगों को शामिल किया जा रहा है, जो अन्य तरीकों से इस क्षेत्र में करियर नहीं बना सकते हैं।

### अडानी ग्रुप की एक बड़ी डील और शेयर बना रॉकेट, रू 2000 के पार चला गया स्टॉक



नई दिल्ली। अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी ट्रांसमिशन के शेयरों में आज जबरदस्त तेजी रही। कंपनी के शेयर 3.49 प्रतिशत चढ़कर 2,021.15 रुपये पर बंद हुए। शुरुआती कारोबार में कंपनी के शेयर 4त्र तक उछल गए थे। दरअसल, अडानी ट्रांसमिशन के शेयरों में यह उछाल उस खबर के बाद देखी गई है जिसमें अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी ट्रांसमिशन ने एस्सार पावर लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदने की बात कही है। बता दें कि शुक्रवार को एस्सार पावर ने एक बयान में कहा था कि उसने अपने दो पावर ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट में से एक को 1,913 करोड़ रुपये में बेचने के लिए अडानी ट्रांसमिशन लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। यह डील 1,913 करोड़ रुपये में हुई है। एस्सार पावर की यूनिट एस्सार पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की तीन राज्यों में 465 किलोमीटर की पावर ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट्स हैं। अडानी ट्रांसमिशन का स्टॉक बीएसई पर 1,953 रुपये के पिछले बंद के मुकाबले आज 3.18 फीसदी की तेजी के साथ 2,015 रुपये पर खुला था। शेयर 200-दिवसीय मूविंग एवरेज से अधिक लेकिन 5-दिन, 20-दिन, 50-दिन और 100-दिवसीय मूविंग एवरेज से कम पर ट्रेड करता है। इस साल की शुरुआत से स्टॉक में एक साल में 24.57 फीसदी और 15.42 फीसदी की तेजी आई है। बीएसई पर कुल 3683 शेयरों ने 73.94 लाख रुपये का कारोबार किया। फर्म का मार्केट कैप बढ़कर 2.2 लाख करोड़ रुपये हो गया।

# 21वीं सदी में जन केन्द्रित पहल के साथ आगे बढ़ रही सरकार : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि 21वीं सदी का भारत जन केन्द्रित गवर्नेंस की अप्रोच के साथ आगे बढ़ा है और ये हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि हम खुद जनता तक पहुंचे और हर पात्र व्यक्ति को पूरा लाभ पहुंचायें।

श्री मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत वित्त एवं कंपनी मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित एक सप्ताह के विशेष कार्यक्रम का यहां शुभारंभ करते हुये कहा कि पहले के समय सरकार केन्द्रित गवर्नेंस का देश ने बहुत बड़ा खामियाजा उठाया है। लेकिन आज 21वीं सदी का भारत जन केन्द्रित गवर्नेंस की अप्रोच के साथ आगे बढ़ा है। ये जनता ही है, जिसने हमें अपनी सेवा के लिए यहां भेजा है। इसलिए हमारी ये सर्वोच्च प्राथमिकता है कि हम खुद जनता तक पहुंचे, हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना, उसे पूरा लाभ पहुंचाना, ये दायित्व हम पर है।

इस मौके पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कंपनी मामलों के राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और वित्त राज्य मंत्री भगवत कृष्ण राव कराड भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर सरकार की क्रेडिट लिंक्ड योजनाओं के पोर्टल जन समर्थ पोर्टल का शुभारंभ भी किया। उन्होंने इसके साथ ही एक रुपया, दो रुपये, पांच रुपये , 10 रुपये और 20 रुपये के विशेष सीरीज के सिक्के भी जारी किये। श्री मोदी ने कहा कि ये नए सिक्के देश के लोगों को निरंतर अमृतकाल के लक्ष्य याद दिलाएंगे, उन्हें राष्ट्र के विकास में योगदान के लिए प्रेरित करेंगे। अगले एक हफ्ते में अनेक कार्यक्रम विभाग के द्वारा होने वाले हैं।

इस मौके पर एक डिजिटल प्रदर्शनी भी शुरू हुयी जिसमें रुपये के सफर का भी प्रदर्शन किया गया है।

मोदी ने कहा कि बीते 8 वर्षों में दिखाया गया है कि भारत अगर मिलकर कुछ करने की ठान ले तो वो पूरी दुनिया के लिए एक नई उम्मीद बन जाता है। आज दुनिया सिर्फ एक बड़े उपभोक्ता बाजार के रूप में ही नहीं, बल्कि एक समर्थ, बहुत बड़े बदलाव करने वाले, नवाचारी ईकोसिस्टम के रूप में आशा और अपेक्षाओं से भारत की तरफ देख रही है। दुनिया के एक बड़े हिस्से को भारत से समस्याओं के समाधान की अपेक्षाएं हैं। ये इसीलिए संभव हो पा रहा है क्योंकि बीते 8 सालों में सामान्य भारतीय के विवेक पर भरोसा किया गया है। उन्होंने कहा कि देश की जनता पर पूरा विश्वास रहा है कि जो भी टेक्नॉलॉजी सुशासन के लिए लाई जाएगी, उसे देश की जनता स्वीकार करेगी और सराहेगी भी। इसी जनविश्वास का परिणाम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डिजिटल ट्रांजेक्शन प्लेटफॉर्म यूपीआई के रूप में सबके सामने है।



आज दूर-सुदूर गांवों से लेकर शहरों के मोहल्लों में रेहड़ी-ठेले पर भी 10-20 रुपए से लेकर लाखों की ट्रांजेक्शन देशवासी इस पर आसानी से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं में इनोवेशन और उद्यमशिलता को लेकर जो जुनून है, उस पर भी बहुत अधिक विश्वास था। देश के नौजवानों में छुपे इसी जुनून को रास्ता देने के लिए स्टार्टअप इंडिया का प्लेटफॉर्म दिया गया। आज देश में लगभग 70 हज़ार स्टार्ट अप हैं और हर रोज़ इसमें दर्जनों नए सदस्य जुड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश जो हासिल कर रहा है, उसमें बहुत बड़ी भूमिका स्व-प्रेरणा की है, सबके प्रयास की है। देशवासी आत्मनिर्भर भारत अभियान से, वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों से भावनात्मक रूप से जुड़ गए हैं। इसमें वित्त मंत्रालय और कंपनी मामलों के मंत्रालय की की भूमिका बहुत बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि बैंक, हमारी करंसी इंटरनेशनल सप्लाई चेन का, इंटरनेशनल ट्रेड का व्यापक हिस्सा कैसे बनें, इस पर भी फोकस ज़रूरी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अलग-अलग मंत्रालयों की अलग-अलग वेबसाइटों के चक्कर, उसे लगाने से बेहतर है कि वे भारत सरकार के एक पोर्टल तक पहुंचे और उसकी समस्या का समाधान हो। आज जनसमर्थ पोर्टल लॉन्च किया गया है, वो इसी लक्ष्य के साथ बनाया गया है। अब भारत सरकार की सभी क्रेडिट लिंक्ड योजनाओं, अलग-अलग माइक्रोसाइटों पर नहीं बल्कि एक ही जगह पर उपलब्ध होंगी। ये जनसमर्थ पोर्टल छात्रों का, उद्यमियों का, व्यापारियों-कारोबारियों का, किसानों का जीवन तो आसान बनाएगा ही, उन्हें अपने सपने पूरे करने में भी मदद करेगा। जनसमर्थ पोर्टल के माध्यम से अब देश के युवाओं को, मध्यम वर्ग को पूरी सेवाओं का एक बड़ा प्लेटफॉर्म मिला है। जब लोन लेने में आसानी होगी, कम से कम प्रक्रियाएं होंगी तो ये भी स्वभाविक है कि ज्यादा से ज्यादा लोग लोन लेने के लिए आगे आएंगे। ये पोर्टल, स्वरोजगार को बढ़ाने में, सरकार की योजनाओं को सभी लाभार्थियों तक ले जाने में अहम भूमिका निभाने वाला है।

प्रधानमंत्री ने बैंकरों से भी जनसमर्थ पोर्टल को सफल बनाने की अपील करते हुये कहा कि युवाओं को लोन मिलना आसान बनाने के लिए बैंक भी अपनी भागीदारी ज्यादा से ज्यादा बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी सुधार हो, अगर उसका लक्ष्य स्पष्ट है, उसके क्रियान्वयन को लेकर गंभीरता है, तो उसके अच ?छे नतीजे भी आना तय है। बीते आठ वर्षों में देश ने जो सुधार किए हैं, उनमें बड़ी प्राथमिकता इस बात को भी दी गई है कि देश के युवाओं को अपना सामर्थ्य दिखाने का पूरा मौका मिले। युवा अपनी मनचाही कंपनी आसानी से खोल पाएं, वे आसानी से उद्यमी बन पाएं, उन्हें आसानी से चला पाएं। इसलिए 30 हजार से ज्यादा अनुपालनों को कम करके, डेढ़ हजार से ज्यादा कानूनों को समाप्त करके, कंपनी कानून के अनेक प्रावधानों को गैरअपराधीकृत करके ये सुनिश्चित किया गया है कि भारत की कंपनियां नन्न सिर्फ आगे बढ़ें बल्कि नई ऊंचाई को प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि सुधार के साथ ही जिस बात पर फोकस किया गया है वे है सरलीकरण। केंद्र और राज्य के अनेक टैक्सों के जाल की जगह अब जीएसटी ने ले ली है। और इस सरलीकरण का नतीजा भी देश देख रहा है। अब हर महीने जीएसटी संग्रह एक लाख करोड़ रुपए के पार जाना सामान्य बात हो गई है। ईपीएफओ पंजीयन की संख्या में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सुधार, सरलीकरण से आगे बढ़कर अब हम सुगम व्यवस्था का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेम पोर्टल पर भी खरीद का आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपए को पार कर रहा है। आज देश में निवेश करने के लिए कहां-कहां संभावनाएं हैं, वो जानकारी इंवेस्ट इंडिया पोर्टल के माध्यम से आसानी से उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि आज अनेक तरह की क्लियरेंस के लिए एकल खिड़की पोर्टल है।

इसी कड़ी में ये जनसमर्थ पोर्टल भी देश के युवाओं, देश के स्टार्ट अप को बहुत मदद करने वाला है। आज हम सुधार, सरलीकरण, सुगमता की शक्ति के साथ आगे बढ़ते हैं तो सुविधाओं का नया स्तर प्राप्त होता है। सभी देशवासियों को आधुनिक सुविधाएं देना, उसके लिए नित नए प्रयास करना, नए संकल्प लेकर उन्हें सिद्ध करना हम सभी का दायित्व है।

# आरबीआई रेपो दर में कर सकता है 0.25-0.50 प्रतिशत तक का इजाफा: विश्लेषक

नयी दिल्ली। अर्थशास्त्रियों और बाजार विश्लेषकों का अनुमान है कि ऊंची मुद्रास्फीति और भू-राजनैतिक तनावों से जिंस की कीमतों में उतार चढ़ाव को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक(आरबीआई) इस सप्ताह रेपो दर में 0.25 से लेकर 0.50 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकता है।

रिजर्व बैंक की नीतिगत दरें तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक सोमवार को शुरू हो रही है। समिति के निर्णयों की घोषणा रिजर्व बैंक के गवर्नर डॉ शक्तिकांत दास आठ जून को करेंगे।

रिजर्व बैंक ने पिछले माह समिति की द्वैमासिक समीक्षा बैठक के अवधि के बीच में ही एक बैठक बुलाकर मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए नीतिगत ब्याज दर को 0.40 प्रतिशत बढ़ाकर 4.40 प्रतिशत कर दिया था। गर्वनर डॉ दास ने हाल में संकेत दिया था कि नीतिगत दरों में आनेवाले समय में और वृद्धि कर सकता है। इसलिए




रेपो दर में वृद्ध की संभावना को तय माना जा रहा है।

रेपो रेट वह दर है जिसपर बैंक आरबीआई से रोजमर्रा के लिए पैसा ऊधार लेते हैं। रेपो दर के बढ़ने से बैंकों के पास धन की लागत बढ़ जाती है और वह कर्जदारों के लिए ऋण महंगा कर देते हैं।

मौद्रिक नीति समिति ने पिछली अप्रत्याशित बैठक में आरक्षित नगदी अनुपात (सीआरआर) भी बढ़ाकर 4.0 प्रतिशत से 4.5 प्रतिशत कर दिया था जो 21 मई के पखवाड़े से प्रभावी हो गयी है। सीआरआर बढ़ने से बैंकों को अतिरिक्त नगदी रिजर्व बैंक के नियंत्रण में रखनी पड़ती है जिससे उनके पास कर्ज देने के लिए उपलब्ध धन सीमित हो जाता है।

आरबीआई की सोमवार से हो रही समीक्षा बैठक की संभावनाओं के बारे में कोटक इंस्टीट्यूशल इक्विटिज के वरिष्ट अर्थशास्त्री सुवोदीप रक्षित ने कहा,हम जून की नीतिगत बैठक में रेपो में 0.40 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना देख रहे हैं। लेकिन यह भी संभव है कि आरबीआई 0.35-0.50 प्रतिशत के दायरे में किसी भी स्तर की वृद्धि कर सकता है।

उन्होंने कहा कि मौद्रिक नीति समिति अगस्त तक नीतिगत दर को महामारी से पहले की 5.15 प्रतिशत की दर तक पहुंचाना चाहती है।

एसबीआई ग्रुप के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्यकांति घोष ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि आरबीआई इस बैठक में रेपो दर को 0.50 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है और उदार नीतिगत रुख में कमी के कदमों पर ध्यान दे सकता है। इसका कारण है कि मुद्रास्फीति का दबाव लगातार ऊंचा बना हुआ है।

श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक उमेश रेवांकर ने कहा कि इस समय जहां एक ओर कोविड के नए-नए स्वरूपों को लेकर अनिश्चिता बनी हुयी है और आर्थिक वृद्धि दर में भी उतार-चढ़ाव चल रहा है। मुद्रास्फीति के बढ़ने की प्रत्याशाएं ऊंची हैं और दुसरी तरफ दुनियाभर के केंद्रीय बैंक सस्ते कर्ज की नीति से पीछे हट रहे हैं। ऐसे हालात में हमें उम्मीद है कि रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति को समान्य बनाने की राह पर ही चलेगा लेकिन उसकी रफ्तार धीमी होगी।

कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष और बॉन्ड निवेश के प्रमुख चर्चिल भट्ट को उम्मीद है कि मौद्रिक नीति समिति नीतिगत दर में 0.25-0.40 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकती है।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिश्रित संकेत के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 23 रिंगिट उतरकर 6725 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, अमेरिकी सोया तेल का जून वायदा 0.32 सेंट की तेजी लेकर 82.17 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान पाम ऑयल 440 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि वनस्पति तेल में 220 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल ओर सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले दिवस के स्तर पर टिके रहे।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव स्थिर रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 50 रुपये और चना दाल 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि मूंग दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में मिश्रित रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि गेहूं के भाव स्थिर रहे।

दाल-दलहन : चना 4400-4500,दाल चना 5400-5500, मसूर काली 8400-8500, मूंग दाल 8100-8200, उड़द दाल 9700-9800, अरहर दाल 8000-8100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज :(भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2270-2370 रुपये और चावल : 2500-2600 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3560-3670, चीनी एम. 3700-3800, मिल डिलीवरी 3440-3540 और गुड़ 3500-3600 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल: सरसों तेल 18314 रुपये, मूंगफली तेल 20512 रुपये, सूरजमुखी तेल 20512 रुपये, सोया रिफाइंड 17582 रुपये, पाम ऑयल 16116 रुपये और वनस्पति तेल 17509 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## इस्पात मंत्री राम चंद्र प्रसाद सिंह ने पन्ना में हीरा खदानों का दौरा किया

नयी दिल्ली। केन्द्रीय इस्पात मंत्री राम चंद्र प्रसाद सिंह ने सोमवार को मध्य प्रदेश में पन्ना में हीरा खनन परियोजना की स्थिति की समीक्षा की और वहां अधिकारियों को उच्चतम न्यायालय से अनुमोदन तथा अन्य स्वीकृति प्राप्त होने के बाद सामान्य परिचालन बहाल करने और उसे तेज करने की तैयारी रखने की सलाह दी।

इस्पात मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक श्री सिंह ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण एवं विकास को साथ-साथ चलना चाहिए। उन्होंने इस तालमेल को बनाए रखने के लिए सरकारी खनन कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा किए गए प्रयास अत्यधिक प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में भारत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे तेज गति से विस्तार कर रही प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में रहा। इसमें एनएमडीसी जैसे संगठनों का भी योगदान है।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री के साथ एनएमडीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुमित देब और इस्पात मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

कंपनी के एक्सप्लॉरेशन कैंप और हीरा खदानों में मंत्री का स्वागत करते हुए श्री देब ने परियोजना की शुरुआत से लेकर अब तक की पृष्ठभूमि, अयस्क के प्रकार, इसकी प्रसंस्करण प्रक्रिया, उत्पादित हीरे के प्रकार और मझगवां में संभावित हीरे के भंडार जैसे विवरण प्रस्तुत किए।

इससे पहले कल श्री सिंह ने एनएमडीसी पन्ना डायमंड सेंटर में जांच एवं अन्वेषण सुविधाओं का निरीक्षण किया। यह देश का एकमात्र हीरा अन्वेषण केंद्र है। इसके अलावा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस्पात मंत्री ने केंद्र में पौधरोपण भी किया और एनएमडीसी के कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

# सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार फिसला

मुंबई। वैश्विक बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और सीडीजीएस समेत दस समूहों में हुई बिकवाली से आज कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार फिसल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 93.91 अंक उतरकर 55,675.32 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 14.75 अंक फिसलकर 16,569.55 अंक रह गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली का दबाव रहा। मिडकैप 0.15 प्रतिशत गिरकर 22,739.83 अंक और स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत टूटकर 26,240.44 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3557 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1970 में गिरावट जबकि 1429 में तेजी रही वहीं 158 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई




में 29 कंपनियां लाल जबकि 21 हरे निशान पर रही।

बीएसई की 10 समूहों में बिकवाली जबकि शेष नौ में तेजी रही। इस दौरान सीडीजीएस 0.79, एफएमसीजी 0.08, वित्त 0.04, इंडस्ट्रियल्स 0.28, आईटी 0.21, दूरसंचार 0.31, कैपिटल गुड्स 0.53, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.59, टेक 0.04 और रियल्टी समूह के शेयर 0.87 प्रतिशत कमजोर पड़े।

अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में तेजी का रुख रहा । इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.34, जर्मनी का डैक्स 0.99, जापान का निक्केई 0.56, हांगकांग का हैंगसेंग 2.71 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.28 प्रतिशत चढ़ गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 159 अंक की गिरावट लेकर 55,610.64 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 55,295.74 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद शुरू हुई लिवाली की बदौलत यह दोपहर बाद 55,832.28 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 55,769.23 अंक के मुकाबले 0.17 प्रतिशत फिसलकर 55,675.32 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 54 अंक उतरकर 16,530.70 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 16,444.55 अंक के निचले जबकि 16,610.95 अंक के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 16,584.30 अंक की तुलना में 0.09 प्रतिशत गिरकर 16,569.55 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स में 21 कंपनियों में बिकवाली जबकि शेष नौ में बढ़त दर्ज की गई। एशियन पेंट ने सबसे अधिक 2.36 प्रतिशत का नुकसान उठाया वहीं टाटा स्टील के शेयर सर्वाधिक 0.99 प्रतिशत के लाभ में रहा।

गिरावट पर रहने वाली अन्य प्रमुख कंपनियों में एलटी 0.79, विप्रो 0.52, रिलायंस 0.45, भारती एयरटेल 0.45, एचडीएफसी 0.32, टीसीएस 0.25, एचडीएफसी बैंक 0.19 और एसबीआई 0.16 प्रतिशत शामिल रही।

# 500 प्रतिशत से ज्यादा का दिया रिटर्न, अब इस मल्टीबैगर पेनी स्टॉक को खरीदने की लगी होड़

**एजेंसी**

नई दिल्ली। एक पेनी स्टॉक (कीमत के मामले में सस्ता शेयर) ने ताबड़तोड़ रिटर्न दिया है। इस मल्टीबैगर शेयर ने पिछले कुछ साल में इनवेस्टर्स को 500 पर्सेंट से ज्यादा का रिटर्न दिया है। यह कंपनी वीरम सिक्योरिटीज है। कंपनी के शेयरों ने पिछले 1 महीने करीब 58 फीसदी का रिटर्न दिया है। वीरम सिक्योरिटीज के शेयरों में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी है। कंपनी के शेयर सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में अपर सर्किट के साथ 23.95 रुपये पर बंद हुए हैं।

### 5 साल से कम में 1 लाख रुपये के बन गए 6 लाख से ज्यादा

वीरम सिक्योरिटीज के शेयर 31 जुलाई 2017 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 3.80 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 6 जून 2022 को बीएसई में 23.95 रुपये के स्तर पर बंद हुए हैं। कंपनी के शेयरों ने 5 साल से कम में ही 510 फीसदी से अधिक का रिटर्न निवेशकों को दिया है। अगर किसी व्यक्ति ने 31 जुलाई 2017 को कंपनी के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते तो मौजूदा समय में यह पैसा 6.30 लाख रुपये होता।

### नोमुरा सिंगापुर ने खरीदे कंपनी के 1,50,000 शेयर

ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज ग्रुप नोमुरा सिंगापुर लिमिटेड ने वीरम सिक्योरिटीज में हिस्सेदारी खरीदी है। नोमुरा सिंगापुर ने वीरम सिक्योरिटीज के 1,50,000 शेयर खरीदे हैं।

इससे पहले, Resonance ऑर्पर्च्यूनिटीज फंड मॉरीशस ने इस बीएसई लिस्टेड कंपनी के 1,03,000 शेयर खरीदे थे। वीरम सिक्योरिटीज के शेयरों ने पिछले एक साल में निवेशकों को 130 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। 5 अगस्त 2021 को कंपनी के शेयर बीएसई में 10.41 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 6 जून 2022 को 23.95 रुपये पर बंद हुए हैं।



## शार्ट न्यूज

### हरियाणा को योग में स्वर्ण, थांग ता में कांस्य , कबड्डी के फाइनल में

चंडीगढ़। हरियाणा के पंचकूला में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राज्य के योग खिलाड़ियों ने लड़कों के अंडर-18 आयु वर्ग की कलात्मक योग स्पर्धा में आज स्वर्ण पदक तथा लड़कियों के इसी आयु वर्ग में थांग ता स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। आर्टिस्टिक ग्रुप योग में हरियाणा की टीम 120.99 अंकों के साथ प्रथम रही। इस प्रतियागिता में महाराष्ट्र की टीम 118.5 अंकों के साथ दूसरे, पश्चिम बंगाल 115.6 अंकों के साथ तीसरे, तमिलनाडु( 112.54) चौथे और त्रिपुरा( 108.6) अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहा। वहीं हरियाणा की लड़कियों ने कबड्डी में फाइनल में जगह बनाई। उसने सेमीफाइनल में आंध्र प्रदेश को एक तरफा मुकाबले में 50-15 अंकों से हराया। दूसरा सेमीफाइनल महाराष्ट्र और तमिलनाडु के बीच होगा। इसी प्रकार, लड़कों के कबड्डी मैच में उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र को 41 -37 अंकों से हराया। लड़कों का वॉलीबॉल का पहला सेमीफाइनल आज राजस्थान और हरियाणा और दूसरा तमिलनाडु और गुजरात के बीच होगा जबकि लड़कियों के पहले सेमीफाइनल में हरियाणा और गुजरात की टक्कर होगी। 61 किलो भार वर्ग में हरियाणा की सविता ने उत्तराखंड की वंशिका गोसाई को 10-0 से हराया। मध्य प्रदेश की रेखा जाट ने गुजरात की मीनाबेन पटेल को 10-2 से हराया जबकि दिल्ली की निकिता ने हिमाचल प्रदेश की खुशी ठाकुर को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

### झारखंड के ट्रैक्टर ड्राइवर की बेटी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सबसे युवा खिलाड़ी

पंचकुला। झारखंड की इतु मंडल ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अपनी पहली रेड करने से पहले ही शनिवार को रिकॉर्ड बुक्स में अपना नाम लिखवा लिया। 13 साल की उम्र में मासूम चेहरे वाली इस कबड्डी खिलाड़ी ने खेलों के इस संस्करण में सबसे युवा खिलाड़ी के रूप में प्रवेश किया है। ट्रैक्टर ड्राइवर की बेटी इतु मंडल को कबड्डी से उस समय प्यार हो गया था जब वह मात्र आठ साल की थी। अपने आसपास सभी महिलाओं के होने के बावजूद उसने तेजी से अपने कदम बढाए और अंडर 18 युवा टीम का हिस्सा बन गयी। महाराष्ट्र के खिलाफ अपने पहले मैच के बाद उसने कहा, %मेरे माता-पिता मुझे लेकर चिंतित थे लेकिन मुझे कभी डर नहीं लगा। इतु मंडल का रिकॉर्ड ज्यादा समय तक नहीं टिका रह सकता है। उसकी बहन जो उससे पांच साल छोटी है, भी कबड्डी को पसंद करने लगी है और वह एक शानदार खिलाड़ी बन चुकी है। झारखंड के दुमका जिले के मधुबन गांव की इतु ने कहा, मैं अपने परिवार में सबसे बड़ी हूं लेकिन मेरे माता -पिता ने मुझे खुली छूट दी। उन्होंने मुझ पर परिवार की जिम्मेदारी लेने का कोई दबाव नहीं डाला।

### कार्लसन को हराकर आर्मागेडन में नंबर एक पर पहुंचे आनंद

ओस्लो। भारत के शतरंज ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद ने सोमवार को विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हराकर आर्मागेडन में एकल लीड हासिल कर ली है। आनंद नॉर्वे के कार्लसन को क्लासिकल मैच में नहीं हरा सके, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए सडन-डेथ निर्णायक मुकाबले में जीत हासिल की। चेसबेस ने आंनद के हवाले से कहा, मैंने आर्मागेडन में सीधी तरह जीतना चाहता था, लेकिन अब यह जीत हार की तरह महसूस हो रही है। पहला गेम जीतना आसान था, उसे जीतने के कई तरीके थे, लेकिन मेरे हाथ से मैच फिर भी फिसल गया। उन्होंने कहा, मैं अपना कम्प्यूटर लाया था, लेकिन मैंने उसे चालू भी नहीं किया। मैं आर्मागेडन के लिये कुछ सर्च करना चाहता था, लेकिन गेम के बाद मैं वैसे ही बुत बनकर बैठा रहा।

### सुदीप का नाबाद शतक, बंगाल का मजबूत स्कोर

बेंगलुरु। सुदीप कुमार त्यागी (नाबाद 106) के शानदार शतक और उनकी अनुस्तुप मजुमदार (नाबाद 85) के साथ दूसरे विकेट के लिए 178 रन की जबरदस्त अविजित साझेदारी की मदद से बंगाल ने झारखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल के पहले दिन सोमवार को एक विकेट पर 310 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। अभिषेक रमन और अभिमन्यु ईश्वरन ने पहले विकेट के लिए 132 रन जोड़े। रमन 72 गेंदों में 41 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। कप्तान ईश्वरन 124 गेंदों में 65 रन बनाकर आउट हुए। स्टंप्स के समय सुदीप 204 गेंदों में 13 चौके और एक छक्के की मदद से 106 और मजुमदार 139 गेंदों में 85 रन बनाकर क्रीज पर थे।

### रणजी ट्रॉफ़ी में पिंक बॉल से डे-नाइट मुक़ाबले होते देखेंगे: करुण नायर

बेंगलुरु। टेस्ट क्रिकेट में कई टॉप टीमें लगातार अंतराल पर पिंक बॉल से मैच खेलने लगी हैं। उदाहरण के तौर पर ऑस्ट्रेलिया ने 2015-16 से हर सीज़न में कम से कम एक पिंक बॉल टेस्ट मैच खेला है। ऐसे में गुलाबी गेंद के साथ अभ्यास करना और दूधिया रोशनी से अनुकूल होना अहम हो जाता है। भारत ने अब तक तीन पिंक बॉल टेस्ट मैच का आयोजन किया है लेकिन प्रथम श्रेणी के सबसे बड़े टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफ़ी में अब तक एक भी ऐसा मैच नहीं खेला गया है। इससे पहले केवल दुलीप ट्रॉफ़ी (जो अब रद्द कर दी गई है) में 2016, 2017 और 2018 के बीच 12 पिंक बॉल मुक़ाबले खेले गए थे। रणजी ट्रॉफ़ी 2022 के क्वार्टर-फ़ाइनल से पहले कर्नाटका के सीनियर बल्लेबाज़ करुण नायर ने कहा, आने वाले वर्षों में हम इन मैचों को नियमित तौर पर आयोजित होते देखेंगे। भारत में और डे-नाइट टेस्ट मैच खेले जाएंगे। मुझे भरोसा है कि हमें रणजी ट्रॉफ़ी में भी डे-नाइट मैच खेलने को मिलेंगे। बंगाल के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन भी प्रत्येक सीज़न में कुछ डे-नाइट मैच के आयोजन को लेकर सकारात्मक हैं। उनका मानना है कि इससे राष्ट्रीय टीम में चुने जाने वाले खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास करने का अवसर मिलेगा क्योंकि पिंक बॉल टेस्ट मैच नियमित रूप से खेले जा रहे हैं। ईश्वरन ने कहा, बीसीसीआई हर सीज़न में एक या दो पिंक बॉल मैच आयोजित करने पर विचार कर सकता है। वह इसलिए कि अगर कोई खिलाड़ी भारतीय टीम के लिए चुना जाता है तो उसे इस गेंद के ख़िलाफ़ खेलने का अनुभव मिलेगा। अगर भारत हर सीरीज़ में एक डे-नाइट मैच खेलने जा रहा है तो हर साल एक या दो मैच (रणजी ट्रॉफ़ी में) खेले जा सकते है।

### श्रीलंका में जो रूट के दिखाए मार्ग पर चलना चाहते हैं लाबुशेन

लंदन। श्रीलंका में स्पिन के ख़िलाफ़ अपनी अब तक की सबसे बड़ी चुनौती के लिए मार्नस लाबुशेन इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट के दिखाए मार्ग पर चलना चाहते हैं। पिछले साल रूट ने दो टेस्ट मैचों में 426 रन बनाए थे। रविवार को बारिश के कारण रद्द हुए मैच के साथ ग्लेमॉर्गन के साथ उनका वर्तमान कार्यकाल समाप्त हुआ। मैच के रद्द होने से पहले अपनी लेग स्पिन गेंदबाज़ी से उन्होंने दो शिकार किए। श्रीलंका के दौरे पर उनकी यह कला कप्तान आरोन फ़िंच और पैट कमिंस के काम आ सकती है। गेंद के अलावा बल्ले के साथ लाबुशेन के पास अपनी छाप छोड़ने का बढ़िया अवसर होगा जब दौरे के अंत में गॉल में दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। लाबुशेन के टेस्ट करियर की शुरुआत 2018 में संयुक्त अरब अमीरात में पाकिस्तान के विरुद्ध हुई थी। पाकिस्तान के हालिया दौरे के अलावा उन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप में टेस्ट सीरीज़ नहीं खेली हैं। इस पाकिस्तान दौरे पर स्पिनरों ने लाबुशेन को परेशान किया और पहले मैच में 90 रन बनाने के बाद अगले दो मैचों में वह शून्य पर चलते बने। उन्होंने बीबीसी स्पोर्ट वेल्स से कहा, यह मेरे लिए भारतीय उपमहाद्वीप में स्पिन के विरुद्ध पहली असली चुनौती होगी। मैं इस चुनौती को पार करना चाहता हूं। जो रूट ने वहां बढ़िया बल्लेबाज़ी की थी और मैंने उनके खेल से बहुत कुछ सीखने का प्रयत्न किया है। लाबुशेन ने आगे कहा, हम विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना चाहते हैं। हम विश्व के किसी भी कोने में मैच जीतना चाहते हैं और मुझे लगता है कि हम श्रीलंका में सीरीज़ जीत सकते हैं। मुझे गर्मी और वहां की परिस्थितियों के अनुकूल होना होगा।

# कप्तानी मेरे जीवन पर बुरा असर डाल रही थी : रूट



लंदन। लॉर्ड्स के मैदान पर अपना शतक हासिल करने पर जो रूट की प्रतिक्रिया से साफ़ पता चल रहा था वह कितने भावनात्मक हो गए थे। रूट के नाबाद 115 रन उनके जीवन का 26वां टेस्ट शतक था और चौथी पारी में पहला। इस शतक के साथ ही उन्होंने इंग्लैंड के लिए घरेलू सीज़न को शानदार तरीक़े से शुरू किया और 10 महीने पहले भारत के ख़िलाफ़ हेडिंग्ले में मिली जीत के बाद के सूखे को ख़त्म किया।

शायद सबसे बड़ी बात यह थी कि यह रूट का वापस एक आम खिलाड़ी बनने के बाद पहला शतक था। उन्होंने पांच साल और रिकॉर्ड 64 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड की कप्तानी की लेकिन एशेज़ में 4-0 और वेस्टइंडीज़ में 1-0 हारने के बाद उनकी कप्तानी में टीम ने पिछले 17 टेस्ट में एक ही जीता था। उन्होंने रविवार को अपनी पारी के बाद कहा, कप्तानी और मेरा रिश्ता असहज होने लगा था। कप्तानी ने मेरे निजी स्वास्थ्य और जीवन पर बुरा असर डाल दिया था। मैं सब कुछ मैदान पर नहीं छोड़ पाता था और यह मेरे परिवार या मेरे क़रीबी लोगों के लिए ठीक नहीं था। मैंने पूरी कोशिश की कि हम बतौर टीम अपनी क़िस्मत बदल सकें लेकिन फिर मुझे ऐसा लगा कि इसको थोड़े अलग ढंग से करना होगा। अब मैं ऐसा करने के लिए बहुत उत्साहित हूं और चाहता हूं कि बेन स्टोक्स के साथ इस टीम को उन ऊंचाइयों तक पहुंचा दूं जिसके वह हक़दार हैं।

रूट की कप्तानी में टीम का हालिया प्रदर्शन भले ही निराशाजनक रहा हो, उनका व्यक्तिगत फ़ॉर्म ज़बरदस्त रहा था। 2021 में उन्होंने 61 की औसत से 1708 रन बनाए जो मोहम्मद यूसुफ़ द्वारा बनाए गए एक वर्ष में सर्वाधिक रनों के विश्व रिकॉर्ड से केवल 80 रन कम थे। एशेज़ में उनके स्कोर थोड़े कम ज़रूर रहे थे लेकिन उसके बाद उन्होंने एंटिगा और बारबेडॉस में लगातार शतक जड़कर 2022 में पिछले साल के फ़ॉर्म को बरक़रार रखने के संकेत दिए थे। उन्होंने शुरुआत में ज़रूर टीम की कमान संभाले रखने की बात की थी लेकिन वेस्टइंडीज़ दौरे से लौटकर क्रिकेट से ब्रेक लेने के बाद उन्होंने कप्तानी से हटने का फ़ैसला सुनाया था।

उन्होंने कहा, मैंने पूरी कोशिश तो की थी लेकिन शायद मैं समझ नहीं पाया था कि कप्तानी का बोझ कितना भारी था। मुझे लगा मेरा फ़ैसला सही था और उसे लेने के बाद ही मुझे लगा एक बड़ा बोझ हट गया है।

कप्तानी एक सौभाग्य की बात थी लेकिन अब यह मेरे खेल जीवन का एक नया पड़ाव है। मेरा अच्छा दोस्त अब टीम की ज़िम्मेदारी ले चुका है और उसने शानदार शुरुआत की है और भविष्य को लेकर मैं बहुत आंदोलित हूं।

राजस्टोक्स को खुद इस जीत में अहम भूमिका निभानी पड़ी। उन्होंने एक जोखिम भरी अर्धशतकीय पारी के साथ इंग्लैंड को 277 के लक्ष्य की ओर अग्रसर किया। हालांकि उनके आउट होने पर भी 118 रनों की दरकार थी और ऐसे में रूट ने बेन फ़ोक्स के साथ सकारात्मक बल्लेबाज़ी करते हुए अपने आख़िरी 81 गेंदों पर ठीक 81 रन बनाए।

रूट ने जीत के बारे में कहा, यह एक सुखद एहसास है। ऐसा लग रहा है यह बहुत दिनों बाद हमें मिला है लेकिन आप चाहते हैं कि ऐसा बार-बार हो। इसी अनुभव को हम अगले हफ़्ते ट्रेंट ब्रिज में फिर दोहराना चाहते हैं।

रविवार की जीत के बाद रूट ने सीमारेखा पर खड़े होकर पहले न्यूज़ीलैंड खिलाड़ियों से हाथ मिलाया और फिर पवेलियन में लॉर्ड्स के मेंबर्स का अभिवादन स्वीकारा और उसके बाद उनका स्वागत उनके साथियों ने किया। स्टोक्स इस पंक्ति का पहला हिस्सा थे और उनके पीछे थे जॉनी बेयरस्टो, स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन।

रूट ने कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब आप ड्रेसिंग रूम या लॉन्ग रूम से गुज़रते हैं और आपके टीम-मेट आपको हाई फ़ाइव देते हैं और उनके चेहरे पर ख़ुशी साफ़ दिखती है। पिछले डेढ़ साल में मैंने इस अनुभव को सबसे ज़्यादा मिस किया था। मेरी कप्तानी में बेन ने इतने करामात किए हैं, मुझे लगता है अब मेरी बारी है कि मैं भी उनके लिए ऐसा करूं। स्टोक्स ने इस बारे में कहा, बड़े अवसर पर जो ने हमेशा अच्छा खेल दिखाया है। उन्हें मेरी तारीफ़ करने की ज़रूरत नहीं थी क्योंकि वह वैसे भी अगला टेस्ट खेलते।

## बेन सॉयर बने न्यूज़ीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच

वेलिंग्टन। बेन सॉयर को न्यूज़ीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच के तौर पर नियुक्त किया गया है। ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के सहायक कोच रह चुके सॉयर के लिए दो साल के अनुबंध की तत्कालीन शुरुआत हो चुकी है। उनके लिए पहला टूर्नामेंट होगा जुलाई में राष्ट्रमंडल खेल और उसके बाद वेस्टइंडीज़ का दौरा। सॉयर ने कहा, मैं इस पद पर काम शुरू करने के लिए बेताब हूं। मुझे व्हाइट फ़र्न्स में बहुत प्रतिभा दिखती है और मैं इस टीम को नई ऊंचाई तक ले जाना चाहता हूं। सॉयर ने न्यूज़ीलैंड टीम के साथ ऐसे समय पर नाता जोड़ा है जब केंद्रीय अनुबंध को लेकर काफ़ी विवाद छिड़े हैं। नए अनुबंध नहीं दिए जाने पर अनुभवी बल्लेबाज़ एमी सैटर्थवेट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इन अनुबंधों में तेज़ गेंदबाज़ लिया तहुहू का नाम भी शामिल नहीं किया गया था और अधिकारीयों के अनुसार वह घर पर हुए वनडे विश्व कप में सेमीफ़ाइनल तक न पहुंच पाने के निराशा के बाद युवा खिलाड़ियों को अगले वर्ष होने वाले टी20 विश्व कप के लिए तैयार करना चाहते हैं। कप्तान सोफ़ी डिवाइन ने कहा, हम सब बेन के अनुभव का पूरा फ़ायदा लेना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम के हालिया प्रदर्शन में उनका बड़ा योगदान रहा है और हमें विश्वास है कि वह न्यूज़ीलैंड के साथ भी एक शक्तिशाली टीम बनाने में सफल होंगे। आगामी समय में राष्ट्रमंडल खेल और वेस्टइंडीज़ के दौरे इस सिलसिले में मदद करेंगे क्योंकि बाहर दौरा करने से टीम में एकता बढ़ती है।

## नाइजीरिया, मोरक्को और तंजानिया ने अंडर-17 महिला विश्व कप का लाइनअप पूरा किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप भारत 2022 के लिए लाइनअप को अब अंतिम रूप दे दिया गया है। इस साल भारत में होने वाले इस इवेंट के लिए तीन स्थान खाली थे, जिन्हें मोरक्को, नाइजीरिया और तंजानिया ने भर दिया है।

लाइनअप का पूरा होना भारत के लिए अपनी पहली फीफा महिला वैश्विक प्रतियोगिता की मेजबानी के रास्ते में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) से आने वाले इन तीन देशों के नाम 24 जून को होने वाले आधिकारिक ड्रा के लिए शामिल होंगे। मेजबान भारत, चाइना पीआर, जापान, न्यूजीलैंड, यूएसए, कनाडा, मैक्सिको, ब्राजील, चिली, कोलंबिया के अलावा ज्यूरिख में होने वाले ड्रा समारोह में जर्मनी, स्पेन और फ्रांस को भी अपनी-अपनी विरोधी टीमों के बारे में पता चल सकेगा।

तंजानिया और मोरक्को के लिए यह एक महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि दोनों देश वैश्विक युवा टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगे। दूसरी ओर, नाइजीरिया लगातार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेता रहा है। बीते छह अंडर-17 वर्ल्ड कप की बात करें तो नाइजीरिया सिर्फ एक बार क्वालीफाई नहीं कर सका है।

फाइनल्स में पहुंचने वाले पहले पूर्वी अफ्रीकी देश तंजानिया ने कैमरून पर 5-1 की जीत के साथ इस वैश्विक टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर ली। तंजानिया ने जंजीबार के अमान स्टेडियम में रविवार को क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के दूसरे चरण में कैमरून को 1-0 से हराया, जिसमें नीमा पॉल ने मैच का एकमात्र गोल किया। इस बीच, मोरक्को ने शनिवार को घाना को पेनल्टी शूटआउट के आधार पर हराकर क्वालीफाई किया। दोनों टीमों ने अपने-अपने होम मैच जीतकर एग्रीगेट स्कोर को 2-2 से बराबरी पर ला दिया था।

फ्लामेंगोज नाम से मशहूर नाइजीरियाई टीम ने इथियोपिया के साथ गोलरहित ड्रॉ खेलकर भी इस साल अक्टूबर में होने वाले इस आयोजन के लिए क्वालीफाई किया। नाइजीरिया ने रिवर्स मैच में इथियोपिया पर 1-0 से जीत हासिल की थी।

फीफा अंडर-17 महिला विमेंस वर्ल्ड कप इंडिया 2022 टूर्नामेंट 11 अक्टूबर से शुरू होगा। फाइनल मुकाबला 30 अक्टूबर को होगा।

### संयुक्त राष्ट्र ने दी भयावह भूख की चेतावनी

# जी 7 बनाम पुतिन के बीच भारत पर टिकीं दुनिया की निगाहें



नई दिल्ली। दुनिया की लगभग 2.5 अरब आबादी पर इस समय भुखमरी का संकट मंडरा रहा है। गेहूं सहित अनाज की भारी कमी ने लाखों लोगों को, विशेष रूप से अफ्रीका में भुखमरी और कुपोषण के कगार पर ला दिया है। यह ऐसा संकट है जो उन्हें वर्षों तक पीड़ित कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र आने वाले महीनों में भयावह भूख और मौतों की चेतावनी देने के लिए जोर-जोर से खतरे की घंटी बजा रहा है, लेकिन कोई फायदा नहीं हो रहा है।

अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष और सेनेगल के राष्ट्रपति मैकी सैल ने पिछले सप्ताह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए एक तत्काल यात्रा की थी, ताकि मालवाहक जहाजों द्वारा यूक्रेन से लगभग 20 मिलियन टन गेहूं प्राप्त किया जा सके। लेकिन भूख को कम करने के लिए उन्हें बिना किसी ठोस कार्रवाई के वापस आना पड़ा। दुनिया के सबसे बड़े गेहूं निर्यातक रूस ने पश्चिम से यूक्रेन में इसकी सैन्य कार्रवाई के जवाब में लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने का आग्रह किया है ताकि अनाज वैश्विक बाजारों में निर्बाध रूप से पहुंच सके।

#### यूक्रेन का गेहूं चुरा रहे पुतिन?

वहीं अमेरिका पुतिन पर यूक्रेन का गेहूं चुराने और सूखे से त्रस्त अफ्रीकी देशों को सस्ते में बेचने के लिए कठोर वित्तीय प्रतिबंधों का उल्लंघन करने का आरोप लगा रहा है। पुतिन दूसरी तरफ तैयार खरीदार ढूंढ रहे हैं क्योंकि इस साल गेहूं की कीमतों में 60 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है और पीड़ित देश रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते गेहूं की डिलीवरी ले नहीं सकते हैं क्योंकि रास्ते ब्लॉक हैं। रूस-यूक्रेन मिलकर आम तौर पर वैश्विक गेहूं निर्यात का लगभग एक तिहाई प्रदान करते हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, अफ्रीकी देशों ने 2018 और 2020 के बीच रूस और यूक्रेन से अपने गेहूं का 44 प्रतिशत आयात किया। अफ्रीकी विकास बैंक के अनुसार, आपूर्ति में व्यवधान के परिणामस्वरूप गेहूं की कीमतें लगभग 45 प्रतिशत बढ़ गई हैं।

#### 'खेत के जानवर पहले से ही भूख से मर रहे हैं'

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने अप्रैल में पुतिन से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी। उन्होंने अफ्रीका के गरीबी से त्रस्त साहेल क्षेत्र की यात्रा के बाद कहा, गंभीर तीव्र कुपोषण बढ़ रहा है। यह एक ऐसी बर्बाद करने वाली बीमारी है जो इलाज न होने पर जान ले सकती है और यह लगातार बढ़ रही है। खेत के जानवर पहले से ही भूख से मर रहे हैं। उन्होंने कहा, नेताओं ने मुझे बताया कि यूक्रेन में युद्ध के कारण, अन्य संकटों के अलावा, उन्हें डर है कि यह खतरनाक स्थिति तबाही का कारण बन सकती है।

#### भुखमरी से लड़ रहे देशों की मदद करेगा भारत

पिछले महीने बैठकों में दुनिया के सात सबसे अमीर देशों (जी 7) की प्रतिक्रिया ज्यादातर निराशाजनक थी क्योंकि उनका ध्यान पुतिन को दोष देने पर था, वो भी तब जब अफ्रीका में व्यापक रूप से भुखमरी से मौतें हो रही हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूखमरी से लड़ रहे देशों के अनुरोध पर गेहूं के आपातकालीन शिपमेंट की आपूर्ति करने का वादा किया है। भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक है, लेकिन अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) ने बताया कि 2020-21 में कुल वैश्विक गेहूं निर्यात में भारत का योगदान केवल 4.1 प्रतिशत था। दुनिया के सबसे बड़े गेहूं निर्यातक रूस, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, अर्जेंटीना, यूक्रेन, भारत और कजाकिस्तान हैं। लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगी मानवीय सहायता के रूप में गेहूं की बड़ी आपूर्ति को अनब्लॉक करने में धीमी गति से कदम उठा रहे हैं।

#### यूक्रेन की मदद में जुटा जी 7, भुखमरी पर ध्यान नहीं?

इससे भी बदतर यह है कि यूक्रेन की मदद करने के चलते जी 7 भी मानवीय सहायता के लिए किए गए अपने वादों पर खरा नहीं उतर रहा है।

दरअसल रूस से लड़ने के लिए जी 7 देश यूक्रेन को भारी हथियार सहित आर्थिक सहायता भी दे रहे हैं। जिसके चलते जी7 देश मानवीय सहायता के लिए केवल 2.6 बिलियन अमरीकी डालर खर्च कर रहे हैं, जो कि 2021 में अकाल को समाप्त करने के लिए 8.5 बिलियन अमरीकी डालर के वादे से काफी कम है। मोदी के प्रशासन द्वारा प्रचारित बेहतर नीतियों और मुक्त बाजारों के कारण पिछले एक दशक के दौरान भारतीय कृषि उत्पादकता में भारी वृद्धि हुई है। देश ने 2021-22 में 109.6 मीट्रिक टन गेहूं का उत्पादन किया, जिसमें से 8.2 मीट्रिक टन का निर्यात किया गया, जो 2020-21 में 2.6 मीट्रिक टन निर्यात से अधिक था। सुधारों से पहले, निर्यात के लिए कोई खाद्यान्न नहीं बचता था क्योंकि भारत की 1.3 बिलियन आबादी के लिए गेहूं और चावल मुख्य आधार हैं। कमी और बढ़ती कीमतें संघीय और राज्य दोनों चुनावों में सरकारों को नीचे ला सकती हैं। लोकप्रिय अशांति के डर से, दिल्ली ने हाल के महीनों में जानलेवा अत्यधिक गर्मी के कारण खराब फसल से उपजे कीमतों के दबाव का हवाला देते हुए गेहूं के निर्यात को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। हालांकि, अन्य देशों में भूख को कम करने के लिए आपातकालीन शिपमेंट के लिए भारत ने इजाजत दी हुई है।

संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि केवल दो वर्षों में, गंभीर रूप से खाद्य असुरक्षित लोगों की संख्या कोविड-19 महामारी और यूक्रेन में रूस के युद्ध से पहले 135 मिलियन से दोगुनी होकर 276 मिलियन हो गई है। लगभग 21 मिलियन बच्चे भुखमरी से एक कदम दूर हैं और लगभग 811 मिलियन प्रत्येक रात भूखे सो जाते हैं क्योंकि उन्हें पर्याप्त भोजन नहीं मिलता है। यह अपमानजनक है क्योंकि दुनिया में हर किसी का पेट भरने के लिए पर्याप्त मात्रा में भोजन का उत्पादन होता है। व्याप्त असमानताओं का एक और चौंकाने वाला प्रतीक है छोटे किसान, चरवाहे और मछुआरे जो वैश्विक खाद्य आपूर्ति का लगभग 70 प्रतिशत उत्पादन करते हैं, फिर भी उनमें और अन्य ग्रामीण आबादी में गरीबी और भूख सबसे तीव्र है।

### जॉनसन अविश्वास प्रस्ताव का करेंगे सामना

लंदन। ब्रिटेन के प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन सोमवार शाम को अविश्वास प्रस्ताव का सामना करेंगे। सांसद सर ग्राहम ब्रैडी ने यह जानकारी दी। समाचार पत्र द इंडिपेंडेंट ने 1922 समिति के हवाले से कहा, कंजर्वेटिव पार्टी के नेता को मत हासिल करने के लिए संसदीय दल की 15 प्रतिशत पार्टियों के सीमा को पार कर गया है। उन्होंने आगे आगे कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान स्थानीय समय के अनुसार शाम छह बजे से आठ बजे के बीच होगा तथा मतपत्रों की गिनती मतदान के तुरंत बाद होगी और इसके परिणामों की घोषणा बाद में की जायेगी। द इंडिपेंडेंट के अनुसार, प्रधानमंत्री के लॉकडाउन के दौरान डाउनिंग स्ट्रीट पार्टी के खुलासे के बाद कई सांसदों ने उनसे प्रधानमत्री की पद से इस्तीफा देने को कहा था, जिसके बाद यह अविश्वास प्रस्ताव आया है। इस बीच पूर्व मंत्री जेसी नॉर्मन ने कड़े शब्दों में एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने पार्टी में 'मिशन की भावना की कमी' और सू ग्रे रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि वह प्रधानमंत्री से अपना समर्थन वापस ले रहे हैं।

### तालिबान शासन ने की पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणी की निंदा

काबुल/नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निष्कासित प्रवक्ता के पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी की निन्दा करने वाले इस्लामिक देशों में अब तालिबान शासन भी शामिल हो गया है। कथित बयान को लेकर मुस्लिम जगत में तूफान खड़ा हो गया है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक बयान जारी कर कहा कि इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान भारत में सत्तारूढ़ दल के एक नेता द्वारा इस्लाम के पैगंबर के खिलाफ अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि हम भारत सरकार से आग्रह करते हैं कि इस तरह के कट्टरपंथियों को इस्लाम के पवित्र धर्म का अपमान करने और मुसलमानों की भावनाओं को भड़काने की इजाजत न दें। यह बयान ऐसे समय में आया है जब कुछ दिन पहले ही काबुल सरकार से संबंध बहाल करने के उदेश्य से संयुक्त सचिव जेपी सिंह के नेतृत्व में विदेश मंत्रालय के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने वहां का दौरा किया और विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी से मुलाकात की थी। भारत अफगानिस्तान के लोगों को गेहूं, दवाएं और कोविड के टीके उपलब्ध करा रहा है। इस दल ने वहां भारत द्वारा चलायी जा रही विकास परियोजनाओं का भी निरीक्षण किया।

### कैलिफोर्निया के रॉक बैंड बॉन जोवी के संस्थापक सदस्य एलेक जॉन सुच का निधन

लॉस एंजेल्स। अमेरिका के दिग्गज रॉक बैंड बॉन जोवी के संस्थापक सदस्य, पूर्व बेसिस्ट (बास वादक) एलेक जॉन सुच का निधन हो गया है। वह 70 साल के थे। जॉन बॉन जोवी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। बैंड समूह ने सोमवार को एक ट्वीट किया, हम अपने प्रिय मित्र एलेक जॉन सच के निधन की खबर सुनकर दुखी हैं। वह एक सच्चे इंसान थे। वह बैंड 'बॉन जोवी' के संस्थापक थे। बॉन जोवी का गठन साल 1983 में हुआ था और उन्हें 2018 में रॉक एंड रोल हॉल ऑफ फेम शामिल किया गया था।

### यूक्रेन युद्ध कोयले के इस्तेमाल की अवधि बढ़ाने का बहाना नहीं हो सकता: केरी

वाशिंगटन। जलवायु परिवर्तन पर अमेरिकी दूत जॉन केरी ने चेतावनी दी है कि यूक्रेन युद्ध को कोयले पर वैश्विक निर्भरता को बढ़ाने के बहाने के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। बीबीसी ने कहा कि श्री केरी ने कॉप 26 पर्यावरण सम्मेलन में हुए समझौते के अनुरुप कार्य ना करते हुए बड़े देशों की अलोचना की है। पर्यावरण प्रतिनिधि सोमवार को बॉन में बैठक के लिए मिल रहे हैं। केरी ने कहा कि अगर युद्ध के जवाब में देश कोयले पर निर्भरता बढ़ाते हैं तो 'हमारा हाल बुरा है।' बीबीसी के अनुसार पिछले नवंबर में ग्लासगो में दिखाई गई नाजुक एकता का बॉन में परीक्षण किए जाने की संभावना है क्योंकि देश यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और जीवन संकट की चुनौतियों से निपट रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# साड़ी की है बात निराली

छह गज का बिना सिला कपड़ा बुनकरों और डिजाइनरों के लिए एक कैनवास की तरह होता है। साड़ी केवल एक परिधान नहीं है, बल्कि यह एक पूरा ताना-बाना है। यानी एक ऐसा धागा जो अनेक सपनों का साक्षी है। जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। सदियों से अपने रूप, डिजाइन और कढ़ाई के लिए प्रसिद्ध साड़ी के स्वरूप में भी आज के समय में परिवर्तन आ गया है। बदलती जीवनशैली और आधुनिकता ने अन्य चीजों की तरह इसके स्वरूप पर भी असर डाला है। भारी-भरकम कांजीवरम और बनारसी की जगह हल्की डिजाइनर साड़ियों ने ले ली है। पहले हर समारोह में जहां जरी के काम वाली भारी साड़ी पहनना अनिवार्य ही नहीं शुभ भी माना जाता था, वहीं आज दादी-नानी की उस धरोहर ने अपनी जगह अलग एक संदूक में बना ली है तो दूसरी ओर सिंथेटिक साड़ियां अलमारियों में पहुंच गई हैं। यहां तक कि कल की महिलाएं जो अपनी कांजीवरम की साड़ियों में अपनी खूबसूरती को निहारती थी, अब वे भी सिक्केस वर्क की जार्जेट, शिफॉन साड़ी पहनने लगी हैं। एक जमाना था जब हर स्त्री के पास कांजीवरम्, बनारसी, जामावार और पैठनी की साड़ियां अवश्य हुआ करती थीं। आज ब्लाउज के फैशन में जो बदलाव आया है, उसने साड़ी को वेस्टर्न टच में बदलने को उकसाया है। सबसे ज्यादा बदलाव कढ़ाई व डिजाइन में आया है। पहले भारी कढ़ाई की साड़ियों पर ज्यादातर जरी का काम किया जाता था पर अब जरी की जगह सिक्केस, क्रिस्टल व बीड्स ने ले ली है। यही वजह है कि आज साड़ियां पांच सौ से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक में उपलब्ध हैं।

## कांफिडेंस और लुक

आप जब घर से निकलती हैं, तो क्या अपने लुक को लेकर काफी कांसस रहती हैं। ऐसे में आप चाहें तो अपने ड्रेसकोड में थोड़ा सा परिवर्तन कर अपने दोस्तों में कांफिडेंस के साथ इंज्वाय कर सकती हैं। आप अपने ड्रेस डिजाइन को परिवर्तित कर अपने को आकर्षक और ग्लैमरस बना सकती हैं। इसके लिए आपको वेस्टन ड्रेस का भी सहारा लेने की कोई जरूरत नहीं है, आप भारतीय ड्रेस से ही अपने को आकर्षक बना सकती हैं। इसके लिए आप इंडियन आर्ट, अच्छे कट्स और फिटिंग वाले कपड़े का सहारा ले सकती हैं। इसके अलावा आप ब्राइट फ्रेश टोन अजमा सकती हैं। इसके साथ ही आप अपने कपड़ों को नये लुक के अलावा इनके रंगों पर भी ध्यान दें, जिनमें आप ब्लैक, ग्रे, व्हाइट के साथ थोड़ा-सा सिल्वर कलर का यूज करें तो बेहतर होगा। ये कभी फैशन सर्किट से बाहर नहीं होते। यदि आप डेनिम जींस पहनने की शौकीन हैं, तो इसे नीचे से थोड़ा मोड़ दें। साथ में ऐसे जूते पहनें, जो सभी तरह के मौसम के लिए उपयुक्त हों।





# प्रैग्नेंसी में रखें खुद का ख्याल

**प्रैग्नेंसी में नन्हें मेहमान के आने की जितनी ज्यादा खुशी होती हैं, उससे भी ज्यादा इस बात का फिक्र सताता है कि आने वाला बच्चा हैल्दी हो। इस लिए मां का खास ख्याल रखा जाता है क्योंकि उसी से बच्चे को पूरा पोषण मिलता है।**

अगर मां में ही पोषक तत्वों की कमी होगी तो भविष्य में इसका असर बच्चे पर भी पड़ेगा। कैल्शियम, आयरन, विटामिन, खनिज पदार्थ, फाइबर, पोटाशियम आदि से भरपूर आहारों का सेवन गर्भावस्था में बहुत जरूरी है। इसी से बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास होगा और बीमारियों से भी उसका बचाव रहेगा। शरीर में इस समय हॉर्मोंस का परिवर्तन होने से मां का मूड बदलना स्वभाविक है। इससे उसे बहुत सी परेशानियों से भी गुजरना पड़ता है। ऐसे में प्रेग्नेंसी का समय एंज्वाय करने के लिए कुछ बातों का खास ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

### ऐसे करें स्किन केयर

गर्भावस्था में पेट और स्तन का आकार बढ़ने से स्किन पर खिंचाव के निशान पड़ जाते हैं। जिससे स्किन पर धारियां और गहरे भूरे रंग की लकीरे पड़ने का डर रहता है। इसके लिए अपनी मर्जी से दवाइयों खाने की गलती न करें। खास तरीकों से ही अपनी स्किन की केयर करें।

- प्रेग्नेंसी में त्वचा खुष्क होने लगती है इसलिए नहाने से पहले सरसो या फिर जैतून के तेल से शरीर की मसाज करें। मसाज हमेशा हल्के हाथों से करें। इससे त्वचा में नमी बरकरार रहेगी और त्वचा पर पड़े दाग-धब्बे भी दूर हो जाएंगे।
- पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना बहुत जरूरी है। इससे स्किन और सेहत दोनों अच्छी रहेंगी
- स्ट्रेच मॉस्क पर दवाइयां लगाने की बजाए नारियल का तेल लगाएं। इससे किसी तरह की एलर्जी भी नहीं होगी और दाग के निशान भी गायब हो जाएंगे।

### कपड़े पहने स्टाइलिश

गर्भावस्था के समय मां जितना खुश रहेगी बच्चा भी उतना ही हैल्दी रहेगा। गर्भवती महिला का स्मार्ट बनकर रहना बहुत जरूरी होता है। ड्रैसिंग स्टाइल भी आपकी खुशी को व्यक्त करने का काम करता है। इस समय टाइट कपड़े पहनने से परहेज करें। इससे बच्चे की ग्रोथ होने में आसानी होगी।

- स्टाइलिश मैक्सी ड्रैस पहनने में आरामदायक होती हैं।
- डार्क रंग के कपड़ें इस समय मन को खुशी देते हैं।
- फ्लोरल या फिर कॉर्टून प्रिंट के आउटफिट्स बहुत अच्छे लगते हैं।

### सेहत के रखें ख्याल

संतुलित आहार खाना इस समय बहुत महत्वपूर्ण होता है। फल, सब्जियां, दूध, सूप आदि समय-समय खाना बहुत जरूरी है। एक बार खाने की बजाए 2-3 घंटे में कुछ न कुछ खाना चाहिए।

- रोटी,ब्रेड,चावल,साबुत अनाज को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। इन चीजों से आपको प्रोटीन मिलता है। इस समय प्रोटीन का सेवन बहुत जरूरी होता है।
- दूध,पनीर,अंडे,छाछ को भी आहार में शामिल करें। दूध से एलर्जी है तो छोले, राजमा, जई, बादाम, सोया दूध और सोयाबीन पनीर का भी खा सकते हैं।
- फलों का जूस पीने से साथ-साथ फल चबाकर खाने से ज्यादा फायदा मिलता है। यह शरीर में ऊर्जा का स्तर बनाए रख सकते हैं।



# लड़का चाहिए खुद से सुपीरियर

**लड़के अगर कुछ फैक्टर्स के बल पर लड़कियों को पसंद करते हैं, तो इस मामले में लड़कियां भी कोई कम नहीं हैं। लड़कों को पसंद करने के उनके अपने कायदे हैं और वे खुद से बेटर पोजिशन वाले को जल्दी पसंद कर लेती हैं। इसके लिए वे कुछ ऐसी बातों तक को इग्नोर कर देती हैं, जिनसे समझौता आमतौर पर मुश्किल होता है।**

मशहूर दार्शनिक फ्रायड ने कहा था कि उन्हें इस बात का जवाब कभी नहीं मिला कि एक औरत अपनी जिंदगी से क्या चाहती है। कुछ ऐसी ही उधेड़बुन से आपको आज की ज्यादातर महिलाएं भी जूझती दिख जाएंगी। बेशक, इस कन्फ्यूजन के केंद्र में शादी और उससे जुड़े सवाल ही अहम रहते हैं। ऐसे में यह सोचना कि महिलाएं फाइनैंशियल तौर पर पुरुषों पर निर्भर नहीं होना चाहतीं, पूरी तरह से सच नहीं है। आज की महिलाएं भी बेहतर कैरियर से ज्यादा खुशहाल परिवार का सपना देखती हैं। हालांकि, इस बात को खुले तौर पर मानने में उन्हें थोड़ी हिचक होती है। जी हां, तमाम स्टडी से यह बात साबित हुई है। अक्सर देखा भी गया है कि लड़कियां बॉयफ्रेंड को शादी के लिए मना कर देती हैं। उनका कहना होता है कि वे अपने कैरियर में आगे बढ़ना चाहती हैं और अभी सेटल होने के बारे में नहीं सोच रही हैं। लेकिन, हायर डिग्री वाले या फिर हाई इनकम वाले वेल-सेटल्ड लड़के के साथ उनका रवैया ऐसा नहीं रहता। ऐसे पुरुष के साथ शादी के प्रपोजल को वे झट मान जाती हैं। इसी तरह की एक रिसर्च से जुड़ीं लंदन स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स की रिसर्चर कैथरिन हाकिम बताती हैं, 'दुनिया भर में विमिन इम्पॉवरमेंट की बातें लगभग 40 साल से चल रही हैं। ऐसे में बस हाउसवाइफ बनने की बात को महिलाएं स्वीकार नहीं पातीं। अगर यह बात उनके मन में होगी, तो भी वे दकियानूसी कहलाए जाने के डर से यह बात नहीं कहेंगी। हालांकि, हमारे आसपास ऐसी तमाम महिलाएं हैं, जो फाइनैंशल मैटर्स के लिए अपने पार्टनर पर डिपेंड रहना चाहती हैं।' गौर करने वाली बात यह है कि उम्र ज्यादा होने पर भी महिलाएं ऐसे साथी के सपने संजोए रहती हैं, जो हर लिहाज से उनसे आगे हो। रिसर्च के दौरान देखा गया कि कई यूरोपियन देशों की उम्रदराज महिलाएं भी शादी के लिए तभी तैयार हुईं, जब उन्हें अपने से ज्यादा धनवान और पढ़े-लिखे पुरुष मिले। ब्रिटेन में लगभग 50 साल पहले हुई एक रिसर्च में 20 फीसदी महिलाएं अपने से ज्यादा पढ़े-लिखे पुरुष से शादी करना चाहती थीं, वहीं पिछले दशक में ये आंकड़े 38 फीसदी तक पहुंच चुके हैं। यही पैटर्न पूरे यूरोप, यूएस और ऑस्ट्रेलिया में भी नोट किया गया। जाहिर है, तेजी से वेस्टर्न कल्चर में ढल रहीं इंडियन मेट्रोज की महिलाएं भी इस राह पर हैं।

### सोच का रहता है असर

हालांकि इस रिसर्च को लेकर महिलाओं की राय अलग-अलग है। जहां, कुछ इससे सहमत नजर आती हैं, वहीं कुछ को इसमें दम नजर नहीं आता। एक एचआर फर्म में बतौर हेड काम कर चुकीं श्रुति सिंह कहती हैं। 'मैंने लव मैरिज की और हाल में अपनी जॉब से रिजाइन दिया है। दरअसल, मेरे पति को पांच साल के लिए लंदन की एक आईटी कंपनी में जॉब मिली है और मैं उनके साथ जाना चाहती हूं। मेरा फैसला इमोशंस और जिम्मेदारी से लिया गया है। इसमें उनके पैकेज की बात कहीं नहीं है। फिर वहां जाने पर भी मैं पढ़ाई या जॉब कर सकती हूं।' वैसे, बैंक प्रोफेशनल निहारिका जोशी ऐसे मैच को बेस्ट ऑप्शन मानती हैं। उनका कहना है, 'जिंदगी में घर और ऑफिस की दुधारी तलवार पर लटकने से क्या मिलेगा? आपको घर की जिम्मेदारी तो निभानी ही होगी, तो अच्छा है कि ज्यादा पैकेज वाले पुरुष से शादी की जाए। इस तरह न तो बॉस की धौंस सहनी पड़ेगी और एक स्टैंडर्ड के घर का आराम भी मिलेगा।' इस बात का एक और पहलू मीडिया प्रोफेशनल गौरी कपूर सामने रखती हैं। वह कहती हैं, 'हर सफल पुरुष ऐसी बीवी चाहता है, जो अपने लेवल पर सफल हो। इसलिए महिलाओं से जुड़ी इस रिसर्च में मुझे खास दम नहीं लग रहा है।' गुड़गांव की एक फूड बेवरेज फर्म में काम करने वाले गौरव कपूर की बात से यंग जेनरेशन की अप्रोच एकदम क्लीयर हो जाती है। बकौल गौरव, 'मैंने अपनी गर्लफ्रेंड से साफ कह दिया है कि जब तक मैं सीनियर मैनेजर की पोस्ट पर नहीं आ जाता, सेटल होने का सवाल ही नहीं उठता है। इससे उसे भी कोई ऐतराज नहीं है, क्योंकि उसकी फैमिली को भी तो ऊंची पोस्ट का दामाद पसंद आएगा।' उनका कहना है कि हाई सोसाइटी की तमाम महिलाएं अपने पार्टनर के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर तक को इसी वजह से इग्नोर कर देती हैं।



# ....अब तो बदल जाओ

कालांतर से वर्तमान तक मानों आरोप-प्रत्यारोप ही इसकी जीवनी हो। सबने इसके आचरण पर दाग लगाए, यहां तो एक सामान्य स्त्री क्या सीता को भी नहीं बख्शा गया। वाह रे दुनिया! इसकी नियति में क्या है, यह एक प्रश्न ही रहेगा? इसने सबको इज्जत दिया, सम्मान दिया और बदले में इसे मिला क्या सिर्फ और सिर्फ बदनामी, अपमान, द्वेष, ईर्ष्या। आखिर ऐसा इसी के साथ ही क्यों? अपवाद को छोड़ दिया जाए, तो असल जिंदगी में लोग बेस्ट हाफ बनाना तो चाहते हैं पर बनना नहीं चाहते। चाहे लव मैरिज हो या अरेंज मैरिज। अरेंज मैरिज में लड़की अपने ससुराल वालों की शर्तों पर जिंदगी गुजारती होती है। बहू पढ़ी-लिखी और नौकरी वाली चाहिए, पर जिंदगी वह जीए ससुराल वालों के मुताबिक।





# काम को आसान बना देंगे ये स्मार्ट ट्रिक्स

**हाउस वाइफ ही नहीं बल्कि वर्किंग वुमन्स का भी किचन के साथ गहरा रिश्ता होता है। वैसे तो गृहणीयां खाना बनाने से लेकर किचन में हर में माहिर होती है लेकिन इसके बावजूद भी कई बार उन्हें काम करते समय कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण काम में देरी हो जाती है। किचन से जुड़ी छोटी-मोटी बातों के बारे में हर औरत को पता होना चाहिए, ताकि वो अपने काम को और भी आसान बना सके। आज हम आपको ऐसे ही कुछ टिप्स बताने जा रहें है, जिनकी मदद से आप अपने काम को और भी आसान बना सकते है। ये शानदार किचन ट्रिक्स आपका काम आसान करने के साथ-साथ खाने का स्वाद भी बढ़ जाएगा।**

- बादाम या टमाटर छिलने के लिए पहले उन्हें 5-10 मिनट तक पानी में उबाले। इससे इनके छिलके आसानी से निकल जाएंगे।
- प्याज को काटने और लहसुन को छिलने से पहले उसे 10 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। इससे प्याज काटते समय आंसू नहीं आएंगे और लहसुन के छिलके भी आराम से उतर जाएंगे।
- सूखे मेवे या ड्राईफ्रूट्स को काटने से पहले 1 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इससे यह सॉफ्ट हो जाएंगे और आप इन्हें आसानी से काट सकेंगी।
- मशरूम को कभी भी पानी से न धाएं। क्योंकि यह पानी को सोख लेते है और कपाते समय पानी छोड़ देते है, जिससे सब्जी का टेस्ट खराब हो जाता है। इसकी बजाए आप मशरूम को गीले कपड़े से साफ करें।
- अगर आप पनीर बना रही है तो उसमें थोड़ा-सा ऑयल लगा दें। इससे यह बर्तन के साथ चिपकेंगे नहीं।
- शहद की शुद्धता पता लगाने के लिए उसकी कुछ बूंदें कांच की बोतल या गिलास में डालें। अगर शहद तले पर बैठ जाए तो शुद्ध है और अगर वो पानी में मिक्स हो जाए तो मिलावटी है।
- अगर आप बिरयानी या कोई ग्रेवी वाली डिश बना रही है तो उसमें दही डालने से पहले अच्छी तरह फेंट लें। इससे खाने का स्वाद बढ़ जाएगा। इसके अलावा सब्जियां उबालने के बाद इसके पानी को दाल बनाने में इस्तेमाल करें। इससे दाल का स्वाद दोगुना हो जाएगा।
- चावल पकाने से पहले उससे अच्छी तरह से धो लें। इससे चावल में मौजूद स्टार्च निकाल जाएगा और चावल पकने के बाद चिपचिपा नहीं होगा। इसके अलावा चावल की खीर बनाते समय बर्तन में पहले थोड़ा-सा पानी डाल दें। इससे दूध बर्तन के तले पर नहीं चिपकेगा।
- फलों को काटने के बाद उसके उपर अच्छी तरह से नींबू छिड़ककर फ्रिज में स्टोर करें। इससे फल पूरा दिन ताजे रहेंगे और इनका रंग भी खराब नहीं होगा।

# अगर आप भी अभी नया-नया रिश्ता बना रहे है...

जब कोई लड़का या लड़की नए-नए रिलेशन में पड़ते है तो वह हर वक्त एक-दूसरे से बातें करने का बहाना ढूंढते रहते है। हर वक्त मैसेज के जरिए एक-दूसरे से बातें करने लगते है लेकिन नए रिश्ते में लड़की को अधिक मैसेज करने से आपका बना हुआ रिश्ता टूट भी सकता है क्योंकि कोई भी लड़की शुरूआत में अपनी लाइफ में किसी दूसरे की दखलअंदाजी पसंद नहीं करती। इसलिए ऐसे में लड़कों को थोड़ा सावधानी बरत कर लड़की को मैसेज करने चाहिए।

### अधिक मैसेज न करें

पहली डेट के बाद लड़की के साथ बातचीत बढ़ाना अच्छी बात है लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उसके बार-बार मैसेज करके टंग करते रहे। अधिक मैसेज करने से भी रिश्ता जुड़ने से पहले ही टूट सकता है। इसलिए मैसेज करने पहले इस बात का खास ध्यान रखें।

### देर रात मैसेज न करें

दिन के समय मैसेज करके थोड़ी-बहुत बात करना तो ठीक है लेकिन देर रात तक लड़की को कभी मैसेज न करें। इससे लड़की नाराज भी हो सकती है और आपसे दूरिया भी बना सकती है।

### शराब पीने के बाद

नया रिश्ता जोड़ रहे है तो कोई भी गलती करने से पहले दस बार जरूर सोचें। इसके अलावा अगर आप ड्रिंक भी करते है तो शराब पीने के बाद लड़की को कभी मैसेज न करें क्योंकि ड्रिंक करने के बाद कोई भी अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाता और कोई न कोई गलती कर बैठता है।

### क्रोधित होने भी न करें मैसेज

कहते है कि गुस्सा बहुत बुरी चीज है। गुस्सा आने पर इंसान कोई होश नहीं रहता है कि वह किसे क्या बोल रहा है। इसलिए बेहतर होगा कि जब आप गुस्से में हो तो किसी लड़की को मैसेज न करें। क्योंकि उस वक्त आपको खुद नहीं पता होता है कि आप क्या बोल रहे है।

### मैसेज में सवाल-जवाब कम करें

पहली डेट के साथ अगर लड़की के साथ मैसेज पर बात कर भी रहे है तो उसके साथ ज्यादा सवाल न करें क्योंकि इससे उसे गुस्सा भी आ सकता है और वह आपसे चिड़ भी सकती है।

